दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
ग्वालियर ■ शुक्रवार 18 अप्रैल 2025 ■ वर्ष -26 ■ अंक-269 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹04

**सुविचार**

बुद्धि के सिवाय विचार-प्रचार का कोई दूसरा शस्त्र नहीं है, क्योंकि ज्ञान ही अन्याय को मिटा सकता है।
-शंकराचार्य

# देश 2026 तक होगा नक्सलवाद से मुक्त

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा-पीएम मोदी के मार्गदर्शन में रचेंगे इतिहास

- राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ जवानों ने वीरता का प्रदर्शन कर बलिदान दिया
- सीआरपीएफ में अब महिला कर्मियों की हो रही भर्ती, आयुष्मान और आवास का भी दे रहे लाभ
- केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री नीमच में सीआरपीएफ के स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल
- विशिष्ट सेवाओं के लिए सुरक्षा बल कर्मियों को किया पुरस्कृत

सत्ता सुधार ■ भोपाल

पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है। उनके मार्गदर्शन में 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलवाद से मुक्त होगा। इस प्रण को पूरा करने में सीआरपीएफ की अहम भूमिका होगी। यह बात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नीमच स्थित सीआरपीएफ के ग्रुप सेंटर में सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह के दौरान कही।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि सीआरपीएफ ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराए। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक

- देश की आंतरित सुरक्षा में सीआरपीएफ का अदम्य साहस और समर्पण सराहनीय
- सीआरपीएफ ने आतंकवाद और उग्रवाद विरोधी गतिविधियों में निभाई अहम भूमिका

जहां जरूरत होती है, सीआरपीएफ के जवान सदैव कर्तव्य पथ पर तत्पर रहते हैं। देश का जब भी स्वर्णिम इतिहास लिखा जाएगा, उसमें सीआरपीएफ के शहीदों के नाम स्वर्ण अक्षरों से लिखे जाएंगे।



समारोह के दौरान शाह ने देश की आंतरिक सुरक्षा में सीआरपीएफ के कर्मियों के अदम्य साहस और समर्पण की सराहना की। उन्होंने सीआरपीएफ की आतंकवाद और उग्रवाद विरोधी गतिविधियों, शांति स्थापना के कार्यों में निभाई गई भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि जहां सीआरपीएफ है, वहां चिंता करने की कोई बात नहीं। समारोह में सीएम डॉ. मोहन यादव, जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया, सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिह, सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर सहित जिले के तीनों विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### तीन लाख जवान संभाल रहे सुरक्षा

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि आज सीआरपीएफ के 3 लाख जवान देश में कानून-व्यवस्था और शांति स्थापित करने के लिए कार्य कर रहे हैं। देश की संसद पर आतंकी हमले और श्रीराम जन्मभूमि पर हमले जैसी मुश्किल समय में कई बार सीआरपीएफ जवानों ने वीरता का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सर्वस्व न्यौछावर करते हुए बलिदान दिया। शाह ने सीआरपीएफ के शहीद जवानों को नमन करते हुए कहा कि सीमा क्षेत्रों से लेकर अंदरूनी इलाकों तक देश की सुरक्षा में सीआरपीएफ के योगदान को कोई भुला नहीं सकता।

### सीआरपीएफ में महिलाएं भी

शाह ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा सीएपीएफ कर्मियों को आयुष्मान कार्ड और आवास योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सीआरपीएफ में अब महिलाओं की भी भर्ती हो रही है। उनके लिए भी आवास सुविधा विकसित की जा रही है। सीआरपीएफ को आधुनिक बनाए रखने के लिए केन्द्र की ओर से उत्कृष्ट सुविधा प्रदान की जा रही है। सीआरपीएफ को 2708 वीरता पदक प्राप्त हुए हैं, जो अद्भुत वीरता के परिचालक हैं।

### पदक वीरों का सम्मान

केन्द्रीय गृह मंत्री ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। परेड में सीआरपीएफ की 8 टुकड़ियों ने मार्च पास्ट किया। शाह ने कहा कि आज की परेड जवानों में नई ऊर्जा का संचार करेगी। इस अवसर पर वीरता पदकों के लिए चयनित जवानों को सम्मानित कर विशिष्ट सेवाओं के लिए सुरक्षा बल के जवानों को पुरस्कृत भी किया। शाह ने सीआरपीएफ परिसर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प-चक्र अर्पित कर वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## ब्रीफ न्यूज

### तमिलनाडु के मंत्री पर दर्ज करो एफआईआर

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया है कि राज्य के मंत्री पोनमुडी के खिलाफ महिलाओं और धार्मिक समुदायों के खिलाफ विवादित बयान देने के मामले में केस दर्ज किया जाए। कोर्ट ने सरकार को 23 अप्रैल तक का समय दिया है।

### बंगाल के 26 हजार शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** प. बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 26,000 बर्खास्त शिक्षकों को राहत दी है। जिन शिक्षकों की नियुक्ति रद्द हुई है, वे नई चयन प्रक्रिया पूरी होने तक पढ़ाना जारी रख सकते हैं।

### एक सप्ताह में हो जाएगी भाजपाध्यक्ष की घोषणा

**नई दिल्ली।** एक सप्ताह के भीतर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की घोषणा हो जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के नौ दावेदारे हैं। जिसमें शिवराज सिंह चौहान, सुनील बंसल, धर्मेंद्र प्रधान, रघुवर दास, स्मृति ईरानी, वानति श्रीनिवासन, तमिलिसाई सौंदर्यराजन, डी. पुरंदेश्वरी और विनोद तावड़े शामिल हैं।

### आप नेता दुर्गेश पाठक के घर सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली।** आप के पूर्व विधायक दुर्गेश पाठक के घर गुरुवार को सीबीआई ने छापेमारी की है। यह कार्रवाई विदेशी फंडिंग से जुड़े मामले को लेकर हो रही है। सीबीआई ने फॉरेन कंट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। विदेशों में रहने वाले 155 लोगों ने 55 पासपोर्ट नंबरों का इस्तेमाल कर 404 बार में पार्टी को 1.02 करोड़ का डोनेशन दिया।


# जज सुपर संसद की तरह कर रहे काम

## अनुच्छेद 142 बना न्यूक्लियर मिसाइल, कोई संस्था संविधान से ऊपर नहीं

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बोले- अदालतें राष्ट्रपति को नहीं दे सकतीं आदेश

एजेंसी ■ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट की उस सलाह पर आपत्ति जताई, जिसमें उसने राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समय सीमा तय की थी। धनखड़ ने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उन्होंने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 के तहत कोर्ट को मिला विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ 24×7 उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। जज सुपर पार्लियामेंट की तरह काम कर रहे हैं। राज्यसभा के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारे पास ऐसे न्यायाधीश हैं जो कानून बनाएंगे, जो कार्यकारी कार्य करेंगे, जो सुपर संसद के रूप में भी कार्य करेंगे। उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी, क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता है। लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार सबसे अहम होती है और सभी संस्थाओं को अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए। कोई भी संस्था संविधान से ऊपर नहीं है।



### मेरी चिंताएं बहुत ज्यादा

धनखड़ ने कहा कि उनकी चिंताएं बहुत उच्च स्तर पर हैं और उन्होंने अपने जीवन में कभी नहीं सोचा था कि उन्हें ये भी देखना पड़ेगा। उन्होंने हा कि भारत के राष्ट्रपति का पद बहुत ऊंचा है। राष्ट्रपति संविधान की रक्षा, संरक्षण और बचाव की शपथ लेते हैं। जबकि मंत्री, उपराष्ट्रपति, सांसद और न्यायाधीश समेत अन्य लोग संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं।

### एफआईआर क्यों नहीं हुई

जस्टिस वर्मा के घर अधजली नकदी मिलने के मामले में अब तक एफआईआरे क्यों नहीं हुई। क्या कुछ लोग कानून से ऊपर हैं। इस केस की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने तीन जजों की इन-हाउस कमेटी बनाई है। इसका कोई संवैधानिक आधार नहीं है। कमेटी सिर्फ सिफारिश दे सकती है, लेकिन कार्रवाई का अधिकार संसद के पास है।

# वक्फ कानून... नई नियुक्तियों पर सुप्रीम रोक

- कोर्ट ने केंद्र को दिया सात दिन का समय
- अब 5 मुख्य आपत्तियों पर होगी सुनवाई

एजेंसी ■ नई दिल्ली

वक्फ संशोधन कानून पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में दूसरे दिन एक घंटे सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार को कानून पर जवाब देने के लिए 7 दिन का समय दिया है। केंद्र सरकार के जवाब के बाद याचिकाकर्ताओं को 5 दिन में जवाब देना होगा। अगली सुनवाई 5 मई को दोपहर 2 बजे होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून के खिलाफ दायर 70 याचिकाओं की जगह सिर्फ 5 याचिकाएं ही दायर की जाएं। उन्हीं पर सुनवाई होगी। तब तक सरकार को तीन निर्देश मानने होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 110 से 120 फाइलें पढ़ना संभव नहीं हैं। ऐसे में ऐसे 5 पॉइंट तय करने होंगे। सिर्फ 5 मुख्य आपत्तियों पर ही सुनवाई होगी। सभी याचिकाकर्ता मुख्य बिंदुओं पर सहमति बनाएं। नोडल काउंसिल के जरिए इन आपत्तियों को तय करें। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच इस मामले पर सुनवाई कर रही है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता पैरवी कर




रहे हैं। वहीं कानून के खिलाफ कपिल सिब्बल, राजीव धवन, अभिषेक मनु सिंघवी, सीयू सिंह दलीलें रखीं।

### याचिका में तीन बड़ी बातें...

- कानून संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 25 , 26, 29 (अल्पसंख्यक अधिकार), और 300 ए (संपत्ति का अधिकार) का उल्लंघन करता है।
- वक्फ बोर्ड में गैर-मुसलमानों को शामिल करना और डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर को वक्फ संपत्ति का फैसला करने का अधिकार देना सरकारी हस्तक्षेप को बढ़ाता है।
- यह कानून मुस्लिम समुदाय के साथ भेदभाव करता है, क्योंकि अन्य धार्मिक ट्रस्टों पर समान प्रतिबंध नहीं हैं।

### अगली सुनवाई 5 मई

**सीजेआई संजीव खन्ना:** सुनवाई के दौरान एसजी मेहता ने कहा कि प्रतिवादी 7 दिनों के भीतर एक संक्षिप्त जवाब दाखिल करना चाहते हैं और आश्वासन दिया कि अगली तारीख तक 2025 अधिनियम के तहत बोर्ड और परिषदों में कोई नियुक्ति नहीं होगी।

**एसजी मेहता:** आपके द्वारा लिए गए किसी निर्णय के परिणाम का आकलन करने के लिए भी आपको कुछ दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। मुझे रिकॉर्ड पर सामग्री रखने की अनुमति दें। एक सप्ताह के भीतर कुछ भी नहीं बदल सकता।

**सीजेआई:** बोर्ड या काउंसिल की नियुक्ति नहीं हो सकती। और अगर 1995 के अधिनियम के तहत पंजीकरण हुआ है तो उन संपत्तियों को नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता। हम कह रहे हैं कि कार्यपालिका निर्णय लेती है और न्यायपालिका निर्णय लेती है।

# गुरुग्राम लैंड स्कैम केस में फिर रॉबर्ड वाड्रा से चार घंटे पूछताछ

### बोले-ये राजनीतिक प्रतिशोध, एजेंसियों का हो रहा दुरुपयोग

**चंडीगढ़।** गुरुग्राम लैंड स्कैम केस में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा से ईडी ने गुरुवार को लगातार तीसरे दिन 4 घंटे पूछताछ की। वाड्रा से 3 दिन करीब 15 घंटे तक पूछताछ हुई। बाहर निकलने के बाद वाड्रा ने कहा- मैं निडर हूं, खुद बता रहा हूं। मैं यदि भाजपा में जाता हूं तो सारी कार्रवाई खत्म हो जाएगी।



इनके वॉश रूम में साफ हो जाता है सब कुछ। मैं 2019 में भी इसी मामले में ईडी के सवालों के जवाब दे चुका हूं। 15 बार जा चुका हूं, 10-10 घंटे मैंने सवालों के जवाब दिए हैं। वही सवाल इस बार भी पूछे जा रहे हैं। कोई नए सवाल हैं नहीं। हर चीज क्लियर है, सारे जवाब दिए जा रहे हैं। देखिए, अगर कल पब्लिक हॉलिडे नहीं होता है, तो मेरा जो जन्मदिन है, वह मैं ईडी के ऑफिस में ही सेलिब्रेट कर रहा होता।

# नया रिकॉर्ड! सोना पहली बार 95 हजार तोला

## शादी के सीजन से बढ़ी मांग, अमेरिका और चीन टैरिफ वॉर का भी असर

### अब तक 18,748 रुपए महंगा हो चुका सोना

**नई दिल्ली।** सोने के दाम ने गुरुवार को नया ऑल टाइम हाई बनाया। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 331 बढ़कर 94,910 रुपए पर बंद हुआ। हालांकि सोना 95,207 पर ओपन हुआ था। इससे पहले बुधवार को 10 ग्राम सोने की कीमत 94,579 रुपए थी। वहीं चांदी की कीमत में गिरावट रही। एक किलो चांदी की कीमत 1,424 गिरकर 95,151 प्रति किलो हो गई है। दरअसल, अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी के कारण ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है।



शादियों का सीजन चल रहा है। ऐसे में सोने के गहनों की मांग बढ़ रही है। जनवरी-2025 से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 18,748 रुपए बढ़कर 95,207 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 9,134 रुपए बढ़कर 95,151 रुपए पर पहुंच गया है।

### भोपाल में सोना 97,360 रुपए

**दिल्ली:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,350 और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97,460 रुपए।
**मुंबई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,200 और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97,310 रुपए।
**कोलकाता:** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 89,200 और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 97,310 रुपए।
**चेन्नई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,200 और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97,310 रुपए।
**भोपाल:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,250 और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97,360 रुपए।

# थ्री लैंग्वेज पॉलिसी लागू करने वाला पहला राज्य महाराष्ट्र

**मुंबई।** महाराष्ट्र थ्री लेंग्वेज पॉलिसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। अब यहां 1 से 5वीं क्लास तक के बच्चों के लिए हिंदी पढ़ना जरूरी कर दिया गया है। ये फैसला राज्य के सभी मराठी और अंग्रेजी मीडियम स्कूलों पर लागू होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के नए करिकुलम को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र में तीन भाषा की पॉलिसी लागू की गई है। राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग ने ये घोषणा की। एजुकेशन डिपार्टमेंट ने कहा कि स्कूल एजुकेशन को लेकर एनईपी-2020 के सुझावों को कई चरणों में लागू करने की योजना है। इसी के साथ जो स्कूल मराठी और अंग्रेजी से अलग कोई मीडियम फॉलो कर रहे हैं वो पहले से ही थ्री लैंग्वेज पॉलिसी फॉलो कर रहे हैं।

**5वीं तक अब मराठी-इंग्लिश के अलावा हिंदी पढ़ना जरूरी**

**पलटवार** | पाकिस्तानी सेना प्रमुख के बयान पर भड़का भारत, कहा- कश्मीर भारत का अभिन्न अंग

# भारत की दो टूक-पाक को खाली करना पड़ेगा पीओके

एजेंसी ■ नई दिल्ली

पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के कश्मीर को लेकर दिए गए बयान पर भारत के विदेश मंत्रालय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और उसे पाकिस्तान के किसी भी अवैध कब्जे से मुक्त कराना है। असीम मुनीर ने कश्मीर को जुगुलर वेन बताया था। जुगुलर वेन शरीर में नसों का एक नेटवर्क होता है जो ब्लड सर्कुलेशन को दिमाग से दिल तक पहुंचाने का



काम करता है, और इसी तरह मुनीर ने पाकिस्तान और कश्मीर की तुलना करने की कोशिश की, लेकिन भारत ने सीधे जवाब में कहा कि कोई भी विदेशी चीज कैसे जुगुलर वेन हो सकती है।

### पाकिस्तान को सिर्फ कब्जे को छोड़ना है...

भारत ने पाकिस्तान को जवाब देते हुए कहा कि विदेशी चीज कैसे जुगुलर वेन में हो सकती है। यह भारत का एक केंद्र शासित प्रदेश है और पाकिस्तान के साथ इसका एकमात्र संबंध अवैध कब्जे के इलाकों को छोड़ना है। एमईए ने पाकिस्तान से अपने सभी अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों को छोड़ने की मांग की। भारत पहले भी संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तानी दावों को खारिज कर चुका है और अपने अधिकार क्षेत्र की बात को स्पष्ट तौर पर सामने रखा है।

### पाकिस्तान के सेना प्रमुख का पुराना राग

असीम मुनीर ने अपने बयान में भारत के विभाजन की टू-स्टेट की आधारशिला की चर्चा करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने महसूस किया कि हम हिंदुओं से जीवन के हर क्षेत्र में अलग हैं। हमारे धर्म, रीति-रिवाज, परम्पराएं, विचार, और महत्वाकांक्षाएं सब अलग हैं। यही विचार भारत के विभाजन का कारण बने।

### भगोड़ा मेहुल चोकसी भी जल्द आएगा

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने भगोड़े मेहुल चोकसी को भारत लाने के सवाल पर भी प्रतिक्रिया दी। वह फिलहाल बेजियम पुलिस की हिरासत में है। उसकी गिरफ्तारी पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमारे प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया है। हम उसके प्रत्यर्पण पर बेल्जियम पक्ष के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

# बस-रिक्शा की टक्कर में छह लोगों की मौत

### गुजरात के पाटन में भीषण सड़क हादसा

एजेंसी ■ पाटन

गुजरात के पाटन जिले में राधनपुर हाईवे पर समी के पास एक सड़क हादसा हो गया। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब हारीज से तेज रफ्तार में आ रही एक बस ने एक ऑटो रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। बस की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर के बाद रिक्शा में सवार 5 से अधिक लोग बस के नीचे आ गए। बस ने 5 यात्रियों को कुचल दिया, हादसे में कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।



पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी मृतक राधनपुर के वाडी समुदाय से ताल्लुक रखते थे और वे राधनपुर से अपने घर लौट रहे थे। शवों को घटनास्थल से हटाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है।

## ब्रीफ न्यूज

### सीएम ने डॉ. राधाकृष्णन की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद् और दार्शनिक भारत रत्न स्व. डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि पूर्व राष्ट्रपति स्व. डॉ. राधाकृष्णन के कार्यों, जीवन आदर्शों एवं विचारों ने भारतीय समाज को एक नया दृष्टिकोण दिया। उनकी शिक्षाएं जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझने और आत्म साक्षात्कार की दिशा में सदैव प्रेरित करेंगी। सीएम ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन भारत के दूसरे राष्ट्रपति थे और वे भारतीय संस्कृति के प्रकाश स्तंभ थे, जिन्होंने भारतीय दर्शन को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाई।

### मुख्यमंत्री ने पूर्व पीएम की जयंती पर किया नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चंद्रशेखर की जयंती पर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने एक्स पर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चंद्रशेखर की दृढ़ता और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण ने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी। कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए किए गए आपके कार्य सदैव हमें कर्तव्य पथ पर चलने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। सीएम ने स्व. चंद्रशेखर के राजनीतिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा सिद्धांतों और जनहित को प्राथमिकता दी। उनका जीवन सादगी, संघर्ष की मिसाल रहा है।

### बिजली कार्मिक की मृत्यु पर अब मिलेंगे सवा लाख

**भोपाल।** एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने कंपनी की सेवा में रहते हुए कार्मिक की मृत्यु होने पर आश्रित परिवार को दी जाने वाली अनुग्रह अनुदान राशि का पुनरीक्षण करते हुए अधिकतम 1,25,000 रूपए करने का आदेश आज जारी कर दिया गया है। एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने किसी कंपनी कार्मिक की कंपनी की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर उनके आश्रित परिवार को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 में देय वेतन के छह गुना के बराबर, अधिकतम 1,25,000 अनुग्रह अनुदान राशि स्वीकृत करने का निर्णय लिया है। आदेश 1 अप्रैल 2025 व इसके बाद के प्रकरणों पर प्रभावशील होगा। अनुग्रह अनुदान भुगतान करने की अन्य शर्तें यथावत प्रभावशील रहेंगी।

### 'मेरा ईकेवायसी ऐप' से हितग्राही करें ई-केवायसी

**भोपाल।** प्रदेश में राशन प्राप्त करने वाले सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने 9 से 30 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मोबाईल फोन पर ई-केवायसी की सुविधा भी गुरुवार से उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए 'मेरा ई-केवायसी' ऐप प्रदेश में लॉन्च किया है। इस ऐप के माध्यम से राशन लेने वाले वृद्ध, दिव्यांग एवं बच्चों सहित कोई भी हितग्राही किसी भी एन्ड्राइड मोबाईल फोन से अपना और अपने परिजन का आधार नम्बर ओटीपी दर्ज करके घर बैठे ई-केवायसी कर सकते हैं। हर जिले में गांव और वार्ड स्तर पर ई-केवायसी कराने के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं।

---

जीसीसी, सेमी-कन्डक्टर्स, ड्रोन पॉलिसी के लिए जारी होंगी गाइडलाइन्स

# इंदौर में 27 को होगी 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025'




सत्ता सुधार ■ भोपाल

एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन इंदौर में 27 अप्रैल को होगा। इस कॉन्क्लेव में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों, नीति निर्माताओं और तकनीकी क्षेत्र के अग्रणी विशेषज्ञ शामिल होंगे। कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश सरकार की ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स पॉलिसी, सेमी-कंडक्टर्स पॉलिसी, ड्रोन पॉलिसी और एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) पॉलिसी के क्रियान्वयन के लिए गाइडलाइन जारी की जाएंगीं।

राज्य सरकार का उद्देश्य है कि ये गाइडलाइन्स सरकार और निवेशकों के बीच एक पारदर्शी सेतु सिद्ध हों। गाइडलान्स में पात्रता मापदंड, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक प्रपत्र, मानक संचालन प्रक्रिया, समय-सीमाएं और अपील प्रणाली जैसे सभी पहलुओं को विस्तारपूर्वक समझाया गया है। ये गाइलाइन्स प्रशासनिक दस्तावेज मात्र नहीं, बल्कि नीतियों को धरातल पर साकार करने की स्पष्ट रूपरेखा हैं।

राज्य सरकार ने नीतियों की घोषणा से उन पर अमल के लिये गाइडलाइन्स तय करने की प्रक्रिया को रिकॉर्ड दो महीनों में पूरा कर लिया है। इन 4 नीतियों की घोषणा 24 फरवरी 2025 को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में की गई थी। एमपी इन्वेस्टमेंट पोर्टल से यह पूरी प्रक्रिया पेपरलेस, पारदर्शी और समयबद्ध होगी। पोर्टल में रियल-टाइम डैशबोर्ड, ऑटोमेटेड वर्कफ्लोज और एकीकृत सिंगल-विंडो सिस्टम का समावेश किया गया है।

ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) नीति के तहत मध्यप्रदेश को डेटा एनालिसिस, साइबर सुरक्षा, अनुपालन, एआई रिसर्च और सप्लाई चेन जैसे क्षेत्रों में वैश्विक कंपनियों के लिए पसंदीदा स्थल बनाने के लिए निवेशकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसमें लेवल-1 और एडवांस्ड जीसीसी के लिए पूंजी निवेश प्रोत्साहन, वेतन सब्सिडी, किराया प्रतिपूर्ति और ब्याज सहायता जैसे प्रावधान होंगे। साथ ही एआई और सायबर सुरक्षा में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिये विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा।

सेमीकंडक्टर नीति के अंतर्गत फेबलेस कंपनियों और विनिर्माण इकाइयों दोनों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसमें डिज़ाइन प्रतिपूर्ति, आधारभूत संरचना सहायता, ईपीएफ प्रोत्साहन और चिप टेप-आउट अनुदान शामिल हैं। यह नीति विशेष रूप से भारत सरकार की डीएलआई योजना के अंतर्गत आने वाली दूसरी कंपनियों को समान अवसर प्रदान करने के लिए तैयार की गई है। बड़े प्रस्तावों की तेज़ी से स्वीकृति के लिये कैबिनेट कमेटी को अधिकृत किया गया है।

---

सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए डॉ. मोहन यादव

सीएम ने कहा-नीमच की कचौरी और लस्सी का जवाब नहीं

# सीएम ने रुकवाया काफिला फिर चखा लस्सी का स्वाद

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश के नीमच में सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस के कार्यक्रम में आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहर में लस्सी का स्वाद लिया। नीमच से भोपाल रवाना होने से पहले सीएम यादव एक दुकान पर पहुंचे जहां उन्होंने लस्सी पी। इस दौरान दुकानदार ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया। दरअसल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सीआरपीएफ के स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दो दिन के प्रवास पर नीमच आए थे। आज गुरुवार को वे कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वापस लौट रहे थे, इस दौरान उनकी नजर एक दुकान नास्ते की दुकान पर पड़ी। काफिले को रुकवा कर वे दुकान पर पहुंचे और वहां लस्सी का आनंद लिया। सीएम ने कहा कि नीमच की लस्सी और कचौरी का जवाब नहीं। तेज गर्मी में लस्सी की छांव मिल गई, जिससे सारी गर्मी दूर हो गई। मुख्यमंत्री के साथ क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, जावद विधायक ओमप्रकाश सकलेचा,



#### सीएम और केन्द्रीय मंत्री करेंगे दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय वन-पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव मध्यप्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापन, जलवायु परिवर्तन और समुदाय-आधारित आजीविका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शुक्रवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल में आयोजित होने वाली कार्यशाला में विकसित भारत @2047 के लक्ष्यों में वनों की भूमिका पर मंथन होगा। कार्यशाला में प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह स्वागत उद्बोधन देंगे। राष्ट्रीय कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में वन संरक्षण की वर्तमान कानूनी व्यवस्थाएं, उनकी सीमाएं और समाधान, जैव विविधता संशोधन अधिनियम-2023, सामुदायिक वन अधिकार, पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण और वन पुनर्स्थापन जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। राज्यपाल मंगुभाई पटेल राष्ट्रीय कार्य शाला के समापन-सत्र में मुख्य अतिथि होंगे।

मनासा विधायक माधव मारू समेत भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने भी लस्सी और कचौरी का आनंद लिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लस्सी पीने के बाद दुकानदार को रुपए देना चाहे तो वह उन्होंने मना कर दिया। हालांकि, सीएम यादव के बार-बार कहने के बाद दुकानदार राकेश सैनी ने रुपये ले लिए।

**पीढ़ियों से कर रहे यही काम:** सीएम मोहन यादव ने उनसे पूछा कि दुकान कब से चला रहे हो? इस पर राकेश ने कहा कि हम पीढ़ियों से यह काम करते आ रहे हैं। पहले ठेले पर कचौरी बेचते थे, उसके बाद में साल 2012 में दुकान लेकर काम शुरू किया। राकेश ने कहा कि मुख्यमंत्री ने परिवार और बच्चों के बारे में भी जानकारी ली। राकेश ने बताया कि इसके पूर्व भी कई बड़े नेता हमारी दुकान पर आकर कचौरी और लस्सी का स्वाद चख चुके हैं।

#### मध्यप्रदेश में गिद्ध संरक्षण को मिल रही नई दिशा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में वन्य जीव पर्यटन में नए आयाम जुड़ रहे हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों का संरक्षण न केवल जैव विविधता की रक्षा के लिए आवश्यक है, अपितु पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की दृष्टि से भी अनिवार्य है। प्रदेश में गिद्ध संरक्षण को भी नई दिशा दी जा रही है। भोपाल स्थित केरवा गिद्ध प्रजनन केन्द्र से 6 गिद्धों को बुधवार को पहली बार प्राकृतिक वातावरण में छोड़ा गया। सीएम ने एक्स पर कहा कि राज्य सरकार ने गिद्धों सहित अन्य पशु पक्षियों की संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण के लिए सतत प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक वातावरण में छोड़े गए गिद्धों पर जीपीएस ट्रैकर लगाए गए हैं, जिससे उनके आवागमन, व्यवहार एवं सुरक्षा की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

---

# मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना के आवेदन प्रक्रिया हुई ऑनलाइन

मंत्री कुशवाह ने 30 दिन में अनिवार्य रूप से निराकरण के दिए निर्देश



सत्ता सुधार ■ भोपाल

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना के आवेदन प्रक्रिया को ऑनलाइन कर आसान बना दिया गया है। कल्याणी महिला (विधवा महिला) सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के विवाह पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकती है। मंत्री कुशवाह ने सभी जिलाधिकारियों को प्राप्त आवेदन पत्रों का 30 दिवस में अनिवार्य रूप से निराकरण के निर्देश दिए है।

प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण सशक्तिकरण सोनाली वायंगणकर ने बताया कि प्रदेश में निवासरत कल्याणी बहनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से वर्ष 2018 से मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना संचालित की जा रही है। योजना में कल्याणी बहनों को विवाह उपरांत 2 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। विभाग द्वारा योजनांतर्गत आवेदन प्रक्रिया को आसान बनाया गया है। इच्छुक हितग्राही द्धह्लह्लश्चह्य-//1द्ब1ड्डद्धश्चश्चह्लङ्घड्ड .द्वश्च.द्द्रश1.द्बठ्ठ पर पब्लिक डोमेन से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि विवाह पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन के लिये समग्र पोर्टल पर जानकारी अपडेट होना आवश्यक है। आवेदिका एवं उसके पति का आधार ई-केवायसी समग्र पोर्टल पर होना अनिवार्य है, समग्र पोर्टल पर वैवाहिक स्थिति विवाहित होना अनिवार्य है, 8 अंको की समग्र परिवार आईडी एक ही होना अनिवार्य है। सभी जिला अधिकारी ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण कर 30 दिवस में अनिवार्य रूप से निराकरण करेंगे। अनावश्यक रूप से आवेदन लंबित रखने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई की जा सकती है। प्रमुख सचिव वायंगणकर ने स्पष्ट किया कि जिला कार्यालय में सीधे आवेदन लेने ने मना नहीं किया जायेगा।

---

# जल गंगा संवर्धन अभियानः आइए मिलकर जल स्त्रोतों को सहेजें

गीत गाकर नागरिकों को जल सहेजने के लिए किया जागरूक

सत्ता सुधार ■ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अभिकल्पना को साकार करते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान अब जन अभियान बन गया है। अभियान की अवधारणा जनसहभागिता से जल संरक्षण और संवर्धन पर केन्द्रित है। इस अभियान के अंतर्गत नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के साथ पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं का जीर्णोद्धार, जल स्त्रोतों और जल वितरण प्रणालियों की साफ-सफाई जल स्त्रोतों के आस-पास पौध-रोपण के कार्य प्राथमिकता से किये जा रहे है। दतिया जिले के उन्नाव बालाजी धाम/तीर्थस्थान की नदी पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों ने स्वच्छता कार्य किया एवं जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। नदी की गंदगी को कार्यकर्ताओं ने हटाकर नदी को स्वच्छ किया और सभी को संदेश दिया कि हर व्यक्ति अपने गांवों और पंचायतों में प्राचीन जल स्त्रोतों की सफाई करें एवं लोगों को उनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिये जागरूक करें। मंदसौर जिले के पिपलिया मंडी अयोध्या बस्ती में जन अभियान परिषद ने कलश यात्रा निकालकर जल संरक्षण का संदेश दिया। उमरिया जिले की सक्रिय युवाओं की टोली द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पाली नगर के ऐतिहासिक प्राचीन सगरा तालाब के हरिहर बाबा घाट में बैठकर जल संरक्षण गीत गाकर नागरिकों को जल को सहेजने के लिये जागरूक किया।

---

# जयारोग्य अस्पताल में कार्डियो थोरोसिक विभाग की होगी स्थापना

बेसक्यूलर व बायपास सर्जरी विभाग शुरू करने का प्रस्ताव पास करने पर यादव ने दी बधाई



सत्ता सुधार ■ भोपाल/ग्वालियर

मप्र के पूर्व केबीनेट मंत्री एवं मप्र पूर्व संचालक मण्डल के उपाध्यक्ष भगवान सिंह यादव ने ग्वालियर के चम्बल संभाग के 8 जिले के किसी भी सरकारी अस्पताल में मरीजों के बायपास सर्जरी के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं है। इसके साथ ही आसपास के जिलों उरई, झांसी, इटावा, टीकमगढ़, छतरपुर, भरतपुर, धौलपुर आदि क्षेत्रों की जनता के लिए बायपास सर्जरी के लिए बायपास की व्यवस्था ना होने के कारण जनता को परेशानी उठानी पड़ती है और उन्हें इलाज के लिए ग्वालियर के बाहर जाना पड़ता है जो बहुत मंहगा पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा हाल ही में आयोजित केबीनेट में प्रस्ताव पारित करने का फैसला लिए जाने पर भगवान सिंह यादव ने हार्दिक बधाई दी है। यादव ने मरीजों के हित में बायपास सर्जरी स्थापना शुरू कराने के लिए फरवरी 2024 में 85 पृष्ठों का ज्ञापन जयारोग्य चिकित्सा समूह ग्वालियर के कार्डियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पुनीत रस्तोगी एवं मेडीकल कॉलेज के डीन डॉ. आरकेएस धाकड़ द्वारा प्रस्तुत प्रारूप तैयारकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रस्तुत किया गया था। उक्त मरीजों की वायपास सर्जरी की समस्या के निदान के लिए ग्वालियर में जयारोग्य चिकित्सा समूह में स्थापना करवाने के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है और इस बारे में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिन्धिया, केबिनेट मंत्री एवं संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय, कांग्रेस सरकार के पूर्व सीएम कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा, पूर्व केबीनेट मंत्री अरूण यादव, पूर्व विपक्ष नेता राहुल, मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, राकेश शुक्ला, तुलसी सिलावट, प्रद्युम्नसिंह तोमर, राज्यसभा सदस्य अशोक सिंह, ग्वालियर लोकसभा सदस्य भारत सिंह कुशवाह, पूर्व सांसद विवेक शेजवलकर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, उमंग सिंघार एवं विधायकगण मोहन सिंह राठौर, सुरेश राजे, अमरीश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष बीजेपी नेता मेहन्द्र सिंह यादव ने भी उक्त समस्या के निदान के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया। यादव ने कहा कि कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, जगदीश देवड़ा और संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय और केबीनेट के सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए जयारोग्य अस्पताल ग्वालियर में हजारों मरीजों के हित में कार्डियो थोरोसिक विभाग व बायपास सर्जरी की स्थापना का निर्णय जनहित के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण रहा है।



---

**सियासत** नेता प्रतिपक्ष ने नल जल योजना पर खड़े किए सवाल, बोले-

# करोड़ों खर्च के बाद भी बूंद-बूंद को तरस रही जनता

सत्ता सुधार ■ भोपाल



गर्मी का सीजन शुरू होते ही जल का संकट शुरू हो जाता है। प्रदेश की कई क्षेत्रों से पानी की कमी की खबरें सामने आ रही हैं। ऐसे ही एक मामले पर मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार की नल जल योजना पर सवाल खड़े किए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने अपने सोशल साइट एक्स पर लिखा कि मप्र के गांवों में जल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। गोहद-मेहगांव क्षेत्र के 75 गांव नल-जल योजना के बावजूद आज भी पीने के पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। महिलाएं, बच्चे कई किलोमीटर दूर से पानी ढोने को मजबूर हैं। कई गांवों में खारा पानी ही एकमात्र विकल्प बचा है। हालात इतने बदतर हैं कि लोगों को गांव छोड़ने की नौबत आ गई है।सरकारी रिकॉर्ड में योजनाएं चालू दिख रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। नेता प्रतिपक्ष ने लिखा कि पीएचई विभाग की लापरवाही और भ्रष्टाचार के चलते करोड़ों की योजनाएं धूल चाट रही हैं। ये केवल जल संकट नहीं, ये सरकार की नाकामी और भ्रष्टाचार की गवाही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा किअब सवाल यह है कि सरकार बताए, नल जल योजना का पैसा खय गया? जनता को उसका हक साफ पानी कब मिलगा? नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि आदिवासी बाहुल्य धार जिले में भाजपा शासन का काला सच! कारम मुख्य बांध जिसको बनाने में करोड़ों की लागत लगी 2022 में दीवार फूटी और आज 2025 में भी बांध का निर्माण अधूरा हैं। घटिया निर्माण के चलते बांध से पानी का लीकेज हुआ, लाखों जिंदगियां खतरे में आ गई थी लेकिन स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है। ब्लैकलिस्टेड कंपनी को ठेका देने के मेरे सवाल पर सरकार आज भी मौन साधे बैठी है। प्रशासनिक नाकामी और ठेकेदारों की मिलीभगत ने मध्यप्रदेश को शर्मसार कर दिया है। 300 करोड़ से ज़्यादा की स्वीकृति से 52 गांवों को सिंचाई का सपना दिखाया, गया लेकिन हकीकत, टूटी दीवारें, बहता पैसा, सूखी ज़मीन और डूबते गांव। विस्थापितों को मुआवजा कब मिलेगा सरकार के पास इसका कोई जवाब नहीं? ये है भाजपा सरकार का सच, जहां मंत्री मौन हैं, अधिकारी गायब हैं, और जनता परेशान हैं।

---

# प्रदेश का पहला जिला नर्मदापुरम, जहां चार प्रकार के रेशम का होता है उत्पादन

किसानों को होगी अतिरिक्त आय, सुधरेगी जिले की आर्थिक स्थिति

सत्ता सुधार ■ भोपाल



कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा है कि नर्मदापुरम, प्रदेश का पहला जिला है, जहां चारों प्रकार के रेशम का उत्पादन होता है। नर्मदापुरम में टसर रेशम, मलबरी रेशम, इरी रेशम और मूंगा रेशम यानी गोल्डन सिल्क का उत्पादन किया जाता है। ये चारों प्रकार के रेशम जिले में तैयार किए जाते हैं और देशभर में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने कहा कि नर्मदापुरम में रेशम केंद्र है, जहां रेशम के धागे और कपड़ों का उत्पादन किया जाता है। रेशम केंद्र में अब परंपरागत डिजाइनों से हटकर नए डिजाइनों को शामिल करने की तैयारी की जा रही है। जिले में मालाखेड़ी में मध्यप्रदेश की पहली ककून मंडी है, जहां रेशम के ककून का बाजार लगता है। नर्मदापुरम जिले की महिलाएं रेशम उत्पादन से जुड़कर अपना सशक्तिकरण कर रही हैं। मढ़ई रेशम उत्पादन केंद्र को सिल्क टूरिज्म के लिए विकसित किया जा रहा है। रेशम के धागे का उपयोग करके दवाइयां भी बनाई जा रही हैं। जिले में रेशम उत्पादन के विस्तार के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। नर्मदापुरम रेशम उत्पादन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केंद्र है और रेशम से संबंधित विभिन्न गतिविधियों और योजनाओं के साथ भी जुड़ा हुआ है। जायसवाल ने कहा कि नर्मदापुरम में रेशम का उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जिले के किसानों को रेशम उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके।

### हादसे के वक्त ईंट भट्टे पर काम करने गई मां को लेने गया हुआ था पिता

# झोपड़ी में लगी आग, अकेली सो रही थी पांच वर्षीय मासूम की झुलसकर मौत





सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

बेलगढ़ा थाना क्षेत्र के ग्राम गाजना में स्थित एक झोपड़ी में बीती रात अचानक आग लग गई, जिससे उसमें अकेली सो रही पांच वर्षीय मासूम की झुलस जानेसे मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के वक्त बच्ची का पिता ईंट भट्टे पर काम करने अपनी पत्नी को लेने के लिए गया हुआ था। जब वापस लौटा, तब तक सब कुछ तबाह हो चुका था। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाने के उपरांत बच्ची के शव को पीएम के लिए पहुंचाने के उपरांत घटना के कारणों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

बेलगढ़ा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम गाजना के एकांत इलाके में झोपड़ी बनाकर रहने वाला अरविंद आदिवासी व उसकी पत्नी ईंट भट्टे काम करते हैं। बुधवार शाम अरविंद की पत्नी भट्टे पर काम करने चली गई, जबकि अरविंद अपनी पांच साल की मासूम बच्ची के साथ झोंपड़े में ही था। खेलते-खेलते कुछ देर में बच्ची सो गई और अरविंद झोपड़ी में बैठकर ही शराब पीने लगा। रात 10 बजे तक पत्नी वापस नहीं आई, तो वह उसे लेने के लिए झोपड़ी की बाहर से कुंदी लगाकर भट्टे की ओर चला गया। पति- पत्नी करीब पौन घंटे बाद वापस लौटे, तो पूरी झोपड़ी में आग लगी हुई थी, और भीतर सो रही बच्ची उसमें फंसी हुई थी। घटना की सूचना पाकर बेलगढ़ा थाना प्रभारी अजय सिंह सिकरवार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे, कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड पहुंच गई, जिसने मशक्कत कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरी झोपड़ी व उसमें रखा सामान जलकर स्वाहा हो चुका था, वहीं उसमें सो रही पांच वर्षीय मासूम बच्ची की भी झुलस जाने से मौत हो गई थी।

#### बीड़ी की चिंगारी से आग लगने की आशंका

फिलहाल आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है, लेकिन माना जा रहा है, कि घटना से पूर्व अरविंद झोपड़ी में ही बैठकर शराब पी रहा था। जिसने नशे में बीड़ी जलाई होगी, उसकी चिंगारी से किसी कपड़े अथवा फूस में आग लग गई होगी। उस पर ध्यान नहीं दे वह बाहर से कुंदी लगाकर चला गया। पीछे से चिंगारी ने आग का रूप धारण कर सब कुछ स्वाहा कर डाला। फिलहाल पुलिस ने बच्ची के शव का पीएम करवाने के उपरांत मर्ग कायम कर हादसे के कारणों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

#### प्रशासन ने दी 10 हजार की त्वरित सहायता

आगजनी की सूचना पाकर प्रशासनिक अफसर भी मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने पीड़ित परिवार की दयनीय माली स्थिति को देखते हुए उसे 10 हजार रुपए की त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान की। इसके अलावा चार रुपए के क्लेम का प्रस्ताव भी शासन को बनाकर भेजा जाएगा।

## लोकमंत्रणा में आए हितग्राहियों की समस्याएं सुनकर महापौर ने संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



**ग्वालियर।** महापौर लोकमंत्रणा के दौरान आने वाले हितग्राहियों की समस्याओं का शत प्रतिशत निराकरण हो इसके लिए संबंधित अधिकारी त्वरित कार्यवाही करें। उक्ताशय के निर्देश महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने महापौर लोकमंत्रणा में संबंधित अधिकारियों को दिए। लोकमंत्रणा में उपनेता सत्तापक्ष मंगल भैया योगेन्द्र, मेयर इन काउंसिल के सदस्य अवधेश कौरव, प्रेमलता धर्मेन्द्र जैन, ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि जंडेल सिंह, अपर आयुक्त अनिल दुबे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

महापौर लोकमंत्रणा में वार्ड 55 न्यू शिवाजी नगर आमखो निवासी रमा शर्मा ने आवेदन देते हुए अवगत कराया कि घर के बाहर पानी की लाइन टूटी होने के कारण घर के अंदर पानी आ रहा है, आवेदिका ने उचित कार्यवाही के संबंध में महापौर डॉ. सिकरवार को आवेदन दिया। जिस पर सुनवाई करते हुए महापौर डॉ. सिकरवार ने संबंधित एई पीएचई को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही रॉक्सी पुल किरार ठाकुरों का मोहल्ला निवासी डॉ. पंकज श्रीवास्तव एवं मनोज श्रीवास्तव ने आवेदन देते हुए अवगत कराया कि उसकी निजी भूमि पर भू माफियाओं द्वारा दो गुमठियां रखकर अतिक्रमण कर लिया है। आवेदकों ने उचित कार्यवाही के संबंध में महापौर डॉ. सिकरवार को आवेदन दिया। जिस पर सुनवाई करते हुए महापौर डॉ. सिकरवार ने संबंधित भवन अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही अनेक आवेदनों को सुनकर उनके तत्काल निराकरण के लिए महापौर डॉ. सिकरवार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

### बारादरी पर बनेगा रोटरी फ्लाई ओवर, सांसद के प्रयास से डीपीआर के निर्देश जारी

**ग्वालियर।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में शहर की यातायत व्यवस्था को सुधारने हेतु किए गए प्रयासों के तहत दो स्थान बारादरी एवं जयेंद्रगंज पर जाम की स्थिति से निजात पाने के लिए सांसद भारत सिंह कुशवाह द्वारा शहर की यातायत व्यवस्था को व्यवस्थित करने हेतु दिए गए आश्वासन को पूर्ण करने के लिए तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रस्ताव भारत सरकार सड़क एवं परिवहन मंत्रालय को भेजकर एवं स्वयं नितिन गडकरी के समक्ष भेंट कर अवगत कराया गया। सांसद द्वारा मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन से भेंटकर ग्वालियर की यातयात व्यवस्थाओं को सुचारु करने के लिए बारादरी की रोटरी को सर्वोच्च प्राथमिकता पर स्वीकृत करने हेतु अनुरोध किया गया। भारत सरकार सड़क एवं परिवहन मंत्रालय द्वारा सांसद कुशवाहा के प्रस्ताव को केंद्रीय सड़क निधि योजना फंड में स्वीकृत प्रदान करते हुए डीटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। डीपीआर बनने के उपरांत निविदा जारी कर कार्य प्रारंभ कराए जायेगा।



## एसएसपी ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को दी गर्मी से बचकर ड्यूटी करने की सलाह

### धूप में ड्यूटी करने वाले जवानों को वितरित कराई पानी की बोतल व ओआरएस

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

अंचल में गर्मी अब अपना असर दिखाने लगी है। जिसके चलते एसएसपी धर्मवीर सिंह द्वारा ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को गर्मी से बचकर ड्यूटी करने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही पुलिस कप्तान में धूम में यातायात व्यवस्था संभालने वाले जवानों की सुध लेते हुए उन्हें गर्मी से बचाने के लिए ठंडे पानी की बोतल व ओआरएस के पैकेट भी वितरित करवाए। यहां बताना गौरतलब होगा कि सख्त मिजाज दिखने वाले पुलिस कप्तान धर्मवीर सिंह बेहद ही संजीदे स्वभाव के पुलिस अफसर माने जाते हैं, जो सदैव अपने मातहतों के लिए फिक्रमंद रहते हैं। यही कारण है कि गर्मी की शुरूआत होते ही उन्होंने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को ना केवल खुद को गर्मी से बचाते हुए ड्यूटी करने की सलाह दी है, बल्कि उनकी चिंता करते हुए उन्होंने धूप में ड्यूटी पर तैनात रहने वाले यातायात पुलिस के जवानों के लिए ठंडे पानी की बोतल व ओआरएस के पैकेट की भी व्यवस्था करवाई गई। एसएसपी के निर्देश पर गुरुवार को एएसपी कृष्ण लालचंदानी एवं ट्रैफिक डीएसपी अजीत सिंह चौहान के मार्गदर्शन में शहर के विभिन्न प्वॉइंट्स पर तैनात यातायात के जवानों को ठंडे पानी की बोतल और ओआरएस के घोल के पैकेट वितरित किए गए। एसएसपी ने ड्यूटी पर तैनात सभी जवानों को गर्मी से बचने के लिये अपने साथ छाता व पानी की बोतल आदि रखने की समझाइश दी है।

### डेढ़ सैकड़ा से अधिक कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद मिली पुलिस को सफलता

# क्राइम ब्रांच के जवान बनकर नगदी व मोबाइल लूटने वाले बदमाश पकड़े

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

क्राइम ब्रांच के जवान बनकर युवक से नगदी व मोबाइल लूटकर ले जाने वाले दोनों बदमाशों को सिरोल थाना पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस को यह सफलता डेढ़ सैकड़ा से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद मिल सकी है। फिलहाल पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।



यहां बता दें कि बीती 15 अप्रैल को फरियादी देव रजक ने सिरोल थाने में शिकायत की थी, कि क्राइम ब्रांच के जवान बनकर दो अज्ञात युवक उससे मोबाइल व नौ हजार रुपए नगदी ले गए हैं। इस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज ली थी। वहीं एसएसपी धर्मवीर सिंह द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए एएसपी कृष्ण लालचंदानी को इसमें संलिप्त आरोपियों को जल्द अरेस्ट करवाने की टास्क दी गई थी। जिसके परिपालन में उन्होंने विश्वविद्यालय सर्किल सीएसपी हिना खान के मार्गदर्शन में सिरोल थाने की टीम को उक्त मामले की पतारसी में लगाया था। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास सहित बदमाशों के आने- जाने के रूट पर लगे करीब डेढ़ सैकड़ा से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालते हुए आरोपियों को चिंहित किया गया। तकनीकी सहायता के आधार पर एक आरोपी की पहचान जिनेंद्र जैन निवासी हेमसिंह की परेड, मामा का बाजार, दुर्गा कॉलोनी के रूप में हुई। पुलिस ने मुखबिर तंत्र को अलर्ट कर उक्त आरोपी को दबोचकर पूछताछ की, तो उसने लाला का बाजार, माधौगंज निवासी अपने दोस्त गौरव बाथम के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा हाथ आए आरोपी जिनेंद्र जैन की निशांदेही पर उसके दूसरे साथी गौरव बाथम को भी हिरासत में ले लिया गया है। पकड़े गये दोनों आरोपी काफी शातिर किस्म के अपराधी बताए गए हैं। पुलिस द्वारा उनसे घटना में प्रयुक्त बाइक सहित फरियादी से लिए गए मोबाइल व रुपयों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्रवाई में सिरोल टीआई आलोक सिंह भदौरिया, एसआई उपेंद्र सिंह धाकड़, प्रधान आरक्षक रूपसिंह, उमेश, जगदीश, मानसिंह, आरक्षक महेश, बलराम, अरविंद, मातादीन, हरिओम व नीरज की सराहनीय भूमिका रही।



### पुरानी छावनी पर अवैध रूप से विकसित की जारी कॉलोनी के निर्माण कार्य को हटाया

**ग्वालियर।** नगर निगम सीमांतर्गत अवैध रूप से विकसित की जा रहीं अवैध कॉलोनियों पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। कॉलोनाइजरों द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश, ग्वालियर एवं नगर निगम ग्वालियर की अनुमति के बिना कॉलोनियों में विकास कार्य किए जा रहे थे। जिन पर कार्यवाही करते हुए निगम अमले द्वारा विकास कार्यों को हटाया गया। भवन अधिकारी श्री राजवी सोनी ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार अवैध कॉलोनियों पर कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज ग्राम पुरानी छावनी के सर्वे क्रमांक 194,195,196,171 पर सुषमाबाई पत्नी श्री हरभान सिंह, मधु राजपूत पत्नी श्री यतेंद्र आदि के द्वारा 0.5850 हेक्टेयर भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनी विकास कार्य किया जा रहा था। जिसकी नगर निगम द्वारा कोई भी विकास अनुज्ञा प्राप्त नहीं की गई थी, उक्त कालोनी में किए गए अवैध सड़क ,विद्युत पोल, वाटर लाइन आदि कार्य के विरुद्ध मौके पर कार्यवाही की गई। उक्त कार्रवाई में तहसीलदार, भवन निरीक्षक श्री अजय शर्मा, मदाखलत प्रभारी श्री शैलेंद्र सिंह चौहान, क्षेत्रीय कार्यालय का स्टाफ, पटवारी श्री अनूप परमार एवं पुरानी छावनी थाना पुलिस बल उपस्थित रहा।

## महिला एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों के लिए फ्लैग एरिया आयोजित

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



रिफ्रेशर कोर्स की गतिविधि के रूप में एनसीसी अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी के ऐतिहासिक और सुंदर परिवेश के बीच कुल 166 महिला एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों के लिये गुरुवार को फ्लैग एरिया का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य ना केवल प्रतियोगिता करना था बल्कि इसमें अपनी-अपनी कंपनी के लिए टीमवर्क नेतृत्व, सामुदायिक समायोजन, विभिन्न कौशलों से अपने अंदर छिपे व्यक्तित्व को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर अहिल्या बाई कम्पनी तथा दुर्गावती कंपनी की ट्रेनीस ने विभिन्न विषयों पर फ्लैग एरिया प्रस्तुति की, जिसमें अहिल्याबाई कम्पनी विजेता रही। इसके साथ ही निरीक्षण कमांडेंट द्वारा गुरुवार को फ्लैग एरिया प्रस्तुति का निरीक्षण किया गया। वहीं 21 अप्रैल को ब्रिगेडियर विजयंत महाडिक कमांडेंट द्वारा कोर्स में विभिन्न गतिविधियों में विजेता ट्रेनीस को पुरस्कृत किया जाएगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

#### हादसे को अंजाम दे गाड़ी सहित भागा आरोपी

**ग्वालियर।** डबरा सिटी थाना इलाके में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि हादसे का अंजाम देने के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से भाग निकला। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा शव का पीएम करवाने के उपरांत अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसका पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। गिजौर्रा निवासी देवेंद्र गौड़ का दामाद बीती दोपहर दो बजे के लगभग बाइक पर सवार होकर डबरा सिटी थाना क्षेत्रांतर्गत हाईवे पर स्थित रंग पंजाब होटल के पास से गुजर रहा था, तभी वहां आया तेज रफ्तार वाहन का चालक उसे टक्कर मारता हुआ निकल गया। टक्कर लगते ही युवक बाइक से उछलकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा देख जुटे लोगों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टर्स द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। जिसके बाद पुलिस ने शव का पीएम करवाकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपी का पता लगाने के लिए पुलिस घटनास्थल के इर्द- गिर्द लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।



### बिशप धोए 12 शिष्यों के पैर, आज मनेगा गुड फ्राइडे

**ग्वालियर।** ईसाई समुदाय द्वारा 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे मनाया जाएगा। इससे पूर्व पुण्य गुरुवार को संत जॉन महा गिरिजाघर में बिशप जोसफ द्वारा 12 शिष्यों के पैर को धोकर उन्हें चूमा गया। यहां बता दें कि आज के दिन ही यीशू ने पकड़े जाने से पहले अपने शिष्यों को ये संदेश दिया कि तुम भी एक- दूसरे की सेवा करो और एक- दूसरे को प्यार करो जैसे मेंने किया, तुम भी करो। आज के दिन ही यीशू ने अपना रक्त और शरीर हम सबके लिया दिया। आज ही पुरोहिताई की स्थापना हुई थी और संपूर्ण विश्व में मिस्सा बलिदान चलाया गया। उक्त आयोजन में पल्ली पुरोहित फादर चिप सन, फादर रोशन, फादर जॉन केसरी, फादर आरोग्य ने भाग लिया। अंत में परम प्रसाद का वितरण हुआ। फादर जॉन केसरी ने अपने संदेश में कहा कि हम कितने भी बड़े हों, हमें विनम्र होना है। इसके साथ ही संत पॉल चर्च, गुड शेपर्ड चर्च महाराजपुरा और कार्मल आश्रम कैंप में भी पैर धोने, बाइबल पाठ, परम प्रसाद का वितरण हुआ। चर्चो में रात 10 बजे तक आराधना होती रही। 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे पर आठ बजे क्रश रास्ता होने के बाद दिन भर उपवास और प्रार्थना होगी।

# शादी का झांसा दे 23 वर्षीय युवती से डेढ़ साल बनाए शारीरिक संबंध

### वादे से मुकरा तो पीड़िता ने दर्ज करवाई एफआईआर, आरोपी गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

शादी का झांसा देते हुए एक बदमाश द्वारा 23 वर्षीय युवती के साथ डेढ़ साल तक शारीरिक संबंध बनाता रहा, जो बाद में अपने वादे से मुकर गया। घटना बहोड़ापुर थाना इलाके की है, जिसमें प्रेम में धोखा खाई पीड़िता की शिकायत पर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के उपरांत तत्परता दिखाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

बावन पायगा निवासी 23 वर्षीय युवती ने बहोड़ापुर थाने में शिकायत की है, कि करीब दो वर्ष पूर्व उसकी दोस्ती मेवाती मोहल्ले में रहने वाले समीर उर्फ काले खान से हुई थी। दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होने लगी। एक दिन समीर उससे मिलने के लिए आया, तब उसने उससे शादी करने की इच्छा जताई। मेरे हामी भरने के बाद वह मुझे घोसीपुरा में किराए का रूम लेकर लिव इन में रखने लगा। जहां डरा- धमकाकर वह लगातार मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। यदि वह विरोध करती, तो वह कहता कि कुछ दिनों में हम शादी करने वाले हैं, तो फिर इस सबमें क्या दिक्कत है। उसकी बात सुनकर वह शांत हो जाती। करीब डेढ़ साल तक ऐसे ही चलने के बाद उसने जब समीर पर शादी करने का दबाव बनाया, तो वह अपने वादे से मुकर गया और उसे छोड़कर चला गया। प्रेम में धोखा खाकर वह थाने पहुंची है। बहोड़ापुर टीआई जितेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 69 व 351(2) के तहत एफआईआर दजज़् कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है, जिससे फिलहाल घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

#### रिश्तेदार ने किया दुष्कर्म

महाराजपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम गुठीना में रहने वाली युवती के साथ ग्राम सहूना निवासी रिश्तेदार विक्रम जाट उर्फ छोटू जाट पुत्र बच्चू सिंह बातों में उलझाकर अपने साथ भगा ले गया। जो पांच दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। घटना 31 मार्च से पांच अप्रैल के बीच की है। आरोपी के चंगुल से छूटकर घर पहुंची युवती ने परिजनों को पूरी आपबीती सुनाई, लेकिन लोकलाज से उन्होंने पुलिस में इसकी शिकायत नहीं। इससे आरोपी के हौंसले बुलंद हो गए और वह फिर युवती पर संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। इसका पता लगने पर बीती रात परिजन अपने साथ युवती को थाने लेकर पहुंचे और शिकायत की। महाराजपुरा टीआई धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।














## नगर निगम आयुक्त ने एयरपोर्ट नाले के निर्माण कार्य को देखा, संबंधित ठेकेदार को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने शहर भ्रमण कर दीनदयाल नगर स्थित एयरपोर्ट के पास बन रहे नाले के निर्माण कार्य को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त विजय राज, उपायुक्त अमर सत्य गुप्ता, अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा, सिटी प्लानर पवन सिंघल, प्र. उपायुक्त रजनीश गुप्ता, कार्यपालन यंत्री अजय पाल सिंह जादौन, सहायक यंत्री अमित गुप्ता, आशीष राजपूत सहित संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहा। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय सबसे पहले नाले का निरीक्षण कर संबंधित ठेकेदार को समय सीमा में नाले का निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगर संबंधित ठेकेदार समय सीमा में नाले का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करता है तो संबंधित पर पेनल्टी लगाई जाए। यह नाला 9 करोड़ 39 लाख की लागत से लगभग 3 किमी की लम्बाई का बनाया जा रहा है। इसके बनने से क्षेत्र में जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। इसके साथ ही दीनदयाल नगर आदि स्थानों का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था को देखा।

## स्व. मधु भारद्वाज की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि सभा आज



**ग्वालियर।** पंजाबी परिषद समिति द्वारा रेलवे स्टेशन पर चल रही निशुल्क शीतल जल सेवा में समिति की पूर्व महिला अध्यक्ष स्वर्गीय मधु भारद्वाज को प्रातः 11:00 बजे समिति व पंजाबी समाज एवं जल सेवाधारी पुष्पांजलि अर्पित करेंगे तथा जल सेवा में यात्रियों को मीठे शरबत का वितरण होगा। यह जानकारी परिषद के मुख्य परामर्शदाता कुलवीर भारद्वाज, अध्यक्ष अशोक मारवाह, जनसेवा संयोजिका प्रमिला मारवाह, सचिव जीके सूरी, कोषाध्यक्ष आत्म प्रकाश मोंगिया एवं मीडिया प्रभारी राजू पंडित ने दी।

## जागरूकता कार्यक्रम कर बांटी सामग्री



**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम भोपाल द्वारा संचालित संपूर्ण सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत महाराज बाड़े पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम जिले के डीटीओ डॉ. विजय पाठक, संपूर्ण सुरक्षा कार्यक्रम की प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्रीमती नीलम दीक्षित एवं काउंसलर रजिया खान के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संपूर्ण सुरक्षा कार्यक्रम में दी जाने वाली गतिविधियों और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही एचआईवी गुप्त रोग वीआरएल कंडोम आदि के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया। सभी उपस्थित लोगों को एचआईवी के कारण बचाव और उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई एवं निरोध वितरित किए गए। संपूर्ण सुरक्षा की ओआरडब्लू श्रीमती गीता सूर्यवंशी द्वारा जागरूक किया गया। कार्यक्रम में कुल 123 लोगों को लाभान्वित किया गया।

### दिनदहाड़े बीच सड़क पर वारदात

# बाइक सवार बदमाशों ने जबरन लिफ्ट लेकर लूटे 20 हजार रुपए

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

बदमाशों ने जबरन चलती बाइक पर लिफ्ट लेकर दिनदहाड़े एक अधिकारी को लूट लिया। यही नहीं बदमाश जब उनकी जेब से नोट निकालने में कामयाब हो गए तो उन्हें चलती बाइक पर धक्का देकर गिरा दिया और फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान में कार्यरत अधिकारी राजेश मित्तल अपनी बाइक से सुबह एल एनआईपी आने के लिए के तानसेन नगर पुल से निकल रहे थे तभी पुल पर थोड़ा आगे बढ़ते ही एक बाइक पर जा रहे दो लड़कों ने उन्हें रोकने की कोशिश की। उनका व्यवहार मित्तल को कुछ अजीब लगा तो वह बाइक चलाते रहे, बदमाशों को लगा कि पुल पार हो गया तो उनका मकसद सफल नहीं हो पाएगा क्योंकि पुल उतरते ही सड़क पर आवाजाही बढ़ जाएगी। इसलिए





बदमाशों ने बिना समय गंवाए अपनी बाइक मित्तल की बाइक के सामने लगा दी और पीछे बैठा बदमाश उतरकर उनकी बाइक पर बैठ गया और कहने लगा कि मुझे आगे तक छोड़ दो। उनका कहना है कि इसके बाद भी मैं बाइक चलाता रहा और जब मैंने उन्हें कृषि कॉलेज पर उतरने के लिए कहा तब तक उसने मेरी पेंट की जेब काटकर उसमें रखे 20 हजार रुपये लूट लिए। जेब काटने के बाद बदमाश ने मुझे धक्का दिया मैं गिर गया और वो भाग गया इतने में पीछे से उसका साथी आया और बाइक पर बैठकर दोनों बदमाश फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई वारदात से परेशान अधिकारी एल एनआईपी पहुंचे और स्टाफ को पूरी घटना बताई। उन्होंने सबूत के तौर पर कटी हुई पेंट की जेब दिखाई और उसमें कटा हुआ एक 500 रुपये के नोट का टुकड़ा भी दिखाया। इसके बाद उन्होंने गोला का मंदिर थाने पर पहुंचकर पुलिस को पूरा घटनाक्रम बताया, जहां पुलिस ने उनसे आवेदन लेकर मामले को जांच में ले लिया है।

### कहानी में पेंच

उधर फरियादी जिस तरह का बर्ताव कर रहा है, उससे कहानी में पेंच नजर आ रहा है। गोला का मंदिर टीआई हरेंद्र शर्मा के मुताबिक सुबह वह थाने पर नहीं थे, जिससे फरियादी का आवेदन ले लिया गया था। शाम को कॉल कर उसे आने को कहा, तो उसने बताया कि तबियत ठीक नहीं होने से वह अभी नहीं आ पाएगा। फरियादी का कहना है कि बिरला नगर पुल से चढ़ते वक्त बाइक सवार युवक ने हाथ दिया और अपने साथी को आगे छोडने को कहा। उसकी इच्छा नहीं थी, लेकिन वह जबरन पीछे बैठ गया। इतना सुब कुछ होने के बावजूद फरियादी ना तो बाइक का नंबर बता पा रहा है और ना ही यह बता रहा है कि बाइक किस कंपनी की थी। वहीं वह यह भी कह रहा है कि लिफ्ट लेने वाले युवक को वह पहचान भी नहीं पाएगा। ऐसे में पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज की मदद ले हकीकत पता करेगी।

# अवैध हथियार लेकर घूम रहा बदमाश गश्त के दौरान दबोचा



### आरोपी के कब्जे से 315 बोर का कट्टा व तीन राउंड बरामद

**ग्वालियर।** किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की नीयत से अवैध हथियार लेकर घूम रहे बदमाश को गोला का मंदिर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान धरदबोचा, जिसके कब्जे से 315 बोर का कट्टा व तीन राउंड बरामद हुए हैं। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कायमी कर उनसे पूछताछ की जा रही है।

एसएसपी धर्मवीर सिंह द्वारा सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में सतत गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके चलते गोला का मंदिर टीआई हरेंद्र शर्मा बीती शाम फोर्स के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान जब वह गश्त करते हुए मुरार एनक्लेव स्थित सुरूचि होटल के पास से गुजरे, तो वहां खड़ा एक संदिग्ध युवक, पुलिस टीम को देखकर छुपने का प्रयास करने लगा। शंका होने पर टीम मेंबर्स ने घेराबंदी करते हुए उसे धरदबोचा। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का कट्टा एवं तीन कारतूस बरामद हुए। इस पर आरोपी को गिरफ्तार कर थाने ला गया, जहां की गई पूछताछ में उसने अपना नाम राजवीर सिंह पुत्र बेताल सिंह घुरैया (25 वर्ष) निवासी ग्राम पारसेन थाना बिजौली बताया है। आरोपी के मुताबिक गांव में उसका कुछ लोगों से विवाद चल रहा है, जिन्होंने उसे मारने का चैलेंज किया हुआ है, इसी कारण वह अपनी सुरक्षा के लिए यह हथियार लेकर चल रहा था।

### पूर्व से दर्ज है आपराधिक प्रकरण

पुलिस के हत्थे चढ़े राजवीर सिंह पर बिजौली थाने में पूर्व से अपराध दर्ज है। जिससे पुलिस उसकी बात पर भरोसा नहीं करते हुए हकीकत का पता लगाने के लिए पूछताछ में जुटी हुई है। आरोपी के खिलाफ धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

### पुराने दौर में में लौटने को आतुर गंगादास की बड़ी शाला

## 19 अप्रैल को होगी पूरी रात की संगीत सभा 30 से अधिक कलाकारों की होगी भागीदारी

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

शहर के प्रतिष्ठित ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल सिद्धपीठ गंगादास की बड़ी शाला एक बार फिर अपने पुराने सांस्कृतिक दौर में लौटने को आतुर है। एक जमाना था जब शाला का परिसर पूरी रात सुरलहरियों से गूंजता था, और बड़ी संख्या में संगीत साधक और रसिकजन रात भर की संगीत सभाओं में उपस्थित होते थे। तब रागायन के संस्थापक एवं ग्वालियर घराने के मूर्धन्य गायक साकेतवासी पंडित सीतारामशरण महाराज के सानिध्य में यह सब होता था। अब शाला के महंत और रागायन के अध्यक्ष रामसेवक दास महाराज ने पुनः इस परंपरा को शुरू करने की पहल की है। इस क्रम में 19 अप्रैल को पूरी रात की विशेष संगीत सभा का आयोजन किया जा रहा है। रागायन के उपाध्यक्ष अनंत महाजनी ने बताया कि यूं तो सिद्धपीठ गंगादास की बड़ी शाला और रागायन शुरू से ही सांगीतिक सरोकारों के प्रति सदैव से ही आग्रही रहे हैं। रागायन के संस्थापक पंडित सीतारामशरण महाराज जो स्वयं मूर्धन्य गायक थे और जिन्होंने अनेक शिष्य तैयार किए, उन्होंने ही वर्ष 1990 में संस्था की स्थापना के साथ रात्रिकालीन संगीत सभा की परंपरा शुरू की थी। तब शहर और बाहर से भी बड़े कलाकार शाला में अपनी हाजिरी देने आते थे। समय बीतने और पंडित सीतारामशरण के निधन के पश्चात संगीत सभा का स्वरूप छोटा तो हुआ पर बंद नहीं हुआ। मासिक संगीत सभा 35 वर्षों से जारी है और इसमें तीन सांगीतिक प्रस्तुतियां होती हैं। इस बार इस परंपरा को जीवंत करने की पहल स्वयं रागायन के अध्यक्ष स्वामी रामसेवक दास ने की है।

# महापौर ने सन् 1944 में शहीद हुए फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को दी श्रद्धांजलि



फायर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**ग्वालियर।** राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस एवं अग्निशमन सेवा सप्ताह कार्यक्रम में सन् 1944 में शहीद हुए फायर बिग्रेड कर्मचारियों को महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने श्रद्धांजलि अर्पित कर फायर बिग्रेड वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपनेता सत्तापक्ष मंगल भैया योगेन्द्र, एमआईसी सदस्य अवधेश कौरव, गायत्री सुधीर मंडेलिया, प्रेमलता धर्मेन्द्र जैन, ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि जंडेल सिंह, उपायुक्त सत्यपाल सिंह चौहान, सहायक खेल अधिकारी विजेता सिंह चौहान सहित सभी फायर बिग्रेड कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर डॉ. सिकरवार ने कहा कि फायर कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्य काफी सराहनीय हैं। आपके कारण ही अग्नि दुर्घटनाओं से शहर सुरक्षित है, आपका कार्य हर कोई नहीं कर सकता है। कई बड़ी अग्नि दुर्घटनाओं में आपने बड़ी सफलता से विजय पाई है। इसके साथ ही महापौर डॉ. शोभ सतीश सिंह सिकरवार ने फायर विभाग में अच्छा कार्य करने वाले फायर कर्मियों का सम्मान प्रशस्ति पत्र देकर किया। 14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया डॉक मुंबई में पानी के जहाज पर सेना की विस्फोटक सामग्री भरी हुई थी। भरी हुई सामग्री में आग लग जाने पर बॉम्बे फायर ब्रिगेड के 100 अधिकारी, कर्मचारियों को आग पर नियंत्रण पाने के लिये भेजा गया। किन्तु आगजनी की घटना इतनी बड़ी थी कि अग्निकांड में 66 फायर सर्विस के कर्मचारी आग पर नियंत्रण पाने में शहीद हो गये । उनकी याद में यह दिवस दिनांक 14 अप्रैल से 20 अप्रैल के मध्य शहीदों की श्रद्धांजलि देने के लिए अग्निशमन सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। महापौर डॉ. शोभ सतीश सिंह सिकरवार एवं अतिथियों द्वारा फायर ब्रिगेड के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन शहर के मुख्य मार्गो पर जन-जागरूकता रैली निकालकर फायर वाहनों एवं अग्निशमन उपकरणों का उपयोग आम नागरिकों के समक्ष प्रदर्शन किया।


**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**
**भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.13 वार्ड क्रं.58, भवन क्रं., स्थान: बी–16, चेतकपुरी ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती मनोज सिंघल/श्री बजरंग प्रसाद सिंघल के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000151521 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 3000 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं.MP142602024A1412979 दिनांक 29.03.2024 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र मोती महल क्षे. क्रं.13 पर दिनांक 17.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं.78/2011/30777/30703/प्र. क्रं.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**अशोक कुमार जैन/श्री हरिदास जैन**
**बीना जैन/श्री अशोंक कुमार जैन**
पता : बी-16, चेतकपुरी वार्ड-58
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 17.04.2025

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.22 वार्ड क्रं.61, भवन क्रं., स्थान: ए–182, एच.जी.रोजवुड सिरौल ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती नीरज कुमार शर्मा/स्व. श्री रामस्वरूप शर्मा, एच.जी. इन्फाटेक प्रा. लि. द्वारा धीरज प्रकाश अग्रवाल के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1269 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं. MP142592025A1217527 दिनांक 26.03.2025 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र खुरेरी क्षे. क्रं.22 पर दिनांक 17.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 87/2015/20543/20282/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**आकाश सिंह कौरव/श्री उत्तम सिंह कौरव**
**श्रीमती प्रियंका कौरव/श्री आकाश सिंह**
पता : एच.जी.रोजवुड सिरौल वार्ड-61
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 17.04.2025

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.02 वार्ड क्रं.09, भवन क्रं.903, स्थान: चौक बाजार ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती मीरा गोयल/श्री रामबाबू गोयल के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000343345 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 350 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं.MP142602025 A1132040 दिनांक 28.02.2025 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र नौमहला क्षे. क्रं.02 पर दिनांक 16.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 61/2010/57150/57366/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**बसन्ती देवी गुप्ता/श्री प्रभूदयाल गुप्ता**
पता : चौक बाजार वार्ड-09
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 17.04.2025

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.17 वार्ड क्रं.38, भवन क्रं., स्थान: अयोध्या नगरी ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती नवल सिंह कुशवाह/श्री खेमसिंह के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 2000235380 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 2257 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं.MP142602025 A1012515 दिनांक 06.01.2025 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ढोली बुआ का पुल क्षे. क्रं.17 पर दिनांक 17.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 71/2010/57665/57860/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**श्रीमती सरोज/श्री रामसेवक**
पता : अयोध्या नगरी वार्ड-38
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 17.04.2025

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.06 वार्ड क्रं.31, भवन क्रं.1526, स्थान: ए–1, न्यू साकेत नगर ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती वीरेन्द्र शर्मा/श्री लीलाधर शर्मा के नाम से नगर निगम में आई. डी. क्रं.1000271218 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 2277 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं.मृत्युउपरान्त–उत्तराधिकार द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र पडाव क्षे. क्रं.06 पर दिनांक 08.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 63/2010/47364/47365/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**नरेश कुमार शर्मा/ स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार शर्मा**
पता : न्यू साकेत नगर वार्ड-31
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 17.04.2025

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.14 वार्ड क्रं.60, भवन क्रं., स्थान: 08 ब्लॉ सी, हिलव्यू कॉलोनी ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती राज बिल्डर्स द्वारा राजेश सिंह, राजेन्द्र उपाध्याय के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं.... पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1129 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं.A1/3802 दिनांक 18.03.2011 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र कैलाश नगर क्षे. क्रं.14 पर दिनांक 17.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं.79/2011/41107/41055/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**तरुण वेदी/श्री लक्ष्मीनारायण वेदी**
पता : 08 ब्लॉक सी, हिलव्यू कॉलोनी वार्ड-60
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 17.04.2025

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.14 वार्ड क्रं.60, भवन क्रं.5322, स्थान: पवनसुत कॉलोनी ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती उमाशंकर/श्री रममे, सुखदेवी/श्री उमाशंकर के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं.1000228922 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 600 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं. MP142592025A1168180 दिनांक 11.03.2025 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र कैलाश नगर क्षे. क्रं.14 पर दिनांक 17.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 79/2011/41087/ 41035/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**शशी गुप्ता/श्री जीतेन्द्र गुप्ता**
पता : पवनसुत कॉलोनी वार्ड-60
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 17.04.2025

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.14 वार्ड क्रं.60, भवन क्रं., स्थान: 18, नेचर पार्क ग्राम डोंगरपुर ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती उमाशंकर/श्री रममे, सुखदेवी/श्री उमाशंकर के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं.... पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1440 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं.MP142592025 A1263117 दिनांक 01.04.2025 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र कैलाश नगर क्षे. क्रं.14 पर दिनांक 17.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 79/2011/41083/41031/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**मनोज कुमार चांदवानी/श्री सौकतराम**
**सुमन चांदवानी/श्री मनोज कुमार चांदवानी**
पता : 18, नेचर पार्क ग्राम डेंगरपुर वार्ड-60
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 17.04.2025

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**
**भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.16 वार्ड क्रं.35, भवन क्रं.383, स्थान: आप्टे की पायगा ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती लता करंदीकर/श्री केशव गोपालराव करंदीकर के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं.100031313 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 325 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं. MP142602023A11698828 दिनांक 06.04.2023 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र जीवाजीगंज क्षे. क्रं.16 पर दिनांक 26.03.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 81/2010/34513/59739/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**राहुल पटवर्धन, रोहत पटवर्धन**
**/श्री रामचन्द्र पटवर्धन**
पता : आप्टे की पायगा वार्ड-35
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 17.04.2025

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**
**भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.16 वार्ड क्रं.35, भवन क्रं.428, स्थान: बावन पायगा ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती विशाल शर्मा, यतेन्द्र शर्मा/स्व. श्री गोपाल कृष्ण शर्मा के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं.1000145021 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं. MP142602025A1204338 दिनांक 24.03.2025 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र जीवाजीगंज क्षे. क्रं.16 पर दिनांक 26.03.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 81/2010/34514/59740/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**शबाना परबीन/श्री इमरान खांन**
पता : बावन पायगा वार्ड-35
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 17.04.2025

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**
**भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.23 वार्ड क्रं.63, भवन क्रं.50001, स्थान: मालनपुर ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती पदमचंद सिंघल/श्री सियाराम सिंघल, अशोक बंसल/स्व. श्री गणेशचंद के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000220600 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 18083 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं. द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र पुरानी छावनी क्षे. क्रं.23 पर दिनांक 07.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं.86/2015/23405/23488/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**मुकेश अग्रवाल/श्री मुरारीलाल अग्रवाल**
पता : मालनपुर वार्ड-63, निवास: 6, नदी गेट ग्वालियर
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 17.04.2025

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**
**भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.23 वार्ड क्रं.63, भवन क्रं.50001, स्थान: मालनपुर ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती महेशचंद सिंघल/श्री बद्रीप्रसाद सिंघल के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000220599 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 11950 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं. द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र पुरानी छावनी क्षे. क्रं.23 पर दिनांक 07.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं.86/2015/23406/23489/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**मिन्ट स्टोन एण्ड टाईल्स प्रा.लि.-**
**मनीष बंसल/श्री जयप्रकाश बंसल**
पता : मालनपुर वार्ड-63, निवासः दाल बाजार ग्वालियर
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 17.04.2025

**कार्यालय ग्वालियर विकास प्राधिकरण ग्वालियर (म.प्र.)**

क्रमांक/शताब्दीपुरम / सम्पदा/2025/3611
ग्वालियर दिनांक 17/4/25

:: सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कोमल सिंह यादव, श्री केशव सिंह यादव, श्री इन्दर सिंह यादव, श्रीमती सजन यादव, श्री यमन यादव, कृष्णा यादव एवं श्री महेश सिंह यादव, निवासी - गोशपुरा नं. 1 हजीरा ग्वालियर को शताब्दीपुरम योजना फेज-2 अन्तर्गत भूमि के बदले विकसित भूखण्ड क्रमांक डब्ल्यू-794 (एस.आर.) आकार 9×15 क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर प्राधिकरण के पत्र क्रमांक 6207 दिनांक 05.01.2022 द्वारा आवंटित है। श्री कोमल सिंह यादव, श्री केशव सिंह यादव, श्री इन्दर सिंह यादव, श्रीमती सजन यादव, श्री यमन यादव, कृष्णा यादव द्वारा नियुक्त मु. आम श्री महेश सिंह यादव द्वारा उक्त भूखण्ड उप पंजीयक कार्यालय ग्वालियर में दिनांक 03.11.2022 को श्रीमती गीता देवी पत्नि श्री पुष्पेन्द्र सिंह तोमर, निवासी- सैनिक कॉलोनी पिन्टोपार्क ग्वालियर एवं श्रीमती मंजू देवी पत्नि श्री रायसिंह भदौरिया, निवासी- सैनिक कॉलोनी पिन्टोपार्क, ग्वालियर को विक्रय कर दिया। श्रीमती गीता देवी एवं श्रीमती मंजू देवी द्वारा उक्त भूखण्ड का नामांतरण स्वयं के नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 07 दिवस के अन्दर कार्यालय में प्रस्तुत करे, नियत अवधि के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार नामांतरण/ हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी**
**ग्वालियर विकास प्राधिकरण**
**ग्वालियर**

**कार्यालय ग्वालियर विकास प्राधिकरण ग्वालियर (म.प्र.)**

क्रमांक/शताब्दीपुरम / सम्पदा/2025/3612
ग्वालियर दिनांक 17/4/25

:: सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कोमल सिंह यादव, श्री केशव सिंह यादव, श्री इन्दर सिंह यादव, श्रीमती सजन यादव, श्री यमन यादव, कृष्णा यादव एवं श्री महेश सिंह यादव, निवासी- गोशपुरा नं. 1 हजीरा ग्वालियर को शताब्दीपुरम योजना फेज-2 अन्तर्गत भूमि के बदले विकसित भूखण्ड क्रमांक डब्ल्यू-803 (एस.आर.) आकार 9×15 क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर प्राधिकरण के पत्र क्रमांक 6207 दिनांक 05.01.2022 द्वारा आवंटित है। श्री कोमल सिंह यादव, श्री केशव सिंह यादव, श्री इन्दर सिंह यादव, श्रीमती सजन यादव, श्री यमन यादव, कृष्णा यादव द्वारा नियुक्त मु. आम श्री महेश सिंह यादव द्वारा उक्त भूखण्ड उप पंजीयक कार्यालय ग्वालियर में दिनांक 03.11.2022 को श्रीमती श्वेता रजक पत्नि श्री जीतू रजक, निवासी- बी.एल. -139, दीनदयाल नगर, ग्वालियर को विक्रय कर दिया। श्रीमती श्वेता रजक द्वारा उक्त भूखण्ड का नामांतरण स्वयं के नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 07 दिवस के अन्दर कार्यालय में प्रस्तुत करे, नियत अवधि के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार नामांतरण/ हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी**
**ग्वालियर विकास प्राधिकरण**
**ग्वालियर**

**कार्यालय ग्वालियर विकास प्राधिकरण ग्वालियर (म.प्र.)**

क्रमांक/शताब्दीपुरम / सम्पदा/2025/3617
ग्वालियर दिनांक 17/4/25

:: सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कोमल सिंह यादव, श्री केशव सिंह यादव, श्री इन्दर सिंह यादव, श्रीमती सजन यादव, श्री यमन यादव, कृष्णा यादव एवं श्री महेश सिंह यादव, निवासी - गोशपुरा नं. 1 हजीरा ग्वालियर को शताब्दीपुरम योजना फेज-2 अन्तर्गत भूमि के बदले विकसित भूखण्ड क्रमांक डब्ल्यू-801 (एस.आर.) आकार 9×15 क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर प्राधिकरण के पत्र क्रमांक 6207 दिनांक 05.01.2022 द्वारा आवंटित है। श्री कोमल सिंह यादव, श्री केशव सिंह यादव, श्री इन्दर सिंह यादव, श्रीमती सजन यादव, श्री यमन यादव, कृष्णा यादव द्वारा नियुक्त मु. आम श्री महेश सिंह यादव द्वारा उक्त भूखण्ड उप पंजीयक कार्यालय ग्वालियर में दिनांक 13.09.2022 को श्रीमती अल्का राठौर पुत्र श्री बैजनाथ सिंह नाठौर निवासी- ओ-48 फेस-2 शताब्दीपुरम दीनदयाल नगर, गोले का मन्दिर, नियर लोधी मार्केट, ग्वालियर को विक्रय कर दिया। श्रीमती अल्का राठौर द्वारा उक्त भूखण्ड का नामांतरण स्वयं के नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 07 दिवस के अन्दर कार्यालय में प्रस्तुत करे, नियत अवधि के पश्चातरी आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार नामांतरण/ हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी**
**ग्वालियर विकास प्राधिकरण**
**ग्वालियर**

**कार्यालय ग्वालियर विकास प्राधिकरण ग्वालियर (म.प्र.)**

क्रमांक/शताब्दीपुरम / सम्पदा/2025/3624
ग्वालियर दिनांक 17/4/25

:: सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कोमल सिंह यादव, श्री केशव सिंह यादव, श्री इन्दर सिंह यादव, श्रीमती सजन यादव, श्री यमन यादव, कृष्णा यादव एवं श्री महेश सिंह यादव, निवासी- गोशपुरा नं. 1 हजीरा ग्वालियर को शताब्दीपुरम योजना फेज-2 अन्तर्गत भूमि के बदले विकसित भूखण्ड क्रमांक डब्ल्यू-800 (एस.आर.) आकार 9×15 क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर प्राधिकरण के पत्र क्रमांक 6207 दिनांक 05.01.2022 द्वारा आवंटित है। श्री कोमल सिंह यादव, श्री केशव सिंह यादव, श्री इन्दर सिंह यादव, श्रीमती सजन यादव, श्री यमन यादव, कृष्णा यादव द्वारा नियुक्त मु. आम श्री महेश सिंह यादव द्वारा उक्त भूखण्ड उप पंजीयक कार्यालय ग्वालियर में दिनांक 03.11.2022 को श्रीमती राखी राठौर पुत्र श्री रोहित राठौर निवासी- बी.एच.-1 सैक्टर-बी, दीनदयाल नगर, ग्वालियर को विक्रय कर दिया। श्रीमती राखी राठौर द्वारा उक्त भूखण्ड का नामांतरण स्वयं के नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 07 दिवस के अन्दर कार्यालय में प्रस्तुत करे, नियत अवधि के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार नामांतरण / हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी**
**ग्वालियर विकास प्राधिकरण**
**ग्वालियर**

## ब्रीफ न्यूज

### रूस ने किया हमला: खेरसान में एक की मौत, नौ घायल

**कीव।** रूस लगातार यूक्रेन पर हमले कर रहा है। लोग मारे जा रहे हैं और शांति के प्रयास लगातार असफल होते जा रहे हैं। यूक्रेन के दक्षिणी शहर खेरसान पर बुधवार को रूस ने ग्लाइड बम और तोपों से हमला किया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारी ओलेक्सांद्र प्रोकोडिन ने बताया कि सुबह पहले रूस ने बमबारी की और जब बचाव दल मौके पर पहुंचे, तो रूसी सेना ने दोबारा तोपों से हमला कर दिया। प्रोकोडिन ने कहा, यह रूस की एक सोची-समझी चाल है ताकि घायलों को बचाया न जा सके और डॉक्टरों, पुलिस और बचाव कर्मियों को नुकसान पहुंचे।

### जहां भारतीयों की एंट्री बंद थी वहीं लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा

**ब्लूमफोनटेन।** दक्षिण अफ्रीका के फ्री स्टेट प्रांत की राजधानी ब्लूमफोनटेन में अब महात्मा गांधी की कांस्य प्रतिमा शान से खड़ी है। यह वही इलाका है, जहां रंगभेद कानूनों के चलते एक सदी से ज्यादा समय तक भारतीयों का प्रवेश वर्जित था। महात्मा गांधी की यह प्रतिमा मशहूर मूर्तिकार पद्मभूषण रामवांगी सुतार ने बनाई है। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने इसे आंग्ल-बोअर युद्ध संग्रहालय को दान किया। 11 अप्रैल को भारतीय उच्चायुक्त प्रभात कुमार ने आंग्ल-बोअर युद्ध संग्रहालय में इसका अनावरण किया। इस मौके पर भारतीयों की इस युद्ध में भूमिका पर एक डॉक्यूमेंट्री और किताब भी जारी की गई।

### स्कूल में छात्र ने की गोलीबारी, चार घायल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के डलास में विलमर-हचिंग हाई स्कूल में एक छात्र ने मंगलवार को गोलीबारी की। जिसमें चार छात्र घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी छात्र ने एक असुरक्षित दरवाजे से स्कूल में प्रवेश किया और फिर छात्रों के एक समूह की ओर बढ़ते हुए गोलीबारी की। इस दौरान उसने एक छात्र को नजदीक से गोली मारी। घायल छात्रों की उम्र 15 से 18 साल के बीच है।

### कैदी की मौत को लेकर 10 जेल कर्मियों पर प्रकरण दर्ज

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक जेल में 22 वर्षीय कैदी की मौत को लेकर 10 जेल सुरक्षा कर्मियों पर मामला दर्ज किया गया है। इनमें से दो सिक्योरिटी गार्ड पर हत्या का आरोप लगाया गया है। यह इस साल दूसरी बार है जब न्यूयॉर्क में किसी कैदी की मौत को लेकर जेल कर्मियों पर हत्या का मुकदमा चला है।

### डब्ल्यूटीओ का अनुमानः 2025 में घटेगा वैश्विक व्यापार

**वॉशिंगटन।** डब्ल्यूटीओ ने अनुमान जताया है कि अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ युद्ध के कारण 2025 में वैश्विक वस्तु व्यापार में 0.2 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। डब्ल्यूटीओ ने चेतावनी दी है कि अगर दोनों देशों के बीच टैरिफ बढ़ाने का सिलसिला और अनिश्चित व्यापार नीतियां जारी रहीं, तो व्यापार में 1.5 प्रतिशत तक की गिरावट हो सकती है।

---

### मौसम ने बरसाया 35 मिनट कहर

# इस्लामाबाद को अचानक आई भयानक ओलावृष्टि, बाढ़ और आंधी ने उजाड़ा



एजेंसी ■ इस्लामाबाद

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद और खैबर पख्तूनख्वा में अचानक आई भयानक ओलावृष्टि ने जमकर तबाही मचाई। 35 मिनट की आंधी और ओले ने इस्लामाबाद को तहस-नहस कर दिया। गाड़ियों के शीशे चकनाचूर, सोलर पैनल बर्बाद, पेड़ उखड़ गए और कई इलाकों में बाढ़ ने कोहराम मचा दिया। अचानक हुई बारिश के कारण निचले इलाकों में बाढ़ आ गई, जिससे सड़कें और घर डूब गए। तारनोल इलाका सबसे ज्यादा प्रभावित रहा जहां उखड़े पेड़ों ने रास्ते बंद कर दिए। इस बारिश ने गर्मी से राहत दी, लेकिन कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। डिप्टी कमिश्नर ऑफिस ने कहा, हमारी टीमें सड़कों पर हैं, पानी निकासी का काम जारी है। नुकसान का आकलन हो रहा है। ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर यातायात बहाल किया जा रहा है। अप्रैल में जहां दक्षिणी पंजाब, सिंध और बलूचिस्तान में तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया, वहीं इस्लामाबाद में यह बारिश कुछ राहत लेकर आई। लेकिन यह राहत महंगी साबित हुई। पाकिस्तान मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आज से 20 अप्रैल तक इस्लामाबाद, रावलपिंडी और अन्य उत्तरी इलाकों में बारिश, आंधी और तूफान का दौर जारी रहेगा। खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान, मरी और आसपास के पहाड़ी इलाकों में आग का खतरा बढ़ेगा। मई-जून में अरब सागर में चक्रवात बन सकते हैं, जो तटीय इलाकों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।यह कोई साधारण बारिश नहीं थी, बल्कि सीधे तौर पर प्रकृति का गुस्सा था, जो जलवायु परिवर्तन की चेतावनी दे रहा है। इस्लामाबाद में अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। 35 मिनट तक आसमान से टेनिस बॉल के आकार के ओले बरसते रहे। इसने सब कुछ तहस-नहस कर दिया। सोशल मीडिया पर कई वीडियो आए हैं, जिसमें दिख रहा है कि दर्जनों गाड़ियां ओले की मार से बर्बाद हो चुकी हैं। बारिश थमने के बाद लोगों ने अपने घरों और गाड़ियों को देख कर सिर पर हाथ रख लिया। खैबर पख्तूनख्वा में भी बाढ़ ने हालात बिगाड़ दिए हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का कहना है, हम लंडीकोटल, मरदान और अन्य जिलों में बाढ़ से निपटने को तैयार हैं। फसलों को हुए नुकसान की अभी कोई पक्की खबर नहीं, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ रही है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की सीनेटर और पूर्व जलवायु परिवर्तन मंत्री शेरी रहमान ने इसे 'भयानक' करार दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा, ओले गोली की तरह बरस रहे थे। यह जलवायु परिवर्तन की वजह से मौसम की उग्रता है। यह कोई सामान्य घटना नहीं, यह इंसानी हरकतों का नतीजा है, जैसे गंदी ऊर्जा का इस्तेमाल और बढ़ता उत्सर्जन।

---

# रूस-चीन की साजिश बेनकाब! यूक्रेन ने दुनिया को दिखाए चीनी सैनिक

### यूक्रेन ने दुनिया को चौंकाते हुए चीनी सैनिकों की मीडिया के सामने परेड कराई गई



एजेंसी ■ मॉस्को

रूस और यूक्रेन के युद्ध में यूक्रेन ने चीनी नागरिकों को पकड़ा था। इससे सवाल उठने लगा कि क्या चीन चुपके से रूस के साथ मिलकर यूक्रेन को तबाह करने में लगा है यूक्रेन ने दुनिया को चौंकाते हुए चीनी सैनिकों की मीडिया के सामने परेड कराई गई। यह अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून का उल्लंघन है, लेकिन यूक्रेन ने चीन को झूठा साबित करने के लिए यह जोखिम उठाया है। चीन इससे भड़क गया है। उसने कहा है कि न तो उसने युद्ध शुरू किया और न ही उसमें भागीदार है। उसने यूक्रेन को गैर-जिम्मेदार बयान देने से बचने को कहा। दूसरी ओर यूक्रेन ने आरोप लगाया है कि रूस ऊर्जा ढांचे पर हमले कर रहा है। जर्मनी और ब्रिटेन जैसे देश यूक्रेन के साथ खड़े हो रहे हैं।

यूक्रेन ने चीन को करारा जवाब देते हुए दो चीनी युद्धबंदियों को दुनिया के सामने लाकर खड़ा कर दिया। ये लोग रूसी सेना के साथ मिलकर यूक्रेन के खिलाफ लड़ रहे थे। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने हाल ही में दावा किया कि 155 चीनी नागरिक रूस की ओर से युद्ध में शामिल हैं। बीजिंग ने इसे झूठ बताकर पल्ला झाड़ लिया, लेकिन यूक्रेन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इन युद्धबंदियों को पेश कर चीन के दावे की हवा निकाल दी। ज़ेलेंस्की ने गुस्से में कहा था कि रूस, चीन को इस युद्ध में घसीट रहा है। चीन पर भड़कते हुए उन्होंने कहा कि बीजिंग चुपचाप अपने लोगों को रूसी सेना में भर्ती होने दे रहा है। यह कदम अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है, लेकिन यूक्रेन ने चीन को गलत साबित करने के लिए यह जोखिम उठाया ताकि दुनिया को सच पता चले। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक युद्धबंदी ने बताया कि कोविड-19 में नौकरी चली जाने के बाद उसे रूस में हर महीने 2.5 लाख रूबल की कमाई का लालच दिया गया। चीन में जितना कमाता थे उससे दोगुना था। उसे मेडिकल काम का वादा किया गया, लेकिन मॉस्को पहुंचते ही युद्ध प्रशिक्षण देकर हथियार थमा दिए गए। दोनों युद्धबंदियों ने कहा कि वे रूसी भाषा नहीं समझते थे और इशारों में बात करते थे।

रूस ने यूक्रेन पर हमले और तेज कर दिए हैं। 16 अप्रैल की रात ड्निप्रो में हुए ड्रोन हमले में एक युवा लड़की और एक बुजुर्ग महिला की जान चली गई। 28 लोग घायल हुए, जिनमें 9 महीने, 6 साल और 11 साल के बच्चे भी शामिल हैं। हमले के कारण स्कूल, घर और कारें जलकर खाक हो गईं। एक ड्रोन ड्निप्रो सिटी हॉल के पास गिरा। यूक्रेन के गवर्नर सर्ही लिसाक ने कहा, रूस मासूमों को निशाना बना रहा है। यूरोपीय नेताओं ने इस हमले को 'दिल दहलाने वाला' बताया। रूस ने मार्च में हुए आंशिक युद्धविराम को बार-बार तोड़ा है। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने बताया कि रूस ने 30 से ज्यादा बार ऊर्जा ढांचे पर हमले किए। पिछले 24 घंटों में ही मायकोलाइव, खेरसॉन और पोल्टावा में बिजली लाइनों और ट्रांसफॉर्मर को निशाना बनाया गया। मार्च में रूस ने 30 दिन के लिए ऊर्जा ढांचे पर हमले रोकने का वादा किया था। ब्लैक सी में समुद्री युद्धविराम भी इसका हिस्सा था। यूक्रेन ने इन उल्लंघनों के सबूत अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भेजे हैं। यूक्रेन को अब जर्मनी से हथियार मिलने वाले हैं। नए चांसलर फ्रेडरिच मर्ज ने संकेत दिया है कि वह यूक्रेन को टॉरस क्रूज मिसाइल दे सकते हैं। यह मिसाइल रूस के अंदर तक ठिकानों को निशाना बना सकती है।

---

# अमेरिकी नीतियों से खफा ईरान चाहता है भारत से पक्की दोस्ती, पाक नहीं देता भाव



एजेंसी ■ तेहरान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों से पूरी दुनिया परेशान हो रही है। ईरान भी इसको लेकर काफी दिक्कतों को महसूस कर रहा है। ऐसे में ईरान भारत से नजदीकी रिश्ते और पाकिस्तान को अलग थलग रखने की कोशिश कर रहा है। ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के संदेश से साफ पता चलता है कि ईरान ब्रिक्स देशों के संगठन में शामिल होना चाहता है जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। पाकिस्तान पिछले कई वर्षों से ब्रिक्स में शामिल होने की कोशिश कर रहा है। चीन उसकी मदद करना चाहता है लेकिन भारत इसके पक्ष में नहीं है। अगर ईरान को इस ग्रुप में एंट्री मिलती है तो ब्रिक्स एक फौलादी इकॉनामिक ताकत बन कर उभर सकता है। ब्रिक्स में शामिल देशों का दुनिया के कुल व्यापार में लगभग 18 प्रतिशत और कुल जीडीपी में 32 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा है। इसमें चीन सबसे आगे है। चीन का निर्यात 2023 में 13प्रतिशत बढ़ा और उसका बड़ा हिस्सा उसकी अर्थव्यवस्था में योगदान देता है। चीन अब तक सस्ते में अपना सामान अमेरिका में ठेल रहा था लेकिन ट्रंप टैरिफ के बाद ऐसा मुश्किल लग रहा है।इसलिए उसकी कोशिश भारत और रूस के साथ रिश्ते बढ़ाने की है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग कई बार हाथी और ड्रैगन के बीच डांस की बात कर चुके हैं। उन्हें पता है कि बदले माहौल में भारत का बड़ा मार्केट उनके लिए संजीवनी है। चीन और रूस के बीच व्यापार 2023 में रिकॉर्ड 240 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। चीन रूस से सस्ता तेल खरीद रहा है और रूस इलेक्ट्रॉनिक्स खरीद रहा है।

---

# अवैध प्रवासियों को फ्लाइट टिकट और पैसे देकर वापस भेजेगा अमेरिका



एजेंसी ■ वॉशिंगटन

अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों के लिए एक नया 'सेल्फ-डिपोर्टेशन प्रोग्राम' राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुरू करना चाहते हैं। इस योजना के तहत जो प्रवासी अपनी इच्छा से अमेरिका छोड़ने का विकल्प चुनेंगे, उन्हें सरकार की ओर से हवाई जहाज का टिकट और एक तय रकम दी जाएगी। ट्रंप का यह बयान अब तक की उनकी सख्त इमिग्रेशन पॉलिसी में एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है। हालांकि ट्रंप ने इस योजना के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी जैसे यह कब शुरू होगी लेकिन उन्होंने कहा कि अमेरिका ऐसे प्रवासियों को एयरफेयर और एक तय राशि देगा। इसके साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि जो अच्छे प्रवासी हैं, उन्हें वापस अमेरिका लाने पर भी विचार किया जाएगा। ट्रंप, जिन्होंने अपने चुनाव प्रचार में बड़े पैमाने पर निर्वासन का वादा किया था, ने फॉक्स नॉटिसियास को दिए एक रिकॉर्डेड इंटरव्यू में कहा कि उनकी सरकार इस समय हत्यारों को देश से बाहर निकालने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। लेकिन जो बाकी अवैध प्रवासी हैं, उनके लिए वह सेल्फ-डिपोर्टेशन प्रोग्राम लागू करने जा रहे हैं। रिपब्लिकन राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी कहा कि वह होटलों और फार्मों को ज़रूरी मजदूर उपलब्ध कराने में मदद करना चाहते हैं और खाली पदों के लिए उपयुक्त लोगों की सिफारिश करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह किसानों के लिए बहुत राहत देने वाला कदम होगा। ट्रंप ने आगे कहा कि वह चाहते हैं कि जो प्रवासी वर्तमान में अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे हैं, वे स्वेच्छा से देश छोड़ें और फिर कानूनी अनुमति के साथ वापस आएं।

### अमेरिका में भारतीय मूल का डॉक्टर नियंत्रित दवा वितरण की साजिश में दोषी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में भारतीय मूल के डॉक्टर नील आनंद को 2.3 मिलियन डॉलर की साजिश के तहत नियंत्रित दवाओं के अवैध वितरण और हेल्थकेयर फ्रॉड में भाग लेने के आरोप में दोषी ठहराया गया है। यह जानकारी अमेरिकी न्याय विभाग ने दी। 48 वर्षीय नील आनंद को पेंसिल्वेनिया की एक संघीय अदालत ने दोषी करार दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आनंद ने ऑक्सीकोडोन नामक दर्द निवारक और अत्यधिक नशे की लत लगाने वाली नियंत्रित दवा के लिए प्री-साइन्ड प्रिस्क्रिप्शन जारी किए। इन नुस्खों का उपयोग उसके इंटर्न्स ने किया, केवल नौ मरीजों को ट्रीट करने में 20,850 टैबलेट का उपयोग किया गया। न्याय विभाग ने कहा कि ऑक्सीकोडोन एक ओपिओइड दर्द निवारक है जिसका उपयोग नशे के लिए भी किया जाता है और अमेरिका में इसकी लत महामारी का रूप लेती जा रही है। आरोप में आनंद के मेडिकली अनावश्यक प्रिस्क्रिप्शन मेडिकेशन्स को गुडी बैग्स का नाम दिया गया है।

# 50 लाख साल पहले आई बाढ़ ने सूख चुके भूमध्य सागर को पानी से भर दिया : शोध

एजेंसी ■ लंदन

करीब 50 लाख साल पहले धरती पर एक ऐसी विनाशकारी घटना हुई, जिसने न सिर्फ भूगोल को बदल दिया बल्कि आज के भूमध्य सागर का जन्म को भी तय किया। वैज्ञानिकों के अनुसार तब भूमध्य सागर पूरी तरह सूख चुका था और यह इलाका एक विशाल, गर्म, सूखी और नमकीन घाटी जैसा था। अटलांटिक महासागर से संपर्क टूटने के कारण यहाँ का जल स्तर हजारों फीट नीचे चला गया और नमक की मोटी परतें समुद्र तल पर जम गईं। इस सूखे काल को 'मेसिनियन नमक संकट' बताया गया। परंतु यह संकट तब खत्म हुआ जब अटलांटिक महासागर का पानी एक विशाल बाढ़ के रूप में घाटी में घुस आया। इस बाढ़ को ज़ैंकलीन मेगाफ्लड के नाम जाना गया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह बाढ़ जिब्राल्टर की जगह से आई, जहां आज अटलांटिक



महासागर और भूमध्य सागर आपस में मिलते हैं। बाढ़ की रफ्तार इतनी तेज थी कि पानी एक किलोमीटर ऊंची ढलान से गिरा और इसकी गति एक तेज रफ्तार कार से भी ज्यादा थी। इतना ही नहीं पानी ने अपने रास्ते में इतनी गहरी खाई बनाई, जितनी ऊंची आज की गगनचुंबी इमारतें होती हैं। इतना सारा पानी कुछ सालों या शायद कुछ महीनों में पूरे सूखे भूमध्य बेसिन को भर गया। जब यह बाढ़ चरम पर थी, तब इसमें अमेज़न नदी से करीब 1,000 गुना अधिक पानी बह रहा था। 2009 में वैज्ञानिकों ने बताया कि जिब्राल्टर के पास समुद्र के नीचे एक बड़ी घाटी का पता लगाया, जो शायद विशाल बाढ़ के कारण बनी थी। हाल ही में वैज्ञानिकों ने ज़ैंकलीन युग की तलछटी चट्टानों की जांच की, जिनसे यह स्पष्ट हुआ कि कैसे पानी ने सिसिली और अफ्रीका के बीच की जमीन को पार कर पूर्वी भूमध्य सागर को भी भरा। सिसिली के दक्षिणी हिस्से में वैज्ञानिकों ने असामान्य आकृतियों वाली पहाड़ियों का अध्ययन किया।


---

**खुलासा** हॉलीवुड एक्ट्रेस बेला थोर्न ने को एक्टर्स पर गंभीर आरोप लगाए ...

# मिकी राउर्क के साथ काम करना मेरी सबसे बडी गलती: बेला थॉर्न

एजेंसी ■ लॉस एंजेलस

हॉलीवुड फिल्म 'आयरन मैन 2' में विलेन बनकर बड़े पर्दे पर छा जाने वाले एक्टर मिकी राउर्के पर हाल ही में हॉलीवुड एक्ट्रेस बेला थोर्न ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने खुलासा किया है कि फिल्म में सेट पर स्टार ने उनके साथ बहुत गंदी हरकत की,जिसे वह कभी भूल नहीं पाएगी। साथ ही उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया कि उनके साथ काम करना उनकी सबसे बड़ी गलती थी। 72 वर्षीय अभिनेता द्वारा की गई टिप्पणियों को लेकर उनकी काफी आलोचना हो रही है, जिसे कुछ लोग समलैंगिकता



विरोधी बता रहे हैं। बेला थॉर्न ने अमेरिकी अभिनेता मिकी राउर्के पर जो आरोप लगाते हुए खुलासा किया है कि उन्होंने एक फिल्म के सेट पर उनके प्राइवेट पार्ट को मेटल ग्राइंडर से चोट पहुंचाई थी। थॉर्न ने इसे अपने करियर के सबसे खराब अनुभवों में से एक बताया है। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में थॉर्न ने कहा कि यह घटना 2020 की थ्रिलर फिल्म 'गर्ल' की शूटिंग के दौरान हुई थी। उन्होंने लिखा, 'यह आदमी बहुत ही घिनौना है।

थॉर्न ने एक लेख में यह कहानी शेयर की, जिसमें उन्होंने बताया था कि 'सेलिब्रिटी बिग ब्रदर' के निर्माताओं ने राउर्के को गायक जोजो सिवा पर होमोफोबिक टिप्पणियां करने के लिए फटकार लगाई थी। राउर्के के प्रतिनिधि ने थॉर्न के आरोपों पर टिप्पणी के लिए तुरंत प्रतिक्रिया नहीं दी। थॉर्न ने बताया कि वह और ऑस्कर नामांकित राउर्के एक सीन में थे, जिसमें वह अपने हाथों को पीछे बांधकर घुटनों के बल बैठी थीं। 'उन्होंने मेरे घुटने पर मेटल ग्राइंडर का यूज करना था, लेकिन उन्होंने इसे मेरे प्राइवेट पार्ट पर इस्तेमाल किया,' थॉर्न ने लिखा। 'उन्होंने बार-बार मारा। एक्ट्रेस का कहना है कि मिकी के साथ काम करना मेरे जीवन के सबसे खराब अनुभवों में से एक था। थॉर्न ने एक अन्य सीन का भी जिक्र किया जिसमें 72 साल के राउर्के ने इंजन को तेज किया। 'मुझे लगता है कि उन्हें मुझे पूरी क्रू के सामने अपमानित करना मजेदार लगा, 27 वर्षीय थॉर्न ने कहा। जो पूर्व डिज्नी स्टार हैं और 'द डफ' और 'एमिटीविल- द अवेकनिंग' जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। बता दें कि थॉर्न ने ये भी खुलासा किया था कि बाद में उन्हें खुद राउर्के के ट्रेलर में अकेले जाना पड़ा और उनसे फिल्म खत्म करने के लिए बात करनी पड़ी, जबकि राउर्के ने कुछ अजीबोगरीब डिमांड की थी। उन्होंने निर्देशक या निर्माताओं से बात करने से इनकार कर दिया। इसलिए मुझे उन्हें मनाना पड़ा कि वे आएं और अपना काम पूरा करें।'

# जनरल मुनीर ने बलूच अलगाववादी समूहों को आतंकवादी बताया, जमकर भड़के लोग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर ने भारत और भारतीय सेना के खिलाफ जहरीली बयानबाजी की है। पाकिस्तान में प्रवासियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए जनरल मुनीर ने बलूचिस्तान का जिक्र किया तो भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला। बलूचिस्तान का नाम लेते ही पाकिस्तानी सेना प्रमुख की तिलमिलाहट खुलकर सामने आ गई। इस दौरान जनरल मुनीर किसी देश की सेना के प्रमुख नहीं बल्कि किसी चरमपंथी संगठन के मुखिया की तरह भाषण देते नजर आए। उनके भाषण के दौरान स्टेज के नीचे धार्मिक नारे लगते रहे।बलूचिस्तान में सशस्त्र विद्रोह का जिक्र करते हुए जनरल मुनीर ने बलूच अलगाववादी समूहों को आतंकवादी बताया। जनरल मुनीर ने कहा, देश में जो थोड़ा बहुत आतंकवाद है, उसे लेकर लोग कह रहे हैं और वे दुष्प्रचार कर रहे हैं कि इस स्थिति में पाकिस्तान में एक भी निवेश नहीं आएगा। मैं उनसे कहना चाहता हूं और वे मुझे साफ सुन लें- क्या वे सोचते हैं कि ये आतंकवादी देश का भविष्य हमसे छीन सकते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंची हिंदू-मुस्लिम की लड़ाई

केंद्र सरकार द्वारा जो वक्फ अधिनियम 2025 संसद के दोनों सदनों से पारित किया गया है इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल गई है। यह लड़ाई अब सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गई है। सुप्रीम कोर्ट में हिंदू-मुस्लिम की लड़ाई अब आर-पार की स्थिति में पहुंच गई है। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को लेकर 70 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई मुख्य न्यायाधीश और दो जजों की खंडपीठ मे शुरू हो गई है। इसमें सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को अंतरिम आदेश जारी कर सकती है। ऐसी संभावना जताई जा रही है। केंद्र सरकार ने वक्फ बिल में जिस तरह के प्रावधान किए हैं उससे स्पष्ट हो गया है, केंद्र सरकार मुसलमानों को दोयम दर्जे का नागरिक बनाना चाहती है। उनकी दान की हुई संपत्ति पर सरकार हक जताना चाहती है। वक्फ संपत्ति पर सरकार अपने हिसाब से नियंत्रण करना चाहती है। मुसलमानो के धार्मिक क्रिया-कलापों पर शासन हस्तक्षेप कर मुसलमानो पर अंकुश लगाना चाहती है। यह संशोधन से स्पष्ट है। इसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया देशभर के मुसलमानों के साथ-साथ अन्य अल्पसंख्यक सामुदायों में भी हो रही है। पिछले 11 वर्षों से मुसलमानो के साथ में जो भेदभाव केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा किया जा रहा है, वक्फ अधिनियम के रूप में वह सामने आ गया है। अभी तक मुसलमान कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहे थे। वह किसी भी किस्म का विरोध नहीं कर रहे थे। इस अधिनियम ने उन सब को एकजुट करके लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट में जैसे ही इस मामले की सुनवाई शुरू हुई। सुप्रीम कोर्ट के जजों ने जिस तरह से वक्फ बोर्ड में हिंदुओं की नियुक्ति की जा रही है। क्या ऐसी ही नियुक्ति अन्य गैर मुस्लिम बोर्ड में की जा सकती है। हिंदू मंदिरों और हिंदू बोर्ड में गैर हिंदुओं की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किये। 13 वीं, 14वीं शताब्दी और सैकड़ो वर्ष पुरानी मस्जिदें और धार्मिक स्थल हैं उसके रजिस्ट्रेशन को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किये। केंद्र सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता कोर्ट में जवाब नहीं दे पाए। संविधान में अल्पसंख्यकों को तथा सभी नागरिकों को अपने धर्म को पालन करने की जो स्वतंत्रता दी गई है। नागरिक अधिकार भी इस संसोधन में बाधित




हो रहे हैं। 5 साल का प्रैक्टिशनर मुसलमान ही वक्फ मे दान कर सकता है। इस तरह के सवालों का जवाब सालिस्टर जनरल सुप्रीम कोर्ट में नहीं दे पाए। पिछले कुछ वर्षों से न्यायपालिका के ऊपर यह आरोप लगते रहे हैं, वह सरकार के दबाव पर काम करती है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की भूमिका को कसौटी पर कसा जाना है। संविधान में बिना संशोधन किए हुए जिस तरह से वक्फ बिल के द्वारा करोड़ों मुसलमानो के धार्मिक क्रियाकलाप और इबादत करने को लेकर सरकार जो हस्तक्षेप कर रही है उस मामले में सुप्रीम कोर्ट क्या निर्णय करती है।

# डिग्री नहीं, दक्षता चाहिए: नई अर्थव्यवस्था की नई जरूरतें

भारत आज दुनिया की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या वाला देश है। यह जनसांख्यिकीय लाभांश एक वरदान बन सकता है–यदि हम इसे कुशलता, योग्यता और आधुनिक ज़रूरतों के मुताबिक तैयार करें। परंतु अफसोस, हमारी उच्च शिक्षा प्रणाली आज एक गहरे संकट से जूझ रही है। विश्वविद्यालयों में जो पढ़ाया जा रहा है और उद्योगों को जो चाहिए–इन दोनों के बीच की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है। यह खाई केवल छात्रों की रोजगार क्षमता को ही नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को भी गंभीर रूप से बाधित कर रही है। इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2024 के अनुसार, भारत में केवल 45.9त्न स्नातक ही रोजगार के योग्य पाए गए। इसका अर्थ यह है



कि हर दो में से एक छात्र, जिसने उच्च शिक्षा प्राप्त की है, वह नौकरी के लायक कौशलों से लैस नहीं है। तकनीकी संस्थानों की स्थिति भी निराशाजनक है। नैसकॉम की रिपोर्ट के अनुसार, केवल 25त्न इंजीनियरिंग स्नातक ही आईटी सेक्टर में कार्य के लिए उपयुक्त पाए गए। यह स्थिति न केवल शिक्षा प्रणाली की विफलता है, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के सपनों के टूटने की त्रासदी भी है। इस समस्या की जड़ है – सैद्धांतिक और अकादमिक दृष्टिकोण वाली शिक्षा प्रणाली, जो व्यावहारिक दुनिया की ज़रूरतों से कटी हुई है। विश्वविद्यालयों का पाठ्यक्रम दशकों पुराना है, जो आज के डेटा-संचालित, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-प्रेरित, नवाचार-प्रधान उद्योग की ज़रूरतों से मेल नहीं खाता। आज की नौकरियाँ पहले जैसी नहीं रहीं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉकचेन, साइबर सुरक्षा और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्र तेज़ी से बढ़ रहे हैं। लेकिन इन उभरते क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रमों में ज़रूरी बदलाव नहीं हो पा रहा है। उदाहरणस्वरूप, ढ्ढढ्ढञ्ज हैदराबाद ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बी.टेक प्रोग्राम शुरू किया है – यह एक दूरदर्शी कदम है। लेकिन अधिकांश विश्वविद्यालय अब भी पुरानी पाठ्य पुस्तकों और व्याख्यानों पर निर्भर हैं। यह स्थिति केवल तकनीकी पाठ्यक्रमों की नहीं है। वाणिज्य,

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

मानविकी, समाजशास्त्र, मीडिया, कानून और अन्य विषयों में भी छात्रों को भविष्य की ज़रूरतों से लैस नहीं किया जा रहा है। परिणामस्वरूप, वे न तो नौकरी के लिए तैयार होते हैं, न ही नवाचार या उद्यमिता की दिशा में सोच पाते हैं। इस संकट का समाधान केवल एक तरफ़ा नहीं हो सकता। इसके लिए नीति, संस्थान और उद्योग–तीनों को एक साथ आगे आना होगा। हर 2-3 वर्षों में उद्योग विशेषज्ञों की मदद से पाठ्यक्रम का पुनरीक्षण किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि विषयवस्तु समय के साथ प्रासंगिक बनी रहे। शिक्षकों को उद्योगों में इंटर्नशिप या एक्सपोज़र दिया जाए ताकि वे छात्रों को वर्तमान परिदृश्य के अनुरूप शिक्षा दे सकें। सभी विश्वविद्यालयों को अपने पाठ्यक्रम में उद्योगिक इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट्स और केस स्टडी आधारित मूल्यांकन शामिल करना चाहिए। तकनीकी और मानवीय विषयों का समावेश॰ केवल तकनीकी कौशल नहीं, बल्कि सॉफ्ट स्किल्स, संवाद क्षमता, टीमवर्क, सहानुभूति और नेतृत्व जैसे तत्वों का भी विकास किया जाना चाहिए। कंपनियाँ विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर रिसर्च लैब्स, इनोवेशन हब और स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करें – जैसा कि ढ्ढढ्ढञ्ज मद्रास का रिसर्च पार्क इसका उदाहरण है। भारत को यह समझना होगा कि अकेले तकनीकी शिक्षा से संपूर्ण विकास संभव नहीं। हमें वैश्विक मॉडलों से सीखना चाहिए। जर्मनी का ड्यूल एजुकेशन सिस्टम एक शानदार उदाहरण है, जहाँ सिद्धांत और व्यवहार का समन्वय छात्रों को उद्योग के लिए तैयार करता है। इसी प्रकार, अमेरिका में सामुदायिक कॉलेजेज़ और स्टार्टअप एक्सेलरेटर शिक्षा को उद्योग से जोड़ते हैं। सिंगापुर जैसे देश में हर तीन साल में कौशल समीक्षा होती है और शिक्षा उद्योग के सहयोग से चलती है। भारत को भी एक ऐसा ही डायनामिक करिकुलम फ्रेमवर्क अपनाने की ज़रूरत है। हालांकि इस दिशा में कदम उठाने के अपने खतरे भी हैं। यदि हम शिक्षा को केवल उद्योग की आवश्यकता तक सीमित कर दें, तो हम भविष्य के नागरिक नहीं, केवल कर्मचारी तैयार करेंगे। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति हो सकती है। अत्यधिक व्यावसायिकता छात्रों की रचनात्मकता और नैतिक सोच को कुंद कर सकती है। साहित्य, दर्शन, समाजशास्त्र जैसे विषयों को अगर गैर-उपयोगी मानकर नज़रअंदाज़ किया गया, तो शिक्षा अपने मूल उद्देश्य से भटक जाएगी। लगातार पाठ्यक्रमों में बदलाव, तकनीकी उन्नयन और उद्योग सहभागिता विश्वविद्यालयों के लिए महंगा साबित हो सकता है, जिससे ग्रामीण और वंचित तबकों की पहुंच सीमित हो सकती है। भारत सरकार ने 'स्किल इंडिया', 'डिजिटल इंडिया', 'मेक इन इंडिया', और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी योजनाएँ चलाई हैं। इन अभियानों की सफलता तभी संभव है जब उच्च शिक्षा प्रणाली कुशल, समावेशी और उद्यमशील मानव संसाधन तैयार करे। यह तभी होगा जब विश्वविद्यालय शिक्षा को उद्योग की ज़रूरतों से जोड़ने की रणनीति राष्ट्रीय प्राथमिकता बने। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने इस दिशा में कुछ सकारात्मक संकेत दिए हैं – जैसे लचीलापन, मल्टीडिसिप्लिनरी दृष्टिकोण, और स्किल आधारित शिक्षा की बात। लेकिन ज़मीनी स्तर पर इन सुधारों को पूरी तरह लागू करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति, वित्तीय निवेश और संस्थागत समन्वय की आवश्यकता है।




▪ निलय श्रीवास्तव

# देश के दिल मध्यप्रदेश की वैभव हैं पुरा सम्पदा

**देश के हृदय में बसा है मध्यप्रदेश। यहाँ की सांस्कृतिक, सामाजिक तथा पुरातत्वीय पृष्ठभूमि गौरवशाली है। प्राचीन धरोहर विश्व भर में प्रसिद्ध हैं। देश में यह अपनी तरह का इकलौता प्रदेश है जहाँ घने वन झूमते हुए पर्यटकों को आकर्षित करते हैं, वहीं दूसरी तरफ मंडला से झाबुआ तक पुरा महत्व की इमारतें लोगों को मोहित करती हैं।**

हमारे लिये गौरव की बात है कि विश्व की अमूल्य पुरातत्व धरोहरों में भारत के जो सोलह स्मारक हैं उनमें से दो साँची और खजुराहो मध्यप्रदेश में हैं। अपने गौरवशाली अतीत को दर्शाते हुए यह स्मारक विश्व भर में अपनी पहचान बना चुकें हैं। यहाँ बता दें कि विदेशी पर्यटकों के आर्कषण के प्रमुख केन्द्र बिन्दु खजुराहों के कलात्मक मंदिर और धार्मिक स्थल ओरछा हैं। खजुराहो एक ऐसा दार्शनिक स्थल है जो विदेशी पर्यटकों में निरंतर लोकप्रिय हो रहा है। खजुराहो के संरक्षण तथा विकास के लिए सर्वप्रथम सन् 1904 में काम शुरू हुआ था। खजुराहो के मंदिरों की खोज, जीर्णोद्धार, संरक्षण आदि के लिए सन् 1927 तक काम चला। अनेक मंदिर जो टूट-फूटकर नष्ट हो चुके थे, सैकड़ों मूर्तियाँ जमीन में दबी हुयीं बिखरी थीं, उन्हें पुरातत्ववेत्ताओं ने व्यवस्थित कर पुनः मंदिरों में स्थापित कर दिया। इसके बाद खजुराहो सन् 1953 में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन का केन्द्र बन गया और विश्व में प्रसिद्धि प्राप्त कर ली।

खजुराहो की ही तरह साँची भी पुरातात्विक तथा ऐतिहासिक दृष्टि से प्रमुखता पा चुका है। साँची एक ऐसा प्राचीन और दार्शनिक स्थल है जिसके कारण विश्व के कई देशों में मध्यप्रदेश को पहचान मिली और इसे देखने पर्यटक यहाँ आये। साँची के बौद्ध स्तूप विशेषतः दर्शनीय हैं। पर्यटक इन्हें देखकर उत्साहित होते हैं तथा इनके चित्र यादगार के रूप में अपने साथ ले जाते हैं। साँची के बौद्ध स्तूपों की देखरेख प्रमुखता से की जाती है तथा प्रयास किया जाता है कि देश तथा विदेश से आने वाले दर्शनार्थियों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। खजुराहो और सांची के बाद विदेशी पर्यटकों की पसंद ओरछा है। पर्यटन और तीर्थ स्थल ओरछा एक छोटा सा गांव है परन्तु उसकी ऐतिहासिक कीर्ति किवदंतियों का कोई ओर छोर नहीं है। चार शताब्दियों तक ओरछा के प्रतापी राजवंश का डंका मध्य भारत में बजता रहा था। शक्ति, संपदा, कला और गरिमामय वैभवशाली स्वरुप लिये हुए यह नगर इतिहास की करवट से खंडहरों में बदल गया था। लेकिन वही ओरछा आज पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है क्योंकि शेष बचे महल और मंदिर अपने इतिहास, कला और शिल्प सौंदर्य से दर्शनों के लिये मौजूद हैं। अपने गौरवशाली अतीत को उजागर करने वाला मंदसौर जिले में एक स्थान है हिंगलाजगढ़। यहाँ का पुरातात्विक वैभव लगभग एक हजार वर्ष पुराना है। हिंगलाजगढ़ में परमारकालीन शिल्प कलाकृक्तियों का अद्भुत सौंदर्यशाली खजाना बिखरा पड़ा



था। यहाँ के अवशेषों पर कलात्मक मूर्तियों के विशाल भण्डार से यह स्पष्ट है कि कभी यह वैभवशाली नगर रहा होगा। कला का इतना विशाल खजाना शताब्दियों तक घने जंगलों के बीच छिपा रहा और सन् 1978 में पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के प्रयासों से इन्हें खोज निकाला गया। तब से ही इन्हें संरक्षित तथा सुरक्षित रखा गया है। पुरातत्व विभाग द्वारा गहन पुरातत्वीय सर्वेक्षण कर समय-समय पर दुर्लभ, अज्ञात ऐतिहासिक महत्व के स्मारकों की नवीन खोजें की जाती रही हैं। इसी श्रृंखला में शिवपुरी जिले के पिपरोदा गांव में विष्णु देव और शिव मंदिर तथा राजपुर गांव के बौद्ध स्तूप कठियामठ को संरक्षित कर उसके रखरखाव पर ध्यान दिया जा रहा है। खोज से पता चला है कि यह मंदिर 9वीं शतीं ई में प्रतिहार काल में बनाये गये थे। विष्णु एवं शिव मंदिरों के सिरदल भाग के ऊपर उकेरे गए ब्रह्मा, विष्णु एवं शिव से स्पष्ट हो जाता है कि यह मंदिर किस देव को समर्पित किया गया है। मंदिरों के सम्मुख मण्डप अंतराल सिरदल एवं गर्भगृह हैं, जिसमें कोई प्रतिमा स्थापित नहीं है। मंदिर सादा स्तम्भों पर आधारित चोकोर एक ही प्रस्तर की छत से ढंका है। मंदिर में प्रवेश के लिये जाने पर दांये-बांये नदी देवियों गंगा एवं यमुना का अंकन है। समूह में निर्मित विष्णु एवं शिव मंदिरों को सूक्ष्म दृष्टि से देखने पर ज्ञात होता है कि पूर्व में भी मानव एक दूसरे के धर्मों के समावेश में विश्वास रखते थे।

यह हमारा सौभाग्य है कि मध्यप्रदेश में अपार पुरातत्व संपदा है। स्मरण रहे कि मध्यप्रदेश की स्थापना के समय पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग को पुरातत्वीय धरोहरों के संरक्षण के लिए सिर्फ छह संग्रहालय ही मिले थे, आज इनकी संख्या तीन गुना से भी अधिक है। इनकी देखरेख तथा सुरक्षा का जिम्मा सरकार का तो है ही, साथ ही आम नागरिक का भी दायित्व बनता है कि वह इन बहुमूल्य कलाकृतियों को संरक्षित रखे। प्राचीन मूर्तियों और एंटीक्विटी को तस्करी के जरिये बाहर भेजने और मालामाल होने का कारोबार खूब फल फूल रहा है, इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है किन्तु राज्य शासन की सजगता से तस्करों में हड़कम्प मचा रहता है। इस सबके बावजूद इन पर अंकुश लगाकर प्रशासन को मुस्तैद करना जरूरी है। ऐसा नहीं किया गया तो हम धीरे-धीरे अपनी पुरातत्व संपदा को खोते जाएंगे और भारत में बनी तथा भारतीयों द्वारा अब तक न देखी गयी सैंकड़ों मूर्तियाँ सदा-सदा के लिए हमारे देश से चली जाएंगी। देशी बाजार में खजुराहो की जो मूर्ति पाँच से दस लाख रुपये में बिकती है वह विदेशों में चार-पाँच गुना महंगी बिकती है। प्राचीन मूर्तियों की चोरी सबसे ज्यादा राजस्थान और फिर मध्यप्रदेश में हो रही है। एक तरफ जहाँ पुरातात्विक दृष्टि से देश का सबसे सम्पन्न सांस्कृतिक और समृद्धशाली राज्य होने का गौरव मध्यप्रदेश को प्राप्त है वहीं दूसरी तरफ उपेक्षा का सिलसिला थमता नहीं है। इसे यदि समय रहते नहीं रोक लिया जाता तो आने वाले समय में हम अपनी पुरातत्व संपदा को खो देंगे। साथ ही प्राचीन मूर्तियों की सुरक्षा तथा स्मारकों के रखरखाव पर उचित ध्यान दिया जाए तो मध्यप्रदेश आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और मध्यप्रदेश के राजस्व में वृद्धि होने के साथ साथ स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा। मध्यप्रदेश संभावनाओं का प्रदेश है क्योंकि यहाँ भारत का दिल धड़कता है।

## राजकाज



### दिल्ली के मुख्यमंत्री पति चर्चाओं में

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता हैं । रेखा गुप्ता पढ़ी-लिखी स्नातक महिला हैं । वह लंबे समय तक पार्षद रही हैं । छात्र नेता भी रही हैं । जब से वह मुख्यमंत्री बनी हैं । अधिकारियों की बैठकों में उनके पति मुकेश गुप्ता भी नजर आ रहे हैं । वह अधिकारियों को निर्देश भी देते हैं । दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने विगत दिनों एक फोटो जारी की है ।जिसमें मुख्यमंत्री के पति मुकेश गुप्ता अधिकारियों की बैठक में भाग ले रहे हैं ।अभी तक देश में पंच, सरपंच पति, विधायक पति कामकाज में अपनी पत्नी की जगह लेते थे । अब मुख्यमंत्री पति की भूमिका देखने को मिल रही है । भाजपा पहले दूसरों को कटघरे में खड़ा करती थी। अब उसी को जायज ठहरा रही है ।

### प्रशांत किशोर का 5 लाख का दावा 50000 भी नहीं पहुंचे

बिहार की स्वराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर अपने बडबोलेपन के लिए बिहार और देश में जाने जाते हैं । यह बड़बोला पन कभी उनकी सफलता का कारण था उस समय वह दूसरों के लिए काम करते थे ।बिहार में उन्होंने अपनी पार्टी बनाई है । बड़े-बड़े दावे करते हैं,लेकिन उन दावों की कलई खुद ही खोल देते हैं ।हाल ही में उन्होंने पटना के गांधी मैदान में रैली बुलाई थी । 5 लाख लोगों के आने का दावा किया था । रैली में 50000 लोग भी नहीं पहुंचे । प्रशांत किशोर ने अपनी पूरी ताकत लगा दी थी । जब रैली में भीड़ नहीं जुटी,तो उन्होंने प्रशासन और शासन पर ठीकरा फोड़ दिया । उन्होंने कहा कि लोगों को रैली स्थल पर नहीं आने दिया गया । वाहनों को रोक लिया गया था । इस रैली से वह विधानसभा चुनाव 2025 का परिणाम तय करने जा रहे थे । वही रैली फेल होने से उनका राजनीतिक भविष्य ही दांव पर लग गया है ।

### जीजा से मुकाबले के लिए साले को मैदान में उतारा कांग्रेस ने

बिहार विधानसभा चुनाव के 6 महीने पहले कांग्रेस ने अपनी स्थिति को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास शुरू कर दिए हैं ।कांग्रेस पार्टी ने स्वर्ण नेताओं के स्थान पर इस बार पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों पर ध्यान केंद्रित किया है । कांग्रेस ने अहमदाबाद अधिवेशन में पप्पू यादव को बुलाया था । निश्चित रूप से जीजा लालू यादव और भांजे तेजस्वी को बुरा लगा होगा ।बिहार में लालू प्रसाद के करीबी अखिलेश प्रसाद सिंह को हटाकर राजेश राम को अध्यक्ष बना दिया है । कन्हैया कुमार और पप्पू यादव ने जिस तरह से विधानसभा चुनाव की तैयारी की है । प्रभाव वाले क्षेत्रों में संगठन तैयार करने का काम किया है ।

### कांग्रेस का न्याय पथ संकल्प

भाजपा की तरह अब कांग्रेस भी भारी भरकम नारे और पंच लाइन बनाना सीख गई है। अहमदाबाद के अधिवेशन में कांग्रेस ने न्याय पथ संकल्प का प्रस्ताव पारित किया है। यह नारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम मतदाताओं को कांग्रेस से जोड़ेगा । इसी तरह से कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान चलाने का ऐलान किया है । इस अभियान के माध्यम से राज्यों में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने का अभियान चलाया जाएगा ।

## फीचर






# ऑनलाइन मार्केटिंग में हैं शानदार अवसर

**तकनीक बदलने के साथ ही करियर के नये विकल्प भी सामने आ रहे हैं। आज हर जगह डिजिटलाइजेशन हो रहा है। ऐसे में अगर आप अच्छा पैसा कमाना चाहते हैं तो डिजिटल या ऑनलाइन मार्केटिंग के जरिये लाखों की कमाई कर सकते हैं।**

अगर आप इस क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं तो इन बातों को जानें। डिजिटल मार्केटिंग इंटरनेट, कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिये की जाने वाली मार्केटिंग है। इसे ऑनलाइन मार्केटिंग भी कह सकते हैं। डिजिटल मार्केटिंग में सोशल मीडिया, मोबाइल, ईमेल, सर्च इंजिन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ) आदि को टूल की तरह इस्तेमाल किया जाता है।

वर्क प्रोफाइल: आज बड़ी से बड़ी कंपनी में डिजिटल मार्केटिंग स्पेशलिस्ट की बड़ी अहमियत होती है। ये डिजिटल मार्केटिंग टीम के अहम सदस्य होते हैं। डिजिटल मार्केटिंग मटेरियल को तैयार करने और उसे मेंटेन रखने की जिम्मेदारी इन्हीं पर होती है। ये कंपनी के लिए वेब बैनर ऐड, ईमेल्स और वेबसाइट्स बनाकर उनकी ब्रांडिंग करते हैं। इंटरनेट और डिजिटल टेक्नोलॉजी के लिए मार्केटिंग कैंपेन तैयार करते हैं, जिसे मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के जरिये लोगों तक पहुंचाया जाता है।


डिजिटल मार्केटिंग में जॉब प्रोफाइल्स: डिजिटल मार्केटिंग का दायरा बहुत बड़ा है। यहां आप इन पदों पर नौकरी पा सकते हैं॰डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, कंटेंट मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया मार्केटिंग स्पेशलिस्ट, वेब डिजाइनर, ऐप डेवलपर, कंटेट राइटर, सर्च इंजिन मार्केटर, इनबाउंड मार्केटिंग मैनेजर, एसईओ एग्जीक्यूटिव, कनवर्जन रेट ऑप्टिमाइजर आदि।

योग्यता: इस फील्ड में काम करने के लिए ग्रेजुएट होना आवश्यक है। जो छात्र मार्केटिंग, कम्युनिकेशन या फिर ग्राफिक डिजाइन में ग्रेजुएट हैं, वे डिजिटल मार्केटिंग में करियर बना सकते हैं।

## प्रेरणा

# सुखी जीवन के तीन सूत्र

सुखी, स्वाभिमान एवं सम्मान के साथ जीवन जीने के तीन सूत्र हैं- उपयोगिता, भावना एवं कर्तव्य। उपयोगिता संबंधों को प्रगाढ़ करती है, भावना परिवार को मजबूत करती है और कर्तव्य घर, परिवार, समाज में एकता एवं समन्वय स्थापित करते हैं। उक्त प्रेरक विचार मुनि पुलकसागर महाराज ने प्रवचन माला में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि उपयोगिता के बदले उपयोगिता, भावना के बदले भावना चाहिए, लेकिन कर्तव्य के बदले कुछ नहीं चाहिए। कर्तव्य तो निस्वार्थ भावना से किए जाते हैं। छोटी-सी भूल सदियों की सजा बन जाती है, इसलिए हमें जीवन सही और व्यवस्थित तरीके से जीना चाहिए। जिन माँ-बाप ने हमें खून दिया उन्हें बुढ़ापे में खून के आँसू बहाने पर मजबूर करना कायरता है।



जिन्होंने अपने खून से हमे बड़ा किया उनके लिए खून बहा देना मानवता है, जबकि असहाय जीवों का खून बहा देना हिंसा और अमानवीयता है। भगवान राम ने कर्तव्य की खातिर सौतेली माँ के वचनों को स्वीकार कर लिया, क्या आप भी इतने कर्तव्यनिष्ठ होकर अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं? अगर नहीं तो आपका जीवन सार्थक नहीं है। श्रवण कुमार अपने पुत्र होने का कर्तव्य बगैर किसी तर्क के निभाता है। कर्तव्य के पालन में तर्क नहीं समर्पण की जरूरत पड़ती है।

## अपनी बात



केरल के सीएम पिनरायी विजयन ने राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर की सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के संबंध में की गई टिप्पणी को अस्वीकार्य करार दिया है, हालांकि यह भी कहा कि राज्यपाल अपने पूर्ववर्ती की तरह नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ दिन पहले अपने एक ऐतिहासिक फैसले में 10 विधेयकों को राष्ट्रपति के विचारार्थ रोककर रखने के लिए तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि को कड़ी फटकार लगाई और राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर राज्यपाल की कार्रवाई के लिए समय सीमा तय कर दी थी।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलवाद से मुक्त होगा और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और सीआरपीएफ इसमें अहम भूमिका निभाएंगे। वे मध्यप्रदेश के नीमच जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 86वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

## ब्रीफ न्यूज

### बजरंगगढ़ में सट्टा खिलाते युवक को पुलिस ने रंगेहाथ पकड़ा

**गुना।** बजरंगगढ़ थाना पुलिस ने बीटीआई संस्था के पास सट्टा खिलाते एक युवक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी चंदा उर्फ दौलतराम अहिरवार लोगों को एक रुपये के बदले 80 रुपये का लालच देकर सट्टा खिला रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने आरोपी को दबोच लिया। उसके पास से सट्टा पर्ची और 300 रुपये नकद बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ धारा 35(क) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की।

### पेंशनर्स की विशेष बैठक आज

**गुना।** पेंशनर्स संघ की बैठक 18 अप्रैल को शाम 6 बजे पेंशनर पार्क में होगी। जिसमें जिला प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं समस्त पेंशनर्स शामिल होंगे। बैठक में पर्यावरण और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े कई अहम विषयों पर चर्चा कर उनके क्रियान्वयन के प्रस्ताव लिए जाएंगे। बैठक के प्रमुख एजेंडा में एक पेंशनर पांच गमले, पांच पौधे और पांच साकोरे का संरक्षण शामिल है। इस अभियान के माध्यम से पेंशनर पार्क को एक पर्यावरणीय जागरूकता केंद्र और हरित स्थल के रूप में विकसित करने की योजना है, जिसमें पेंशनर्स स्वेच्छा से समयदान देकर योगदान देंगे। बैठक में यह भी बताया जाएगा कि 21 अप्रैल को प्रातः 7ः30 से 10ः30 बजे तक मां गायत्री हवन का आयोजन पेंशनर पार्क में किया जाएगा। यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क रहेगा, लेकिन जो भी पेंशनर्स आयोजन के लिए स्वेच्छा से सहयोग करना चाहें, उनका स्वागत है। इसी क्रम में सेवानिवृत्त कुलसचिव राकेश वर्मा द्वारा 501 का योगदान देने की जानकारी व्हाट्सएप के माध्यम से दी गई, जिसके लिए उन्हें सभी की ओर से बधाई और आभार व्यक्त किया गया।24 अप्रैल को प्रस्तावित कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा संगठन सचिव अनिरुद्ध सिंह सेंगर बैठक में उपस्थित पेंशनरों को साझा करेंगे।

### राघौगढ़ न्यायालय परिसर से 110 फीट बिजली की डोरी चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

**गुना।** जिले के राघौगढ़ न्यायालय परिसर में स्थित बगीचे से ट्यूबवेल की 110 फीट लंबी बिजली की डोरी चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में न्यायालय में पदस्थ नायब नाजिर ने थाना राघौगढ़ में अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी प्रभुसिंह चौहान निवासी वार्ड नंबर 01, मेर मोहल्ला, मंगल भवन के पीछे राघौगढ़ ने थाना राघौगढ़ पहुंचकर मौखिक रिपोर्ट दी कि वे न्यायालय राघौगढ़ में नायब नाजिर के पद पर कार्यरत हैं। न्यायालय परिसर में स्थित बगीचे में पानी देने के लिए एक ट्यूबवेल की मोटर स्थापित है, जिसमें करीब 110 फीट लंबी बिजली की डोरी लगी हुई थी। इसी डोरी को गत रात अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। चोरी की जानकारी उन्हें लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के कर्मचारी कल्याण सिंह द्वारा दी गई। इसके बाद उन्होंने मौके पर पहुंचकर डोरी की तलाश शुरू की और रात में ड्यूटी पर तैनात तीन होमगार्ड सैनिकों और न्यायालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से पूछताछ की।

## भाजपा सरकार निरंकुश हो चुकी है : कांग्रेस

# जिस परिवार ने अपनी सम्पत्तियां, अपनी जानें देश पर न्यौछावर की हों उन पर लगा रहे झूठे केस

सत्ता सुधार ■ गुना

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के खिलाफ ईडी सहित जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल करने के विरोध में कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया है। पार्टी का आरोप है कि भाजपा 75 साल पुराने केस को बार-बार सामने लाकर कांग्रेस पर दबाव बनाने का प्रयास कर रही है। लेकिन गांधी-नेहरू परिवार टूट सकता है, झुक नहीं सकता।

गुना में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ के नेतृत्व में ज्ञापन देने पहुंचे कांग्रेस नेताओं ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ ने कहाकि गांधी परिवार ने देश के लिए बलिदान दिए हैं। भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस के बलिदानी शीर्ष नेतृत्व को कमजोर करना चाहती है, ताकि निरंकुश होकर देश पर शासन कर सके, उसके इरादे कभी पूरे नहीं होंगे। धाकड़ के मुताबिक गांधी-नेहरू परिवार कभी भी गलत काम में लिप्त नहीं रहा है, इस परिवार ने अपनी अरबों की सम्पत्तियां देश के लिए दान कर दी हैं। राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण है।



**स्वतंत्र एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहे - ऋषि अग्रवाल-** वहीं बमोरी विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल ने भी भाजपा को आड़ें हाथों लेते हुए कहा है कि भाजपा स्वतंत्र एजेंसियों का दुरुपयोग सत्ता पाने के लिए करती है। अग्रवाल ने बताया कि गुजरात में कांग्रेस के अधिवेशन की सफलता से भाजपा में घबराहट मची हुई है, इसलिए ईडी को सामने लाया गया है। पार्टी ने राष्ट्रपति से मांग की है कि वे केंद्र सरकार से जवाब तलब करें कि बिना किसी मूल शिकायत के किस आधार पर विपक्ष के शीर्ष नेताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। राष्ट्रपति को देश की संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा बचाने के लिए तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। पार्टी ने राष्ट्रपति से अनुरोध किया है कि राहुल और सोनिया गांधी जैसे नेताओं पर हुई इस प्रकार की कार्रवाइयों पर तत्काल निष्पक्ष और स्वतंत्र न्यायिक जांच की व्यवस्था हो, जिससे देश की जनता के बीच एजेंसियों की निष्पक्षता और लोकतंत्र की साख बची रह सके।

### यह रहे मौजूद

राष्ट्रपति के नाम एसडीएम गुना को सौंपे गए ज्ञापन में मेहरबान सिंह धाकड़ कांग्रेस जिलाध्यक्ष, ऋषि अग्रवाल विधायक बमोरी, हरिशंकर विजयवर्गीय, विश्वनाथ तिवारी, रजनीश शर्मा, शेखर वशिष्ठ, पंकज कनेरिया, प्रकाश सिंह धाकड़, रतिराम धाकड़, दीपेश, रणवीर सिंह कुशवाह, राजू कोरी, राजेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र धाकड़, राजू कोरी, रामजीवन भार्गव, फलेशूराज सिसोदिया, महेंद्र ओझ, आसीम भटनागर मनोज तिवारी, अशोक जाटव, जितेंद्र पिप्पल, दुर्गेश ओझा, संजय जाटव, सहदेव बाल्मीकि, बब्लू सेन,आदि उपस्थित थे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक

## बच्चों के हितों को लेकर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

सत्ता सुधार ■ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभागार में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में बच्चों के समग्र विकास, सुरक्षा और संरक्षण से जुड़े विषयों पर गहन चर्चा की गई और कई ठोस निर्णय लिए गए।




### भिक्षावृत्ति पर सख्ती और स्कूल न आने वाले बच्चों की निगरानी

कलेक्टर श्री कन्याल ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि जो बच्चे लंबे समय से स्कूल नहीं आ रहे हैं, उनकी जानकारी अनिवार्य रूप से जुटाई जाए और जरूरत अनुसार कार्यवाही की जाए। साथ ही उन्होंने जिले में बच्चों द्वारा की जा रही भिक्षावृत्ति पर सख्ती से रोक लगाने की बात कही। यदि इसके पीछे कोई संगठित गिरोह सक्रिय है, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

**बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए करे प्रयास-** इस दौरान कलेक्टर श्री कन्याल ने आबकारी विभाग को निर्देश दिए कि बच्चों को नशे से दूर रखने हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग को भी बच्चों में नशे की प्रवृत्ति पर नजर रखने और रोकथाम के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए गए।बाल अधिकारों और योजनाओं की समीक्षा बैठक में किशोर न्याय बोर्ड और बाल कल्याण समिति द्वारा 0 से 18 वर्ष के बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण कार्यों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना और स्ट्रीट चाइल्ड पोर्टल पर पंजीकृत बच्चों की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए, उनके पुनर्वास, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

### दत्तक ग्रहण एजेंसी और गुमशुदा बच्चों की समीक्षा

विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी के संचालन की भी समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री कन्याल ने एजेंसी में निवासरत बच्चों की देखभाल, स्टाफ की उपलब्धता और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके अलावा, विशेष किशोर पुलिस इकाई द्वारा गुमशुदा बच्चों की वापसी और पुनर्वास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी बैठक में प्रस्तुत की गई। इसके अलावा स्पॉन्सरशिप योजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई, जिसके अंतर्गत कमजोर वर्ग के बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उनकी शिक्षा और पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। बैठक के दौरान जिपं सीईओ अभिषेक दुबे, डीईओ सीएस सिसोदिया, सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री दिनेश चंदेल सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह अंतर्गत सम्मेलनों की तिथि निर्धारित

**गुना।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजनान्तर्गत गुना जिले के समस्त ग्रामीण/नगरीय निकायों में सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार इस वर्ष 10 दिसंबर 25 को जनपद पंचायत गुना अंतर्गत हाई स्कूल पंचायत भवन परिसर मावन, 4 दिसम्बर 25 को जनपद पंचायत राघौगढ़ अंतर्गत आईटीआई प्रांगण राघौगढ़, 22 मई 25 को जनपद पंचायत आरोन अंतर्गत सामुदायिक भवन जनपद पंचायत आरोन, 30 अप्रैल 25 को जनपद पंचायत बमोरी अंतर्गत तहसील प्रांगण बमोरी, 5 जून 25 को जनपद पंचायत चांचौड़ा अंतर्गत कम्यूनिटी हॉल चांचौड़ा, दिनांक 05 दिसम्बर 2025 को नगरपालिका गुना अंतर्गत हनुमान टेकरी सरकार मेला परिसर गुना, कार्यालय नगर परिषद परिसर आरोन, 23 नवंबर 2025 को नगर परिषद कुंभराज अंतर्गत शा.बा.उ.मा.वि. वार्ड क्र. 15 कुंभराज में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनान्तर्गत सम्मेलनों का आयोजन किया जायेगा।

## सोने का पेन्डल चोरी कर फरार हुई ठग महिला, कैमरे में कैद हुई पूरी वारदात

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के कुंभराज कस्बे के व्यस्त बाजार क्षेत्र में स्थित एक प्रतिष्ठित आभूषण शोरूम से दिनदहाड़े एक ठग महिला द्वारा सुनियोजित तरीके से करीब 7 ग्राम वजनी सोने का पेन्डल चोरी कर लिए जाने का मामला सामने आया है। वारदात गत शाम करीब 5 बजे की बताई जा रही है। घटना की शिकायत दुकानदार द्वारा थाना कुंभराज में की गई है, जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी गोकुलदास बांगड़ निवासी कुंभराज ने पुलिस को मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह स्थानीय आत्माराम रछोड़दास ज्वैलर्स शोरूम में बतौर मैनेजर कार्यरत हैं। गत शाम एक अज्ञात महिला ग्राहक बनकर दुकान में दाखिल हुई। महिला की उम्र करीब 50 से 55 वर्ष के बीच बताई गई है, जो हरे रंग की साड़ी, लाल रंग का ब्लाउज और नीले रंग की शॉल में थी। महिला ने खुद को ग्राहक बताते हुए सोने के पेन्डल दिखाने की मांग की। शोरूम कर्मचारी गौरव नामदेव द्वारा उसे पेन्डल रखे बॉक्स काउंटर पर रखकर दिखाए गए। इसी दौरान महिला ने पेन्डल पसंद आने की बात कहते हुए मोबाइल से भुगतान करने की बात कही, परंतु मौका पाकर उसने चुपके से शोरूम में रखे असली सोने के पेन्डल की जगह अपनी थैली में छिपाकर लाया गया एक नकली पेन्डल बदलकर रख दिया और असली सोने का पेन्डल ले उड़ी। प्रबंधक गोकुलदास बांगड़ ने बताया कि चोरी हुआ पेन्डल लगभग 7 ग्राम वजनी था और उसके स्वरूप व डिजाइन को देखकर वह पहचान सकते हैं। प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि महिला पूरी तैयारी और योजना के साथ आई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शोरूम के सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं, जिसमें उक्त महिला की गतिविधियां रिकॉर्ड हुई हैं। फुटेज में महिला की तस्वीरें स्पष्ट दिखाई दे रही हैं।

### शातिर अंदाज में दिया वारदात को अंजाम

इस पूरी घटना से यह साफ जाहिर होता है कि आरोपी महिला ठगी के इरादे से पहले से तैयारी कर शोरूम में दाखिल हुई थी। उसके पास पहले से ही एक नकली पेन्डल मौजूद था, जिसे उसने मौके पर बदल दिया। इस तरह की वारदातें आमतौर पर सुनसान दुकानों में होती हैं, परंतु व्यस्त समय और खुले बाजार में इस तरीके से दिनदहाड़े चोरी होना पुलिस और व्यापारियों दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध महिला की पहचान और तलाश शुरू कर दी है।

## किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष का गुना आगमन, कांग्रेसजनों ने आत्मीय स्वागत



सत्ता सुधार ■ गुना

किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान का गुना आगमन हुआ। जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जैसे ही धर्मेंद्र सिंह चौहान गुना पहुंचे, कार्यकर्ताओं ने उनका पुष्पमालाओं और नारों के साथ स्वागत करते हुए कांग्रेस की नीतियों और किसान हितैषी विचारधारा का समर्थन दिया। स्वागत कार्यक्रम में जिले के कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे। इनमें वरिष्ठ नेता प्रकाश धाकड़, किसान नेता चन्द्रजीत यादव सारेठा, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी पंकज कनेरिया, रतिराम धाकड़, खूबसिंह दादा, विष्णु चंदेल, रघुवीर दादा एवं दीवान सिंह जैसे नाम प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष को किसान हितों से जुड़ी स्थानीय समस्याओं से भी अवगत कराया और आगामी चुनावों में संगठन को मजबूत बनाने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह से उत्साहपूर्ण और संगठनात्मक एकजुटता का परिचायक रहा।

## परांठ गांव में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

# कलश यात्रा ने खींचा श्रद्धालुओं का ध्यान

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के बमोरी अंचल के ग्राम परांठ में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के बीच हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत एक भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसमें आयोजक अग्रवाल परिवार के साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश की स्थापना कर कथा आरंभ की गई। यह आयोजन श्रीमती राधा अग्रवाल और गणेशराम अग्रवाल द्वारा स्वर्गीय माता-पिता की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। कथा का वाचन कथावाचिका कमल किशोरी शास्त्री (परांठ) द्वारा किया जा रहा है, जिनकी मधुर वाणी और गूढ़ व्याख्या से श्रोतागण भाव-विभोर हो रहे हैं। कथा का आयोजन 23 अप्रैल तक अग्रवाल कृषि फार्म स्थित शिव मंदिर परिसर में हो रहा है। आयोजकों ने क्षेत्र के धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त करें।



### क्रांतिवीर तात्याटोपे व विद्यालय, गुना की स्नातक प्रथम वर्ष परीक्षाएं 2 जून से

**गुना।** स्थानीय नव स्थापित क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्व विद्यालय, गुना की प्रथम वर्ष परीक्षाएं 2 जून 25 से दो पारियों में आयोजित की जारी है। विश्वविद्यालय द्वारा विस्तृत समय सारणी विश्वविद्यालय की पर अपलोड कर दी गयी हैं। अशोकनगर एवं शिवपुरी के समस्त महाविद्यालयों को भी समय सारणी से अवगत करा दिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. ललित कुमार नामदेव ने बताया कि सत्र 2024-25 के स्नातक प्रथम वर्ष की बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी.,बी.बी.ए. एवं अन्य समस्त प्रथम वर्ष की परीक्षाएं इस दौरान होगी, यह परीक्षाएं 2 जून 25 से आरंभ होकर 23 जून 25 तक संचालित होगी। यह समय सारणी परिवर्तनीय है इसलिये विद्यार्थियों को पुनः अवगत कराया जाता है कि किसी भी प्रकार के संशोधन या परिवर्तन हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट से सत रूप से जानकारी प्राप्त करते रहे।

## बैरसिया से एक बारात में आरोन आए थे, जहां शादी समारोह के दौरान बच्चा उनसे बिछड़ गया था

# आरोन थाना पुलिस ने तीन वर्षीय बालक को सकुशल परिजनों से मिलवाया

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले की आरोन थाना पुलिस की सतर्कता और संवेदनशीलता एक बार फिर सामने आई जब क्षेत्र में एक तीन वर्षीय बालक, जो शादी समारोह के दौरान परिजनों से बिछड़ गया था, को चंद घंटों में सकुशल उसके परिवार से मिलवा दिया गया। घटना गत रात लगभग 10 बजे की है, जब आरोन थाने की डायल 100 टीम को सूचना मिली कि बरबटपुरा क्षेत्र, नगर पालिका की पानी की टंकी के पास एक छोटा बच्चा रोते हुए अकेला घूम रहा है। डायल 100 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बालक को संरक्षण में लिया। घबराया हुआ बालक कुछ भी स्पष्ट नहीं बता पा रहा था। टीम ने पहले मौके पर आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की, लेकिन उसके परिजन नहीं मिले। इसके बाद बालक को आरोन थाना लाया गया, जहां उसे खाना-पानी दिया गया और स्नेहपूर्वक तसल्ली दी गई। धीरे-धीरे सामान्य होने पर बालक ने अपनी मां का नाम बताया। इसके बाद थाना पुलिस ने तुरंत बालक की तस्वीर और विवरण सोशल मीडिया पर साझा किए और साथ ही स्थानीय स्तर पर जगह-जगह घूमकर उसके परिजनों की तलाश शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद, रात करीब 1ः30 बजे पुलिस को सफलता मिली और बच्चे को उसके रायसेन जिले से आए परिजनों को सकुशल सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि वे बैरसिया से एक बारात में आरोन आए थे, जहां शादी समारोह के दौरान बच्चा उनसे बिछड़ गया।



**कार्यालय ग्वालियर विकास प्राधिकरण ग्वालियर (म.प्र.)**

क्रमांक/शताब्दीपुरम/सम्पदा/2025/3620
ग्वालियर दिनांक 17/4/25

:: **सूचना** ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कोमल सिंह यादव, श्री केशव सिंह यादव, श्री इन्दर सिंह यादव, श्रीमती सजन यादव, श्री यमन यादव, कृष्णा यादव एवं श्री महेश सिंह यादव, निवासी - गोशपुरा नं. 1 हजीरा ग्वालियर को शताब्दीपुरम योजना फेज-2 अन्तर्गत भूमि के बदले विकसित भूखण्ड क्रमांक डब्ल्यू-799 (एस.आर.) आकार 9×15 क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर प्राधिकरण के पत्र क्रमांक 6207 दिनांक 05.01.2022 द्वारा आवंटित है। श्री कोमल सिंह यादव, श्री केशव सिंह यादव, श्री इन्दर सिंह यादव, श्रीमती सजन यादव, श्री यमन यादव, कृष्णा यादव द्वारा नियुक्त मु. आम श्री महेश सिंह यादव द्वारा उक्त भूखण्ड उप पंजीयक कार्यालय ग्वालियर में दिनांक 13.09.2022 को श्री श्यामसुन्दर राठौर पुत्र श्री राकेश कुमार एवं श्री सतेन्द्र सिंह पुत्र श्री वीरपाल सिंह, निवासी- ग्राम जोहॉकलॉं, जिला मुरैना (म.प्र.) को एवं श्री प्रेमसिंह राठौर पुत्र श्री राकेश राठौर एवं श्री अंजेश सिंह पुत्र श्री वीरपाल, निवासी- गुलाब का पुरा जोहा अम्बाह, जिला मुरैना (म.प्र.) को विक्रय कर दिया। श्री श्यामसुन्दर राठौर, श्री सतेन्द्र सिंह, श्री प्रेमसिंह एवं श्री अंजेश सिंह द्वारा उक्त भूखण्ड का नामांतरण स्वयं के नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 07 दिवस के अन्दर कार्यालय में प्रस्तुत करे, नियत अवधि के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार नामांतरण/ हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी**
**ग्वालियर विकास प्राधिकरण**
**ग्वालियर**

**कार्यालय ग्वालियर विकास प्राधिकरण ग्वालियर (म.प्र.)**

क्रमांक/शताब्दीपुरम / सम्पदा/2025/3621
ग्वालियर दिनांक 17/4/25

:: **सूचना** ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीराम रियल इन्फा श्री पुनीत रिछारिया एवं श्री घनश्याम सिंह चौहान, निवासी- 25/50, न्यू स्टाफ लाईन बिरलानगर, ग्वालियर को शताब्दीपुरम योजना फेज-2 अन्तर्गत भूमि के बदले विकसित भूखण्ड क्रमांक ए-720 आकार 11×18 क्षेत्रफल 198.00 वर्गमीटर प्राधिकरण के पत्र क्रमांक 8062 दिनांक 17.10.2017 द्वारा आवंटित है। श्री पुनीत रिछारिया एवं श्री घनश्याम सिंह चौहान द्वारा उक्त भूखण्ड का आधा भाग आकार 99.00 वर्गमीटर उप पंजीयक कार्यालय ग्वालियर में दिनांक 20.11.2023 को श्रीमती ममता बघेल पत्नि श्री राजकुमार सिंह, निवासी- ग्राम मोहन सिंह का पुरा, पोस्ट सुल्तान सिंह का पुरा, जिला भिण्ड (म.प्र.) का एवं उक्त भूखण्ड का शेष भाग आकार 99.00 वर्गमीटर दिनांक 05.04.2024 को श्रीमती आशा द्विवेदी पत्नि श्री मुनेश कुमार द्विवेदी, निवासी- एम.क्यू.-1208, शक्ति नगर शोभापुर कॉलोनी बैतूल (म.प्र.) को विक्रय कर दिया। श्रीमती ममता बघेल एवं श्रीमती आशा द्विवेदी द्वारा उक्त भूखण्ड का संयुक्त नामान्तरण स्वयं के नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 07 दिवस के अन्दर कार्यालय में प्रस्तुत करे, नियत अवधि के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार नामान्तरण/ हस्तान्तरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी**
**ग्वालियर विकास प्राधिकरण**
**ग्वालियर**

**कार्यालय ग्वालियर विकास प्राधिकरण ग्वालियर (म.प्र.)**

आनन्द नगर/सम्पदा/2025/3553
ग्वालियर दिनांक 15/4/25

:: **सूचना** ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र श्री सीताराम गुप्ता, निवासी- जेपिका हाउस, दौलतगंज लश्कर ग्वालियर को आनन्द नगर योजना अन्तर्गत भूखण्ड क्रमांक क्यू-18/202 आकार 105.00 वर्गमीटर श्री गणेश गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित ग्वालियर द्वारा आवंटित है, जिसका नामांतरण प्राधिकरण के पत्र क्रमांक 6886 दिनांक 27.07. 1992 द्वारा स्वीकृत किया गया। श्री ओमप्रकाश गुप्ता द्वारा उक्त भूखण्ड बिना अनुमति के दिनांक 18.07.2003 को श्री भरोसी लाल राठौर को विक्रय कर दिया, जिसका नामांतरण प्राधिकरण के पत्र क्रमांक 2778 दिनांक 20.07.2004 द्वारा स्वीकृत किया गया। श्री भरोसीलाल राठौर द्वारा उक्त भूखण्ड प्राधिकरण की बिना अनुमति के उप पंजीयक कार्यालय ग्वालियर में दिनांक 07.03.2007 को श्री ध्रुवसिंह कुशवाह पुत्र स्व. श्री भवरसिंह कुशवाह, निवासी- मोतीझील ग्वालियर को विक्रय कर दिया। श्री ध्रुवसिंह कुशवाह द्वारा उक्त भूखण्ड प्राधिकरण की बिना अनुमति के उप पंजीयक कार्यालय ग्वालियर में दिनांक 13.04.2012 को श्री शिवकुमार शर्मा पुत्र श्री महेशचन्द्र शर्मा, निवासी ग्राम रामपुरकला, तहसील सबलगढ, जिला मुरैना (म.प्र.) को विक्रय कर दिया। श्री शिवकुमार शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड का नामांतरण स्वयं के नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 7 दिवस के अन्दर कार्यालय में प्रस्तुत करे, नियत अवधि के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार नामांतरण/ हस्तान्तरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी**
**ग्वालियर विकास प्राधिकरण**
**ग्वालियर**

**कार्यालय ग्वालियर विकास प्राधिकरण ग्वालियर (म.प्र.)**

क्रमांक/शताब्दीपुरम / सम्पदा/2025/3615
ग्वालियर दिनांक 17/4/25

:: **सूचना** ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कोमल सिंह यादव, श्री केशव सिंह यादव, श्री इन्दर सिंह यादव, श्रीमती सजन यादव, श्री यमन यादव, कृष्णा यादव एवं श्री महेश सिंह यादव, निवासी - गोशपुरा नं. 1 हजीरा ग्वालियर को शताब्दीपुरम योजना फेज-2 अन्तर्गत भूमि के बदले विकसित भूखण्ड क्रमांक डब्ल्यू-797 (एस.आर.) आकार 9×15 क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर प्राधिकरण के पत्र क्रमांक 6207 दिनांक 05.01.2022 द्वारा आवंटित है। श्री कोमल सिंह यादव, श्री केशव सिंह यादव, श्री इन्दर सिंह यादव, श्रीमती सजन यादव, श्री यमन यादव, कृष्णा यादव द्वारा नियुक्त मु0 आम श्री महेश सिंह यादव द्वारा उक्त भूखण्ड उप पंजीयक कार्यालय ग्वालियर में दिनांक 03.11. 2022 को श्री गौरव शर्मा पुत्र श्री ओमप्रकाश शर्मा, निवासी- डी-362, शताब्दीपुरम, ग्वालियर को विक्रय कर दिया। श्री गौरव शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड प्राधिकरण की बिना अनुमति के उप पंजीयक कार्यालय ग्वालियर में दिनांक 08.03.2025 को श्रीमती प्रगति पत्नि श्री धर्मेन्द्र सिंह, निवासी- ग्राम किशनपुरा, भोनपुरा, जिला मुरैना (म.प्र.) को विक्रय कर दिया। श्रीमती प्रगति द्वारा उक्त भूखण्ड का नामांतरण स्वयं के नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 07 दिवस के अन्दर कार्यालय में प्रस्तुत करे, नियत अवधि के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार नामांतरण/ हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी**
**ग्वालियर विकास प्राधिकरण**
**ग्वालियर**

अच्छी सेहत के लिए दूध, बादाम और अंडे खाने की बात आप बचपन से सुनती चली आई होंगी। यह सभी चीजें बालों के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होती हैं। जितनी अच्छी डाइट होगी और उसमें जितने पौष्टिक तत्व शामिल होंगे, आपके बाल व त्वचा उतने ही अच्छे होंगे। तो आइए जानते हैं, बालों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए आपकी रसोई में मौजूद कौन सी चीजें पौष्टिक और चमत्कारी साबित हो सकती हैं।

# बालों के लिए जादुई आहार



## दूध

दूध की शक्ति का कोई मुकाबला नहीं है। इसे कुछ खास सामग्री के साथ मिलाकर मजबूत और चमकदार बाल पाए जा सकते हैं। यहां तक कि रुखे, बेजान और उलझे बालों की मुसीबत से भी छुटकारा पाया जा सकता है। बाल प्रोटीन से बने होते हैं और दूध में प्रोटीन काफी मात्रा में पाया जाता है। इसलिए इसका इस्तेमाल रोजाना करना चाहिए, खासतौर पर शाकाहारी लोगों को।

इसमें फैट (वसा), कार्बोहाइड्रेट्स, विटमिंस और तरह-तरह के मिनरल्स होते हैं। विटमिंस मसलन फोलेट, बी6 और बायोटिन, जो बालों के ग्रोथ के लिए जरूरी होते हैं। दूध में कैल्शियम, आयरन, जिंक भी होता है, जो बालों को भीतर/जड़ से मजबूत बनाते हैं। जो लोग वेट कॉन्शियस हैं उन्हें दैनिक रूप से लो फैट मिल्क का इस्तेमाल करना चाहिए। दूध का प्रयोग बालों पर भी किया जा सकता है। दूध में शहद और मेथी दाना पाउडर मिलाकर हेयर मास्क की तरह प्रयोग किया जा सकता है।

## ऑलिव ऑयल (जैतून का तेल)

ऑलिव ऑयल में विटमिंस ए, बी, सी, डी और ई के साथ-साथ आयरन भी होता है। इसमें पर्याप्त मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। इसमें नरिशिंग, मॉयस्चराइजिंग और कंडिशनिंग प्रॉपर्टीज होती हैं, जो बालों की लचक, कोमलता और मजबूती बढाने में सहायक होती हैं। यह ओलेइक एसिड और ओमेगा-9 फैटी एसिड का एक बेहतरीन स्रोत है। इसका प्रयोग हॉट ऑयल ट्रीटमेंट या नरिशिंग हेयर मास्क में किया जा सकता है। ऑलिव ऑयल की थोड़ी सी मात्रा बालों का रुखापन, उलझन और कडापन दूर करने के लिए काफी है। यह बालों को रेशमी मुलायम बनाने में भी मदद करता है।

ऑलिव ऑयल हेयर ट्रीटमेंट बालों में केमिकल्स के प्रयोग से हुए नुकसान और तनाव को कम करता है। अंडे की जर्दी में थोडा ऑलिव ऑयल मिलाकर बालों में लगाने से उनमें मजबूती के साथ-साथ गजब की चमक आ जाती है।

## अंडा

इसके प्रयोग से एक ही दिन में स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं दूर हो सकती हैं। अंडे में प्रोटीन और एसेंशियल अमीनो एसिड पर्याप्त मात्रा में होते हैं। इसमें हाई सल्फर कंटेंट, विटमिंस (ए, डी और ई) और मिनरल्स पाए जाते हैं, जो बालों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है।

इसमें मौजूद प्रोटीन की प्रचुर मात्रा और लेसिथिन कंटेंट (तत्व) बालों के फॉलिकल्स को मजबूत बनाने का काम करते हैं। उनका टूटना कम करते हैं और उनमें जान भर देते हैं। अंडा बालों को वॉल्यूम, चमक और टेक्सचर प्रदान करता है। एक अंडे की जर्दी या सफेदी में ऑलिव ऑयल, नीबू का रस या एवोकैडो मिलाकर हेयर मास्क और कंडिशनर तैयार कर सकते हैं। अंडे की जर्दी में गजब के पोषक तत्व होते हैं, जो बालों को क्लोरीन, प्रदूषण और नुकसादनदेह यूवी किरणों से बचाते हैं।

## शहद

शहद का इस्तेमाल विभिन्न रोगों के उपचार और वजन नियंत्रण के लिए किया जाता रहा है। आयुर्वेद में तो इसे इस्तेमाल बहुत उपयोगी माना जाता है। ब्यूटी एवं स्किन केयर एक्सपर्ट शहनाज हुसैन के मुताबिक शहद में आयरन, कैल्शियम, पोटैशियम, सोडियम, विटमिन बी और सी, एंजाइम्स और अमीनो एसिड पाए जाते हैं, जो सेहत के साथ-साथ सौंदर्य बढ़ाने में भी सहायक होते हैं। यह बालों व त्वचा के लिए कुदरती मॉयस्चराइजर का काम करता है। यह एक प्रकार की भ्रांति ही है कि बालों में शहद का प्रयोग करने से वे सफेद होने लगते हैं। ऐसा मानना गलत है। शहद कोई ब्लीचिंग एजेंट नहीं है। शहद बालों को नर्म, मुलायम, चमकदार और स्वस्थ बनाने में मदद करता है।

## बादाम

बालों के लिए कुदरत का वरदान है यह। इसमें आयरन, कॉपर, फॉस्फोरस, विटमिन बी1 और प्रोटीन भरपूर मात्रा में होता है। यह शरीर में हीमोग्लोबिन को बढाता है और नए कोशों का विकास करता है। जिससे बाल स्वस्थ रहते हैं। बादाम के तेल में 2-3 टी स्पून बादाम का दूध मिलाकर सिर की त्वचा/बालों की जडों पर लगाने से वे मजबूत और घने होते हैं। बादाम मेवों में राजा है, जिसमें भरपूर पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें विटमिन ई पाया जाता है, जो एक मजबूत एंटीऑक्सीडेंट है। यह बालों को प्रदूषण और यूवी किरणों से बचाता है। बालों के गिरने का एक बडा कारण शरीर में जिंक की कमी होती है और बादाम में जिंक की पर्याप्त मात्रा होती है। बादाम को रात में भिगोकर छिलका उतार खाने से बाल व त्वचा दोनों में चमक और निखार आ जाता है। इसे फेसपैक में मिलाकर लगाने से त्वचा बेदाग और गोरी हो जाती है।

## करी पत्ता

करी पत्ता का इस्तेमाल ग्रेवी या करी बनाने में खूब किया जाता है। लेकिन यह बालों के लिए बहुत फायदेमंद है। इसमें विटमिंस बी1, बी2, बी3, बी9 और सी भरपूर होते हैं। यह बीटाकैरोटिन युक्त है। इसके अलावा इसमें आयरन, कैल्शियम और फॉस्फोरस होते हैं। इससे बाल काले और चमकदार बनते हैं। ऐसी मांएं जिनके बाल असमय सफेद हो गए हों, वे अपनी बेटियों के बाल करी पत्ता के प्रयोग से सफेद होने से बचा सकती हैं। 10-15 रातभर भीगे हुए बादाम को छीलकर पानी और 10-15 करी पत्ता के साथ पीस लें। इस पेस्ट को सिर की त्वचा (स्कैल्प) पर लगाकर 5 मिनट तक सिर का मसाज करें। उसके बाद किसी अच्छे माइल्ड शैंपू का इस्तेमाल करें। ऐसा हफ्ते में एक बार करने से अंतर कुछ ही हफ्तों में नजर आ जाएगा।

मेकअप अगर सही ढंग से किया जाए तो आम चेहरा भी खास बन जाता है, वहीं कोई गलती हो जाए तो सारा रूप ही बिगड़ जाता है। आंखें चेहरे का मुख्य केंद्र होती हैं। इस लिहाज से आई मेकअप काफी अहम होता है। यहां देखते हैं कि आप कैसा आई लुक अपना सकती हैं।

# अपनाएं स्मोकी आई लुक



## काजोल ने अपनाए

### बाल

काजोल ने स्मोकी आई लुक के लिए बालों को खुला रखा है। बैक कोंब करके सामने की तरफ बाउंस देने के लिए ब्लो ड्राई किया है। फिर सारे बालों को एक साइड में सेट किया।

### चेहरा

काजोल इस लुक में काफी ग्लैमरस नजर आ रही हैं। उनकी तरह मेकअप करने के लिए चेहरा साफ करने के बाद हनी शेड वाला बेस लगाएं या अपनी त्वचा के एक शेड गहरा बेस चुनें। अच्छी तरह ब्लेंड करें। चीक्स को हाईलाइट करने के लिए चीक बोंस (गाल के उभार वाले स्थान) के जरा सा नीचे ब्रॉन्जर लगाएं। हेयरलाइन के पास तक ले जाएं।

### आंखें

स्मोकी आई लुक क्रिएट करने के लिए उपरी पलकों पर ग्रे शेड का पाउडर आई शैडो लगाएं। फिर ब्लैक लिक्विड आई लाइनर से ऊपरी पलक पर मोटी लाइन बनाई और निचली पर पतली रेखा खींचें। आंखों के भीतरी कोनों पर ग्लो ग्रीन आई पेंसिल से हलका टच दें। लुक को कंप्लीट करने के लिए बनाने के लिए निचली और ऊपरी बरौनियों पर थिक्निंग मस्कारा लगाएं।

### होंठ

होंठों पर म्यूटेड मैट फिनिश लिपस्टिक लगाएं ताकि आई मेकअप हाइलाइट हो।

## रानी मुखर्जी न अपनाएं

### बाल

बालों में वॉल्यूम कम होने के कारण रानी पर यह हेयरस्टाइल सूट नहीं कर रही है। अगर वह बालों में टॉन्ग लगाकर कर्ल करतीं तो उनमें बाउंस आ जाता, जो इस लुक के साथ बेहद फबता।

### चेहरा

आई और लिप्स मेकअप लाइट होने के कारण रानी पर चमक और ताजगी नहीं दिख रही है। अगर वह आंखों का मेकअप डार्क करतीं तो बहुत अच्छी लगतीं। साथ ही, अगर वह बेस लगाने से पहले कंसीलर और मेकअप प्राइमर का इस्तेमाल करतीं तो चेहरे पर ग्लो नजर आता। हालांकि उन्होंने ब्लशर का सही प्रयोग किया है।

### आंखें

आंखें लाइनर से डिफाइन न करने के कारण आकर्षक नहीं लग रही हैं। रानी ने ग्रे और ब्लैक पाउडर शैडो को मिक्स करके ऊपरी व निचली पलकों पर फैला दिया है। अगर वह ब्लैक पेंसिल का प्रयोग करतीं तो आंखें बोलती हुई नजर आतीं।

होंठ- नैचरल लिप ग्लॉस लगाया है।

### जरूरी बात

- आई शैडो चुनते समय आंखों के रंग का भी ध्यान रखना जरूरी है। जरूरी नहीं है कि भूरी आंखों के साथ ब्राउन और नीली आंखों के साथ ब्ल्यू शैडो ही अच्छा लगे।

# नायाब उपाय सनबर्न हटाने के

अगर आप धूप में ज्यादा देर तक रहती हैं। सनस्क्रीन का प्रयोग नहीं करतीं तो त्वचा के खुले हिस्सों पर सनबर्न होना लाजमी है। तेज धूप के प्रकोप से त्वचा की ऊपरी परत जल जाती है और डेड हो जाती है, जिसे आम बोलचाल की भाषा में झुलसना कहते हैं। वह हिस्सा गहरा भूरा और काला पड़ जाता है। सनबर्न को दूर करने और त्वचा का कालापन हटाने के लिए यहां दिए गए उपायों को अपनाएं।



**शॉवर लें** – ठंडे पानी में थोडा बेकिंग सोडा डालकर शॉवर लेने से त्वचा की जलन कम होती है। सोडा मिले पानी में लगभग 10-15 मिनट तक त्वचा को डुबोएं। इसके अलावा पानी में ओटमील मिलाकर त्वचा साफ करने से जलन और कालापन हट जाता है। बाथ सॉल्ट, ऑयल या बबल बाथ का इस्तेमाल न करें। बजाय इसके एक कप ओटमील को घोल कर कुछ देर त्वचा पर लगाएं। यह स्किन सूदर का काम करता है।

**ऐलोवेरा दे राहत** – ऐलोवेरा के पत्तों को बीच में काटकर गाढ़ा जेल निकालें और झुलसी हुई त्वचा पर लगाएं। त्वचा की लाली, जलन दूर करने के साथ नमी के संतुलन को बरकरार रखेगा और मृत त्वचा हटाने में भी मदद करेगा।

**ठंडक दें** – गर्म तौलिये को ठंडे पानी में भिगोकर झुलसी हुई त्वचा पर कुछ देर रखें। ऐसा दिन में कई बार करें। चाहें तो पानी में थोडा सा बेकिंग सोडा और फिटकरी पाउडर मिलाएं। यह त्वचा की जलन को शांत करेगा।

**विटामिन ई के कमाल** – विटामिन ई कैप्सूल को तोडकर प्रभावित स्थान पर लगाएं। विटामिन ई, संवेदनशील त्वचा के लिए भी लाभकारी होता है। अगर इसे धूप के संपर्क में आने के तुरंत बाद लगाया जाए तो काफी राहत मिलेगी।

**ठंडा दूध** – ठंडा दूध बहुत उपयोगी होता है। दूध में लैक्टो-पैलियो होता है, जो त्वचा की धूप से रक्षा भी करता है और मृत त्वचा को हटाकर नई त्वचा को पोषण देने का काम भी करता है। एक कटोरी में ठंडा दूध डालकर रुई की सहायता से त्वचा पर लगाएं। सूखने पर ठंडे पानी से धो लें। झुलसी हुई त्वचा पर भूल कर भी पेट्रोलियम जेली न लगाएं। यह त्वचा के छिद्र बंद कर देगी।

**कोकोनट ऑयल** – आप इसे सनब्लॉक के तौर पर भी इस्तेमाल कर सकती हैं। त्वचा की झुलसन व कालापन दूर करने के लिए इसका इस्तेमाल प्रभावकारी होता है। इसमें थोडा सा कपूर मिलाकर त्वचा पर लगाने से जलन कम होती है। इसके बाद ठंडे पानी से धो लें।

**बेजोड़ है एवोकैडो** – इसमें कुदरती एंटी इन्फ्लैमटरी तत्व होते हैं, जो जलन कम करते हैं। इसमें विटामिंस और पोषक तत्व भी होते हैं। 1-2 एवोकैडो को काटकर बीच वाला हिस्सा (गूदा) मसल लें। इसमें थोड़ा ऑलिव ऑयल और ऐलोवेरा जेल मिलाकर लगाएं। तब तक लगा रहने दें जब तक कि इसका रंग बदल न जाए। फिर त्वचा को गीला करके गीली रुई से हलके से साफ करें। अब ठंडे पानी से धो लें।

**ग्रीन टी** – इसमें टैनिन एसिड होता है, जो त्वचा को ठंडक पहुंचाता है। 2 कप गर्म पानी में 2-3 टी बैग डालें। फिर ठंडा होने दें। इस पानी में कॉटन बॉल डुबोएं और लगाएं। आप चाहें तो नहाने के पानी में भी 4-5 टी बैग्स डाल सकती हैं। ठंडा टी बैग भी उन स्थानों पर रख सकती हैं, जहां तुरंत आराम की जरूरत हों। मसलन आंखों, गाल और नाक पर।



# धनुष की इन आगामी फिल्मों में दिखेगा जबरदस्त एक्शन और रोमांस

इटली कड़ाई और कुबेर में धनुष अलग-अलग किरदारों में नजर आएंगे, वहीं डी55 और डी56 उनके फैंस के लिए बड़े सरप्राइज हो सकता है। इसके अलावा, तेरे इश्क में एक रोमांटिक फिल्म होगी, जिसमें धनुष का नया अंदाज देखने को मिलेगा। फैंस इन फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### इटली कड़ाई

इटली कड़ाई एक इमोशनल ड्रामा फिल्म है, जिसे धनुष खुद डायरेक्ट कर रहे हैं और इसमें नित्या मेनन भी नजर आएंगी। यह फिल्म 1 अक्टूबर 2025 को रिलीज होगी। फिल्म में धनुष और अरुण विजय मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इडली कढ़ाई का संगीत प्रसिद्ध जीवी प्रकाश कुमार ने तैयार किया है।

### कुबेर

कुबेर एक अलग अंदाज की फिल्म है, जो जून 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन शेखर कम्मुला ने किया है। फिल्म में धनुष के अलावा रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का निर्माण पुष्कर राम मोहन राव, नारायण दास कर रहे हैं।

### तेरे इश्क में

तेरे इश्क में एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है, जिसकी झलक फैंस को पहले ही पसंद आ चुकी है। इस फिल्म में धनुष के साथ पहली बार कृति सेनन की जोड़ी नजर आने वाली है। फिल्म की झलक देखने के बाद फैंस इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### डी55

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, छ55 एक ड्रामा तमिल फिल्म है, जिसका निर्देशन राजकुमार पेरियासामी कर रहे हैं। फिल्म की स्टार कास्ट में धनुष मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। डी55 फिल्म 31 अक्टूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।



# साउथ के बारे में चाहत खन्ना का चौंकाने वाला खुलासा

एक्ट्रेस चाहत खन्ना ने हाल ही में साउथ इंडस्ट्री के बारे में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने साउथ फिल्म इंडस्ट्री का काला चिट्ठा खोलते हुए कहा है कि वहां कॉन्ट्रैक्ट में साफ-साफ लिखा होता है कि एक्टर, डायरेक्टर, प्रोड्यूसर के साथ कॉम्प्रोमाइज करना होगा। चाहत खन्ना ने इस बात का खुलासा हाउटरफ्लाई के साथ बातचीत के दौरान किया। एक्ट्रेस ने साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच पर खुलासा करते हुए बताया कि वहां काम करने से पहले ही कॉम्प्रोमाइज के बारे में पूछ लिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह सारी चीजें वहां सरेआम होती हैं। कान्ट्रैक्ट साइन करने से पहले ऐसी बातें आपस में हो ही जाती है। कान्ट्रैक्ट में साफ लिखा होता है आपको कॉम्प्रोमाइज करना होगा।

चाहत खन्ना ने बॉलीवुड में कास्टिंग काउच के बारे बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि बॉलीवुड में भी ऐसा होता है, लेकिन यहां के तरीके कुछ अलग है। यहां अलग तरीके से एक्ट्रेस से बात की जाती है। जब भी कोई नया एक्टर आता है तो उन्हें इन सभी चीजों का सामना करना पड़ता है। हालांकि चाहत खन्ना कहती है कि उनके साथ कभी ऐसा कुछ नहीं हुआ। चाहत खन्ना अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी रहती है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें बचपन में मोलेस्ट किया जा चुका है। एक्ट्रेस ने कहा था- जब मैं बहुत छोटी थी, तब एक अंकल अपनी गोद में बिठाकर चॉकलेट देते हैं। तब इतनी समझ नहीं थी, दो साल साल के बाद मुझे रियलाइज हुआ मेरे साथ क्या हुआ था। चाहत खन्ना अब कम ही छोटे पर्दे पर नजर आती है। एक्ट्रेस ने बताया कि कोई उनके साथ काम नहीं करना चाहता है। उन्होंने इंडस्ट्री में तलाक को लेकर बन चुकी सोच को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग उनके साथ काम नहीं करना चाहते हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस का दो बार तलाक हो चुका है। उनकी पहली शादी ज्यादा लंबी नहीं चली थी। महज 4 महीने के अंदर ही उन्होंने तलाक ले लिया था। फिर उन्होंने अपनी जिंदगी की नई शुरुआत की और दोबारा शादी की, लेकिन वह शादी भी लंबे समय तक नहीं चली और तलाक हो गया। चाहत कहती हैं कि तलाक और सेपरेशन कभी भी आसान नहीं होते, खासकर तब जब बच्चे हों। उन्होंने आगे कहा- मेरा दूसरा तलाक बहुत मुश्किल था। मेरी एक बेटी फरहान के साथ रहती है और एक मेरे साथ रहती है।



# क्या बिपाशा बसु फिल्म 'रेस 4 का हिस्सा बनेंगी?

बिपाशा बसु फिल्म 'रेस (2008)' में सैफ अली खान के अपोजिट नजर आईं। हाल ही में 'रेस 4' को लेकर काफी चर्चा रही। इसी बीच बिपाशा ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट की। इस पोस्ट के जरिए आखिर बिपाशा क्या बताना चाहती है? क्या वह भी फिल्म 'रेस 4' का हिस्सा है? बिपाशा बसु ने हाल ही में इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में फिल्म 'रेस' का गाना 'रेस सांसों की' को साझा किया। इस गाने में वह डांस कर रही है, साथ ही कैटरीना कैफ भी इसमें नजर आ रही है। इस गाने को बिपाशा एक बार फिर से क्यों याद कर रही है? इसको लेकर बिपाशा ने कोई भी कैप्शन या मैसेज नहीं लिखा है। ऐसा लगता है कि वह फिल्म 'रेस 4' के मेकर्स को हिंट देना चाहती है। क्या एक्ट्रेस दोबारा से इस फिल्म का हिस्सा बनना चाहती है?

### सोनिया का किरदार निभाया था

फिल्म 'रेस (2008)' में बिपाशा बसु ने सोनिया का किरदार निभाया था। फिल्म में सैफ अली खान, अक्षय खन्ना, कैटरीना कैफ, अनिल कपूर नजर आए थे। हाल ही में खबर थी 'रेस 4' में एक नई एंट्री होने वाली है। मेकर्स ने भी कंफर्म किया कि फिल्म में सैफ अली खान के अलावा सिद्धार्थ मल्होत्रा भी नजर आएंगे। बाकी किसी दूसरे एक्टर के नाम पर फिल्म मेकर्स ने मुहर नहीं लगाई है।

### बिपाशा लंबे वक्त से ब्रेक पर हैं

बिपाशा बसु की बात की जाए तो वह करण ग्रोवर के साथ शादी करने के बाद से ही फिल्मों में कम नजर आने लगी है। बेटी देवी के जन्म के बाद तो वह फिल्मों में दिखीं ही नहीं। हो सकता है कि फिल्म 'रेस' का गाना शेयर कर, बिपाशा फिर से फिल्मों में वापसी की चाहत रख रही हों।

### ग्लैमरस किरदारों के लिए जानी गईं बिपाशा

बिपाशा बसु ने अपने करियर में 'अजनबी', 'राज', 'जिस्म' अलोन, नो एंट्री, फुटपाथ, अपहरण, बचना ए हसीनों जैसी कई अलग-अलग जॉनर की फिल्मों में अभिनय किया है। अधिकतर फिल्मों में उनका ग्लैमरस अंदाज ही नजर आया, जिसे दर्शकों ने पसंद भी किया।



# रिद्धिमा कपूर के साथ पर्दे पर नजर आएंगे कपिल शर्मा



कपिल शर्मा इन दिनों अपने ट्रांसफॉर्मेशन की वजह से लगातार चर्चा में बने हुए हैं। अब उनके वजट घटने के पीछे की कहानी भी पता चल गई है। रिपोर्ट के मुताबिक कपिल ने अपनी आगामी फिल्म के लिए अपना वजन घटाया है। खास बात यह है कि इस फिल्म रिद्धिमा कपूर साहनी भी नजर आने वाली हैं। फिल्म का निर्देशन आशीष आर मोहन करेंगे। फिलहाल फिल्म का नाम अभी तय नहीं हो सका है। आने वाले समय में इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा की उम्मीद की जा रही है।

# फिर हेरा फेरी से लेकर हाउसफुल 2 तक, इन फिल्म दूसरे भाग में छाए अक्षय कुमार



बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार की फिल्में हर बार उनके फैंस के दिलों पर छा जाती है। वह ऐसी कई सीक्वल फिल्मों में नजर आ चुके हैं, जिन्होंने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म केसरी का दूसरा चैप्टर जल्द ही दर्शकों के लिए रिलीज होने जा रहा है।

### हाउसफुल 2

जब बात कॉमेडी की आती है तो हाउसफुल 2 का जिक्र जरूरी है। इस फिल्म में अक्षय कुमार ने जबरदस्त अभिनय किया था, जो गलतफहमियों और मजेदार सिचुएशन्स में फंसता चला जाता है। अक्षय के साथ रितेश देशमुख, जॉन अब्राहम भी फिल्म में नजर आए थे।

### फिर हेरा फेरी

फिर हेरा फेरी तो हर कॉमेडी प्रेमी की फेवरेट लिस्ट में शुमार है। इस फिल्म में अक्षय कुमार ने राजू का किरदार निभाया था जो अपने दोस्तों श्याम (सुनील शेट्टी) और बाबूराव (परेश रावल) के साथ पैसा कमाने के चक्कर में उलझ जाता है। इन तीनों की तिकड़ी ने ऐसा धमाल मचाया कि फिल्म के डायलॉग्स आज भी लोगों की जुबान पर है।

### ओएमजी 2

ओएमजी 2 में अक्षय कुमार ने एक अलग ही अंदाज में दर्शकों का दिल जीता था। इस फिल्म में उन्होंने भगवान शिव के दूत का किरदार निभाया था, जो एक आम आदमी की जिंदगी में बदलाव लाता है। फिल्म ने शिक्षा और धर्म जैसे गंभीर मुद्दों पर बात की गई है, लेकिन इसे इतने सहज और मनोरंजक तरीके से पेश किया गया कि हर कोई इससे जुड़ गया।

### जॉली एलएलबी 2

जॉली एलएलबी 2 में अक्षय ने वकील जगदीश्वर मिश्रा उर्फ जॉली का किरदार निभाया था। फिल्म में उसकी जिंदगी में आने वाला एक केस उसे कानूनी व्यवस्था की खामियों से रूबरू कराता है। अक्षय ने इस किरदार को इतने हल्के-फुल्के अंदाज में निभाया कि दर्शक हंसते-हंसते गंभीर मुद्दों को भी समझ गए।



# हमारे परिवार के साथ और भी बुरा हो सकता था, पर अब हम अलर्ट हैं

रंग दे बसंती, आहिस्ता आहिस्ता, खोया खोया चांद और साहब बीवी और गैंगस्टर जैसी फिल्मों और कौन बनेगी शिखरवती और हश हश जैसी वेब सीरीज में नजर आने वाली सोहा अली खान को अपने फिल्मी खानदान से परे अपनी पहचान बनाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी, मगर आखिरकार उन्होंने अपनी जमीन पुख्ता की। इन दिनों वह चर्चा में है हॉरर फिल्म छोरी 2 को लेकर, जिसमें वह हॉरर रोल में है। इस मुलाकात में उन्होंने अपनी फिल्म, भाई सैफ अली खान पर हुए अटैक, मदरहुड, सोशल मीडिया और हॉरर जॉनर जैसे कई मुद्दों पर बेबाक राय रखी।

**सोहा पिछले दिनों आपके परिवार के साथ जो हादसा हुआ, उसने आप लोग को और ज्यादा अलर्ट हुए? क्या प्रभाव पड़ा?**

सोहा अली खान बोलीं-अलर्ट तो हम हैं ही। मेरा मानना है कि कभी -कभी दुर्भाग्य से ऐसी चीजें हो जाती हैं। बस यही कामना करती हूं कि और ज्यादा बुरा नहीं हुआ। इससे बुरा भी हो सकता था। जो कुछ हुआ एक हद तक हुआ, तो इसके लिए हम खुशकिस्मत महसूस करते हैं। सब ठीक है। शुक्रगुजार है कि वो काम पर लौट आए हैं।

**आप सात साल की बेटी इनाया की मां हैं। आप मदरहुड और काम के बीच संतुलन कैसे बनाए रखती हैं?**

आप देख ही रही हैं कि इस जूम इंटरव्यू में मुझे अपने डॉग को भी संभालना पड़ रहा है। आपने जूम इंटरव्यू के दौरान देखा कि कैसे बेल बजने पर वो भौंक रहा है। घर पर कोई नहीं है। देखिए हम सभी महिलाएं बहुत कुछ करती है, मगर साथ ही ये स्वीकार करना होगा कि हम सब महिलाएं एक समय में सबकों सब कुछ नहीं दे सकतीं। कई बार हम उतनी परफेक्ट नहीं हो पातीं। मुझे याद है, एक सीन की शूटिंग के दौरान मेरी बेटी इनाया को काफी तेज बुखार हो गया था। मैं सफेद लेंसेज पहन रही थी और डॉक्टर के मेसेजेस आ रहे थे, मगर उन्हें पढ़ नहीं पा रही थी, क्योंकि सफेद लेंस पहनने के बाद आपको दिखता नहीं है। मैं उसे वक्त डॉक्टर से बात करने की कोशिश कर रही थी। वो मेरे लिए बहुत ही तनावपूर्ण था।

**क्या ये सच है कि अपनी फिल्म के भयानक हॉरर गेटअप के कारण आप अपनी बेटी इनाया से दूर रहीं और आपके पति कुणाल खेमू (अभिनेता-निर्देशक) भी आपसे दूर-दूर रहे?**

मैंने अपने ऐसे बहुत सारे विडियोज लिए हैं, जिसमें साफ दिख रहा है कि कुणाल खेमू मेरा कॉल नहीं ले रहे है (हंसती है) मेरा जब मेकअप उतर जाता, उसी के बाद कुणाल मुझसे बात करते थे। इनाया का जब सोने का समय होता था, तो मैं फिल्म छोरी 2 की शूटिंग से उसे हमेशा विडियो कॉल करती हूं। यह मेरा रूटीन है। मगर इस फिल्म की शूटिंग के दौरान मैं उसे विडियो कॉल नहीं कर पाती थी, फेस टाइम नहीं कर पाती थी। वो मासूम मुझसे पूछती मम्मा, आप अपना फेस क्यों नहीं दिखा रही हो, तब मुझे उसे बताना पड़ा कि इस फिल्म में मेरा मेकअप अलग है और मैं एक इविल किरदार निभा रही हूं। वो किताबें पढ़ती है और उन्हें गुड और इविल के बारे में जानकारी है, मगर वो बहुत ही जिज्ञासु हो गई, तब एक दिन मुझे उसे अपना गेटअप दिखाना पड़ा। अब तो मेरी इस फिल्म की एक होर्डिंग इनाया के बैडरूम की खिड़की के बाहर ही लगा हुआ है।

**आज सोशल मीडिया हमारे लिए जरूरी भी है, मगर साथ ही ये कई बार हमारे साथ -साथ हमारे बच्चों के लिए नुकसानदायक भी होता जा रहा है, आप अपने सोशल मीडिया को कैसे हैंडल करती हैं?**

मैं अपने सोशल मीडिया को बहुत ही आसानी से हैंडल कर लेती हूं, क्योंकि मैं इसमें बहुत ज्यादा गहराई में नहीं जाती। बहुत सारे लोग इंस्टाग्राम पर 24 घंटे रहते हैं, मेरी पास वो समय नहीं होता। मैं एक व्यक्ति के रूप में भी काफी अनुशासित हूं, तो मैं इस माध्यम एक इस्तेमाल कभी अपने काम को प्रमोट, अपना एंडोर्समेंट साझा या फिर अपनी निजी बात को शेयर करने के लिए करती हूं। मैं ये भी समझती हूं कि इंस्टाग्राम पर सब कुछ रियल नहीं होता। लोग अच्छी-अच्छी चीजें ही पोस्ट करते हैं, बुरी चीजें शेयर नहीं करते, मगर मैं लोगों को जज नहीं करती। हां, लोग मुझे जज करते हैं। कई बार बुरे-बुरे कमेंट्स करते है, अजीब किस्म की बातें लिखते हैं, मगर मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता।

**क्या आप मानती हैं कि बीते सालों में फिल्मों में जो हॉरर का जो स्पेस है, वो री डिफाइन हुआ है? पहले हॉरर छुपकर देखना पड़ता था, अब परिवार के साथ देख सकते हैं?**

मैंने आज तक इतना हॉरर कन्ज्यूम नहीं किया है। मैं हॉरर काम देखती हूं, क्योंकि मुझे लगता था कि हॉरर शायद परिवार के साथ नहीं देखा जा सकता। मैं हॉरर को हॉरिक्स (हॉरर और सेक्स का मिश्रण) जॉनर में सोचा करती थी। मैंने कभी सोचा नहीं था कि मैं किसी हॉरर फिल्म का हिस्सा बनूंगी और डरावनी फिल्म में भूतिया रोल प्ले करूंगी। हमारी फिल्म को बनाने वाली पूरी टीम का इंटेंशन यही था कि हम इसे इंटरनेशनल स्तर पर ले जाएं।

# नगर पालिका में शुरू की गई कंप्यूटराइज्ड जलकर सुविधा

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

नगर पालिका में अब तक नल का बिल जमा करने बालों को कट्टों से काटकर दी जाने वाली रसीदें अब कंप्यूटराइज्ड दी जावेगी। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कार्यालय काउंटर से इसकी शुरुआत की नगर पालिका में कैश काउंटर प्रभारी कविता बिजौले के द्वारा बताया गया कि नगरीय प्रशासन विभाग ने नया पोर्टल ई- नगर पालिका 2.0 स्टार्ट कर दिया है। जिसमें समस्त करों की रसीदें जलकर,संपत्ति कर,दुकान किराया आदि अब ऑनलाइन पोर्टल पर ही काटने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए सीएमओ विनोद उन्नीतांन के द्वारा लगातार



मॉनिटरिंग की जा रही है। जिसके उपरांत आगामी समय में समस्त उपभोक्ता अपनी राशि ऑनलाइन माध्यमों से भी जमा कर सकेंगे। हालांकि वर्तमान में पोर्टल स्लो होने के कारण उक्त प्रक्रिया में देर लग रही है। जो कुछ समय में पूरी तरह सही काम करने लगेगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया द्वारा खुद काउंटर पर आकर नई व्यवस्था का जायजा लिया और बताया कि डिजिटलाइजेशन के दौर में नगर के उपभोक्ताओं को उक्त सुविधा देने हेतु यह व्यवस्था शासन के निर्देश पर शुरू की गई है। जिसको समय के साथ ओर अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास किया जाएगा। ज्ञात रहे कि ऑफलाइन कट्टों को अभी पूरी तरह बंद नहीं किया जा रहा, क्योंकि सर्वर डाउन या अन्य तकनीकी कारणों के उत्पन्न होने पर इस माध्यम से भी वसूली की जाती रहेगी। परंतु अब ज्यादा से ज्यादा ऑनलाइन कार्यों पर ही निर्भरता बनाने का प्रयास किया जाएगा। नगर पालिका द्वारा इसके लिए समस्त उपभोक्ताओं से अपील की जा रही है, कि एक बार अपनी संपूर्ण जानकारी कार्यालय में अपडेट करवाएं जिससे इस व्यवस्था का लाभ उन्हें मिल सके। इस अवसर पर आर आई राजेश बालू सहित नपा राजस्व स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में जमा करने वाले उपभोक्ता मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### देशी कट्टा लेकर घूमने वाला युवक चढा पुलिस के हत्थे

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के निर्देशन में कदवाया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर देशी कट्टा लेकर घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया है। सउनि अजय तिवारी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध रूप से हथियार रखे हुए शानू के ढाबा के पास से गुजरने वाला है। निरीक्षक नवल सिंह चौधरी द्वारा टीम गठित कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। मुखबिर के बताये स्थान पर बताये हुलिए का व्यक्ति दिखा।जिसकी तलाशी ली गई, जिसके पास से एक देशी कट्टा मिला। उक्त व्यक्ति का नाम पता पूछने पर, रामभोला कुशवाह पुत्र बाबूलाल कुशवाह उम्र 26 साल निवासी ग्राम रैंझा थाना नई सरांय का होना बताया। आरोपी के मोबाइल को चैक किया तो आरोपी की सेल्फी कट्टे के साथ पाई गई, जिस कारण मोबाइल को जप्त किया गया। आरोपी से कट्टे की खरीदी के संबंध में पूछताछ की तो अनजान व्यक्ति से लेना बताया। बाद कार्यवाही आरोपी को नोटिस पर उन्मुक्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया।

### रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन 25 को

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन में उच्च शिक्षा विभाग ,राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, एमएसएमई, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के समन्वय से आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश अन्तर्गत जिला स्तर पर 25 अप्रैल को जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र अशोकनगर में प्रातः 11 बजे से युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया गया है। रोजगार मेले में प्रदेश की विभिन्न कंपनियों द्वारा मेला स्थल पर साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार एवं संबंधित विभाग द्वारा अलग अलग स्वरोजगार योजनाओ के बारे मे मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही ऐसे विभाग जिनमें स्वरोजगार एवं हितग्राही मूलक योजना संचालित होती है, उनके हितग्राही को भी हितलाभ वितरण किया जायेगा। जिले की समस्त जनपद पंचायतों के समस्त ग्रामों में रोजगार मेले के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु निम्नानुसार गूगल फॉर्म लिंक द्वारा ग्राम पंचायत सचिव ग्राम रोजगार सहायक, शहरी क्षेत्र के बार्ड प्रभारी के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को रोजगार मेले में भाग लेने हेतु सहयोग अपेक्षित है। इसी क्रम में समस्त महाविधालयों एवं आई टी आई, संस्थानों में अध्यनरतपूर्व पास आउट, छात्र छात्राओं के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाना है।

### औषधीय पौधों की खेती हेतु प्रशिक्षण आयोजित

**अशोकनगर।** राज्य औषधि पादप बोर्ड मध्यप्रदेश शासन देवारण्य योजना अन्तर्गत एक जिला एक औषधीय उत्पाद योजना अन्तर्गत आयुष विभाग अशोकनगर द्वारा औषधीय पौधों की खेती कलौंजी जो कि एक औषधि व मसाला पौध है, की खेती का एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण चन्देरी में दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर डॉ. दीपक उपाध्याय एवं डॉ. रूपेश मालवीय द्वारा कृषकों को कलौंजी के बारे में कृषि,संग्रहण,भंडारण विपणन, विक्रय आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया। औषधीय फसलों के लाभ के बारे में बताया गया।

# ईडी की दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही के विरोध में महामहीम राष्ट्रपति के नाम कांग्रेसजनों ने सौंपा ज्ञापन

### मानव श्रंखला बनाकर जताया विरोध

### भाजपा की तानाशाही केन्द्र सरकार कर रही एजेंसियों का दुरूपयोग-राजीव

सत्ता सुधार ■ सीहोर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सीहोर जिलाध्यक्ष राजीव गुराजती के नेतृत्व में मानश्रंखला बनाकर भाजपा केन्द्र सरकार के इशारे पर इडी के विरूद्ध जोरदार नारे बाजी कर राष्ट्रपति के नाम तहसील कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी तन्मय वर्माको ज्ञापन सौंपा। राजीव गुजराती ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि आज जब भारत 75 वर्षो से अधिक पुराने लोकतंत्र की विरासत का दावा करता है, तब देश के भीतर एक खतरनाक प्रवृत्ति लगातार गहराती जा रही है, केंद्र सरकार द्वारा सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग की।

विशेष रूप से विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर बदले की भावना से की जा रही कार्रवाई, लोकतंत्र की आत्मा को निरंतर घायल कर रही है। हाल ही में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्वअध्यक्षा सोनिया



गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा आरोप पत्र दाखिल किया गया है। यह न केवल अत्यंत दुर्भाग्यपूर्णहै, बल्कि स्पष्ट रूप से यह केंद्र सरकार की राजनीतिक प्रतिशोध की संकीर्णमानसिकता का भी प्रतीक है। जिस परिवार ने इस देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर किया, जिनके अपने बलिदान हुए, उस गांधी-नेहरू परिवार को केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा सरकार बार-बार अपमानित करने का असफल प्रयास कर रही है। 2014 से लगातार यह देखा जा रहा है कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी, सीबीआई, आईटी जैसी एजेंसियों का मनमाना उपयोग किया जा रहा है! इससे यह स्पष्ट है कि यह एक राजनीतिक हथियार के रूप में एजेंसियों को प्रयोग करने की रणनीति है। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसजनों ने मांग की है कि महोदय आप भारत के संविधान ज्ञापन में महोदया जी से आग्रह है कि विपक्षी नेताओं पर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही पर रोक लगाते हुए न्याय और लोकतंत्र की रक्षा करें।

इस अवसर पर पूर्वजिला अध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर,हरपाल ठाकुर, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजाराम बड़े भाई, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, जयंत शाह, गुलाब बाई ठाकुर, ओम बाबा राठौर, अरूण राय, पवन राठौर, कमल सिंह चौहान, निशांत वर्मा, विवेक राठौर, घनश्याम राठौर, सुदीप व्यास, मजीत अंसारी, हसीन कुरेशी, इरफान लाला, घनश्याम मीणा, जितेन्द्र सिंह सोभाखेड़ी, रामनारायण शमाज़्, देवी सिंह तंवर, जसवीर सिंह खनूजा, जाहीद गुड्डु, के.के. रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, कमलेश चाण्डक, ईश्वर सिंह चौहान, पंकज शर्मा, मुस्तफा अंजुम, राहुल ठाकुर, नयाब खान, नवीन सौलंकी, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, संतोष मालवीय, हसीन कुरेशी, सवेज़्श व्यास, गजराज परमार, मनीष मेवाड़ा, तनिष्क त्यागी, लक्की सक्सेना, मनोज परमार, हरी मेवाड़ा, संतोष पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।


### जल संसाधन विभाग खंड सीहोर को छोड़कर प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान का पूरे भारत में असर


**सीहोर।** देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्वच्छ भारत का संकल्प लेकर अभियान चलाया उनके इस अभियान का सभी राज्यों ने अति हर्ष के साथ स्वीकारते हुए स्वच्छता को तूफानी अंजाम देकर धीरे धीरे घरों में चौपालों पर सड़कों पर धार्मिक स्थानों के आसपास लॉजों, धर्मशालाओं, नालियों यहां तक की आज बड़े अस्पतालों व सघन तंग गलियों के बाजारों में आदि कहीं भी गंदगी व कचरा नहीं देखने को मिलता है। क्योकि इस स्वच्छता अभियान को हिन्दुस्तान के बच्चे बच्चे ने सराहा व तहदिल से साथ दिया। लेकिन अफसोस है कि मोदी जी के इस सर्वव्यापी स्वच्छता अभियान का जल संसाधन विभाग खंड सीहोर ने नहीं अपनाया। और पूरी तरह से नकार दिया। तभी तो डिवीजन सीहोर के कार्यालय बाउन्ड्री के अंदर प्रांगण दीवार के समीप कागज के बड़े बड़े गंदे पुस्ठे, सभी प्रकार का कचरा, पशु पक्षी द्वारा की गई बीट व गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि माननीय प्रधानमंत्री जी के स्वच्छता जैसे अभियान को पूर्णता नकारते हुए फेल करने का जल संसाधन विभाग खंड सीहोर ने बीड़ा उठाया है।

### सरपंच पर रिश्वत मांगने का आरोप

# प्रधानमंत्री आवास की किस्त डालने के मांग रहा पांच हजार

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर





जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत लखेरी बसारती के सरपंच पर ग्रामीण हितग्राही ने प्रधानमंत्री आवास की किस्त डालने के लिए 5 हजार रुपए रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। गुरुवार को ग्राम लखेरी बसारती निवासी आवेदक शिवराज सिंह पुत्र खेमा अहिरवार ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को शिकायती आवेदन देकर बताया कि उसका नाम प्रधानमंत्री आवास की सूची में है किंतु ग्राम पंचायत के सरपंच सारस सिंह गिल द्वारा किस्त नहीं डाली जा रही है, व 5 हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही है, जिससे प्रार्थी परेशान है। आवेदक ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत किस्त डलवाने, सरपंच पर रिश्वत मांगने के लिए कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिमअंग प्रदान करने हेतु परीक्षण शिविरों का आयोजन

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया कि वर्ष 2025-26 में भारत सरकार की एडिप,वयोश्री योजनान्तर्गत दिव्यांगजन, वरिष्ठजनों को दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिमअंग प्रदान करने हेतु परीक्षण शिविरों का आयोजन कराया जाना सुनिश्चित करें। जारी आदेश के तहत यह शिविर 22 अप्रैल को जनपद पंचायत अशोकनगर में जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र अशोकनगर में, जनपद पंचायत ईसागढ़ में 23 अप्रैल 2025 को जनपद पंचायत ईसागढ़ प्रांगण में, जनपद पंचायत में 24 अप्रैल को जनपद पंचायत प्रांगण चंदेरी में एवं जनपद पंचायत मुंगावली में 25 अप्रैल को जनपद पंचायत मुंगावली प्रांगण में किया जायेगा।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में सीहोर प्रदेश में अव्वल

### एक महीने में रिकार्ड खरीदी, टारगेट से आगे निकले

सत्ता सुधार ■ सीहोर

जिला गेहूं उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। यहां पर शरवती से लेकर अन्य प्रजाति का गेहूं की किस्म की अच्छी पैदावार होती है। इस बार जिले में गेहूं का बंपर उत्पादन हुआ है। समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में इसके सार्थक परिणाम देखने को मिल रहे हैं, जहां समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी में इस बार सीहोर ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। पिछले साल पूरे सीजन में 5 लाख 6 हजार 40 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया था। इस बार सिर्फ एक महीने में 5 लाख 47 हजार मीट्रिक टन की खरीदी हो चुकी है। इस तरह सीहोर प्रदेश में गेहूं खरीदी में अव्वल स्थान पर है। उज्जैन 4 लाख 68 हजार टन के साथ दूसरे नंबर पर है। विदिशा में 2 लाख 97 हजार, रायसेन में 2 लाख 76 हजार और भोपाल में 2 लाख 62 हजार टन गेहूं खरीदा गया है।

इस बार मौसम अनुकूल रहा। फसल की बुवाई से लेकर कटाई तक बारिश ने साथ दिया। कटाई के समय मौसम साफ रहा। इससे फसल की निकासी में कोई रुकावट नहीं आई। खास बात यह रही कि किसानों को उपज का भुगतान भी 3 से 7 दिन में मिल रहा है। साथ ही 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस भी मिल रहा है। यही कारण है कि किसान बड़ी संख्या में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने केन्द्रों पर आ रहे हैं।

जिले में उपार्जन नीति के तहत केन्द्रों पर 15 मार्च से खरीदी शुरू हुई थी। आगामी 5 मई तक जारी रहेगा। 16 अप्रैल तक 5 लाख 47 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। जबकि पिछले साल खरीदी 20 मार्चसे शुरू होकर 31 मई तक चली थी। इस बार 5 मई तक ही खरीदी होनी है। यानी कुल 51 दिन का समय मिलेगा। किसानों को 1229 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। पूरे सीजन में अब तक 1400 करोड़ की खरीदी हो चुकी है। जिले में गेहूं का रकबा 3 लाख 51 हजार हैक्टेयर है। यह रकबा बीते वर्ष की तुलना में बढ़ा है। इसलिए पैदावार भी अच्छी देखने को मिल रही है। सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल ने बताया कि इस समय टारगेट से ज्यादा गेहूं खरीदी की जा चुकी है। खरीदी 5 मई तक की जाएगी। अनुमान जता रहे हैं कि 6 लाख मीट्रिक टन से अधिक या उससे अधिक भी गेहूं खरीदा जा सकता है।

### नवागत कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

**अशोकनगर।** चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। स्वास्थ्य सेवाओं की सतत निगरानी कर जिला चिकित्सालय को एक आदर्श चिकित्सालय के रूप में लिया जायेगा। साथ ही एक अच्छे वातावरण में मरीजों का इलाज हो यह सुनिश्चित कराया जाएगा। यह बात कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने गुरूवार को जिला चिकित्सालय के औचक निरीक्षण के दौरान कही। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिला चिकित्सालय के प्रथम भ्रमण के दौरान मरीजों को मिलने वाली समस्त स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से उपलब्ध कराने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए गए।अस्पताल में प्रत्येक वार्ड के सुधार के लिए आवश्यक प्रयास कराए जाएंगें। अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्था,ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल की समुचित व्यवस्था,सुरक्षा गार्ड की बेहतर व्यवस्था,ब्लड बैंक में पर्याप्त ब्लड की मात्रा उपलब्ध रखे जाने के निर्देश दिए। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के मद्देनजर स्वास्थ्य सेवाओं की गाइडलाईन अनुसार प्रबंधन एवं संचालन हेतु जिला चिकित्सालय अग्रणी रहे,ऐसे प्रयास सतत रूप से किए जाएंगे।

# कोतवाली में स्वास्थ्य, तनाव मुक्ति हेतु तीन दिवसीय हाईफुलनेस मेडीटेशन कार्यशाला

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये विभिन्न इकाईयों में पदस्थ अधिकारी,कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य हेतु ध्यान योग (हार्टफुल मेडीटेशन) कार्यशाला का आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के निर्देशन में,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर,के मार्गदर्शन में हाईफुलनेस संस्था द्वारा कोतवाली परिसर में हाईफुलनेस मेडीटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें थाना कोतवाली एवं एसडीओपी कार्यालय अशोकनगर के अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे।हाईफुलनेस संस्था के प्रशिक्षक महेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि पुलिस विभाग के अधिकारी,कर्मचारियों में तनाव एक गंभीर मुद्दा है,जो उनके व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन दोनों को प्रभावित करता है। तनाव के कई कारण हो सकते है। ध्यान एवं योग के नियमित अभ्यास से जीवन में आने वाले तनाव को कम किया



जाकर व्यक्ति मानसिक शारीरिक रूप से सुदृढ़ हो सकता है। ध्यान एवं योग से जीवन में सकरात्मकता एवं उत्साह का समावेश होता है। हमें इसका नियमित अभ्यास करना चाहिये। हाईफुलनेस मेडीटेशन कार्यशाला लगातार 3 दिन तक चलेगी जिसमें प्रथम दिवस मेडीटेशन एण्ड रिलेक्सेशन (शारीरिक स्वास्थ्य हेतु) द्वितीय दिवस क्लीनिंग प्रोसेस एण्ड मेडीटेशन (दिनभर के विचारों, जटिलताओं से छुटकारा) एवं तृतीय दिवस प्रार्थना एण्ड मेडीटेशन (अच्छी नींद और खुद से जुड़े रहने के लिए) जैसी क्रियाएं आयोजित की जावेगी।

### हाईफुलनेस ध्यान से परिचय-

ऐसा स्थान चुनें जहाँ आप बिना किसी शोरगुल या भटकाव के ध्यान कर सकें। हो सके तो रोज एक ही स्थान और एक ही समय पर बैठें। अपना फोन और अन्य उपकरण बन्द कर दें। अपनी पीठ को बिना सख्ती के बिलकुल सीधा करके बैठें। आराम से बैठें। हल्के से अपनी आँखें बंद करें और रिलैक्स हो जाएं। यदि जरूरत समझें तो कुछ मिनट हार्टफुलनेस रिलैक्सेशन के द्वारा अपने शरीर को रिलैक्स करें। अपना ध्यान भीतर की ओर मोड़ें और कुछ देर स्वयं का अवलोकन करें। अब यह कल्पना करें कि दिव्य प्रकाश का स्रोत आपके हृदय में पहले से ही मौजूद है और आपको भीतर से आकर्षित कर रहा है। धीरे-धीरे शिथिल होते हुए इसी अहसास में डूब जाएँ। यदि आपको लगे कि आपकी जागरूकता अन्य विचारों की ओर जा रही है तो उनसे उलझें नहीं। उन्हें वैसा ही रहने दें और स्वयं को याद दिलाएँ कि आप हृदय में मौजूद दिव्य प्रकाश के स्रोत पर ध्यान कर रहे हैं। स्वयं को अपने भीतर अधिक से अधिक डूब जाने दें। जब तक आप चाहें भीतर की गहरी खामोशी में डूबे रहें और ध्यान में ही रहें जब तक कि आपको यह न लगने लगे कि यह पूरा हो गया है।हाई फुलनेस मेडीटेशन कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर, एसडीओपी विवेक शर्मा, निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा,उप निरीक्षक आशुतोष गुप्ता,हाईफुलनेस संस्था के प्रशिक्षक महेन्द्र रघुवंशी सहित पुलिस अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे। आगामी समय में समस्त कार्यालय एवं समस्त थाना स्तर पर हाईफुलनेस मेडीटेशन कार्यशाला का आयोजन किया जावेगा।

## निरीक्षण | नवागत कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

# मरीजों को मिलें बेहतर स्वास्थ सुविधाएंः आदित्य सिंह

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। स्वास्थ्य सेवाओं की सतत निगरानी कर जिला चिकित्सालय को एक आदर्श चिकित्सालय के रूप में लिया जायेगा। साथ ही एक अच्छे वातावरण में मरीजों का इलाज हो यह सुनिश्चित कराया जाएगा। यह बात कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरूवार को जिला चिकित्सालय के औचक निरीक्षण के दौरान कही।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिला चिकित्सालय के प्रथम भ्रमण के दौरान मरीजों को मिलने वाली समस्त स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से उपलब्ध कराने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए गए।अस्पताल में प्रत्येक वार्ड के सुधार के लिए आवश्यक प्रयास कराए जाएंगें।अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्था, ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल की समुचित



व्यवस्था,सुरक्षा गार्ड की बेहतर व्यवस्था,ब्लड बैंक में पर्याप्त ब्लड की मात्रा उपलब्ध रखे जाने के निर्देश दिए।

### विभिन्न वार्डो का किया निरीक्षण

जिला चिकित्सालय के भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न वार्डो में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फायर सेफ्टी प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए। उन्होंने मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं एवं दवाओं के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. डी. के .भार्गव, चिकित्सक साथ थे।

शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के मद्देनजर स्वास्थ्य सेवाओं की गाइडलाईन अनुसार प्रबंधन एवं संचालन हेतु जिला चिकित्सालय अग्रणी रहे,ऐसे प्रयास सतत रूप से किए जाएंगे।

### जलियांवाला बाग नरसंहार के शहीदों की 106 वीं पुण्यतिथि पर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए



सत्ता सुधार ■ सीहोर

अमृतसर स्थित ऐतिहासिक जलियांवाला बाग नरसंहार में आजादी के आंदोलन में शहादत देने वाले तथा भागीदारी करनेवाले देशभक्त शहीदों व सैनानियों की 106 वीं पुण्य स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में म.प्र.सहित 22 राज्यों से आए स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के उत्तरा धिकारियों ने श्रद्धांजलि सभा में अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके पश्चात भाई गुरूदास हाल में आयोजित सम्मेलन में उत्तराधिकारियों संगठन के जिलाध्यक्ष संतोषसिंह ने भागीदारी करते हुए मंच से अपने उद्बोधन में समसामयिक शंदर्भो में राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक सदभाव का माहौल बनाए रखने के प्रयासों को जारी रखने के साथ सामाजिक कुरूतियों पाखंडों,अंधविश्वासों क्षेत्रवाद तथा भाषावाद के विरूद्ध एक जुट होकर संघर्ष करने का आव्हान किया।

वर्तमान सरकार की बेरुखी से आहत स्वतंत्रता संग्राम सैनानी परिवार कल्याण परिषद के बेनर तले स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के उत्तराधिकारियों ने जलिया वालाबाग से रैली निकालकर हुंकार भरी।

### मांगलिया में बने नए भवन का मई में सीएम करेंगे शुभारंभ, मंत्री सिलावट ने किया दौरा

# इंदौर में 60 बिस्तरों वाला आयुष अस्पताल तैयार

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर के सबसे बड़े 60 बिस्तरों वाले सरकारी आयुष (आयुर्वेद) अस्पताल का नया भवन लगभग तैयार हो गया है। साज-सज्जा और मॉडर्न सुविधायुक्त इस नए भवन का शुभारंभ मई में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और इंदर सिंह परमार की उपस्थिति में होगा। मांगलिया में लगभग 6 करोड़ रुपए की लागत से बने भवन का गुरुवार को जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने निरीक्षण किया। इस भवन का सिविल वर्क पूर्ण हो गया है। अब केवल चिकित्सकीय सुविधाएं और उपकरण स्थापित करने का काम बाकी है। यह भी जल्द ही पूरा हो



जाएगा। मंत्री सिलावट ने अधिकारियों से कहा कि यह मानव सेवा और स्वास्थ्य का एक बड़ा केंद्र है। हमारा फर्ज है कि इस स्थान की महत्ता को देखते हुए इसके रखरखाव पर विशेष ध्यान दें। जनभागीदारी से सुविधाओं का विस्तार करें। उन्होंने आयुष विभाग के डॉक्टरों और स्टाफ से कहा कि अस्पताल में जो भी सुविधाएं बढ़ाना होंगी उसके लिए राज्य शासन द्वारा सभी संभव प्रयास किए जाएंगे।

#### अस्पताल में मिलेंगी ये सुविधाएं

- अस्पताल में उपचार की सभी आधुनिक सुविधाएं रहेंगी।
- पंचकर्म तथा योग से भी उपचार किया जाएगा।
- डिलीवरी की सुविधा भी होगी।
- अस्पताल में सोनोग्राफी, पेथोलॉजी, एक्स-रे आदि जांच सुविधाएं भी रहेंगी।

#### मंत्री सिलावट ने दिए यह निर्देश

- अस्पताल का स्टाफ बढ़ाने, नए कामों के लिए प्रस्ताव बनाने का निर्देश।
- अस्पताल परिसर में बगीचा विकसित करने।
- समीप के नाले के सौंदर्यीकरण का निर्देश।
- सीटी स्कैन मशीन भी लगाने के निर्देश।
- अस्पताल में 10 एसी लगाने और एक एम्बुलेंस देने की घोषणा भी की।

#### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डकाच्या का किया निरीक्षण

मंत्री सिलावट ने सांवेर क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डकाच्या का भी निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केन्द्र में लैब, मेल वार्ड, फीमेल वार्ड, लेबर रूम, माइनर ओटी/ड्रेसिंग, इंजेक्शन रूम, रजिस्ट्रेशन और रिकॉर्ड रूम, मेडिकल ऑफिसर रूम, ऑफिस रूम, जनरल स्टोर, कोल्ड चैन, पीने के पानी की सुविधा, वेटिंग एरिया आदि के काम किए जाएंगे। मंत्री सिलावट ने कामों को जल्दी पूरा करने के निर्देश दिए।

## एनआरआई से ठगी का तीसरा आरोपी गिरफ्तार:वारदात में शामिल था महिला का पति, खाते में आए थे ठगी के पैसे

सत्ता सुधार ■ इंदौर

एनआरआई से हुई 2 करोड़ 68 लाख रुपए की ठगी के मामले में क्राइम ब्रांच ने आरोपी महिला के पति को भी गिरफ्तार किया है। उसके खाते में भी ठगी का पैसा गया था। महिला और उसके भाई द्वारा जो ठगी की गई थी उसकी जानकारी उसे थी। क्राइम ब्रांच अब आरोपी से पूछताछ करेगी। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मूल रूप से आंध्र प्रदेश के रहने वाले और वर्तमान में नॉर्थ कैरोलिना में काम करने वाले वेंकट कलगा की शिकायत पर आरोपी विशाल जेसवानी को अहमदाबाद और उसकी बहन सिमरन को इंदौर से गिरफ्तार किया था। दोनों ने मेट्रोमोनियल साइट पर मॉडल की फोटो लगाकर फर्जी प्रोफाइल बनाकर वेंकट से शादी के लिए संपर्क किया। इसके बाद उसे झांसा देकर अलग-अलग बहाने से 2 करोड़ 68 लाख रुपए की ठगी की थी।आरोपी भाई-बहन फिलहाल जेल में हैं। इस मामले में सिमरन के पति लव माखीजानी, निवासी शिवधाम कॉलोनी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक कार, एक्टिवा व अन्य सामान जब्त किया गया है। भाई-बहन से पूछताछ में लव के भी इस अपराध में शामिल होने की बात सामने आने पर उसे गिरफ्तार किया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ा एमडी ड्रग्स का मुख्य सप्लायर

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने राजस्थान के डग से ड्रग तस्कर अय्यूब खान (49) को गिरफ्तार किया। उसके पास से 21 ग्राम एमडी बरामद की गई है। अय्यूब पर 13 अपराध दर्ज हैं। उस पर दस हजार रुपए का इनाम था। डीसीपी क्राइम राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया, टीम को सूचना मिली कि एमआर-10 ब्रीच के नीचे एक संदिग्ध व्यक्ति घूम रहा है। मौके पर टीम पहुंची तो पुलिस को देख वह भागने लगा। उसे घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम अय्यूब खान उर्फ अय्यूब लाला बताया। उसके पास करीब दो लाख रुपए की 21 ग्राम एमडी मिली। आरोपी ड्रग सप्लाई करने का काम करता है।

### सीनियर सिटिजन की प्रॉपर्टी हड़पने की साजिश

**इंदौर।** इंदौर की एमजी रोड पुलिस ने रजिस्ट्रार ऑफिस से मिले आदेश के बाद सीनियर सिटिजन के साथ धोखाधडी के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस ने भूखंड के फर्जी नामांतरण को लेकर मुंबई और इंदौर में रहने वाले दो लोगों को आरोपी बनाया है। मामले की जांच की जा रही है। एमजी रोड पुलिस ने हस्तीमल चौकसे (73) के भूखंड के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसका अपने नाम नामांतरण कराने के मामले में जीतन पुत्र नेपाल पांडेय, निवासी एमएचबी कॉलोनी, सर्वोदय नगर, जोगेश्वरी, मुंबई और अब्दुल बासित पुत्र मोहम्मद अली, निवासी खातीवाला टैंक, सैफी नगर गार्डन पर केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक सितंबर 2024 में सीनियर सिटिजन हस्तीमल जैन ने कलेक्टर से शिकायत की थी। इसमें बताया कि उनका बेशकीमती भूखंड राजबाड़ा के शिव विलास पैलेस में है। उन्होंने इसे किसी को नही बेचा है।

### इंदौर में बैंक को बम से उड़ाने की धमकी:

**इंदौर।** इंदौर में पंजाब नेशनल बैंक को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बैंक मैनेजर को धमकी भरा मेल मिला। इसमें दोपहर 2 बजे रिमोट कंट्रोल से ब्लास्ट करने की बात कही गई है। सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मामला सियागंज क्षेत्र के पीएनबी ब्रांच का है। बैंक अधिकारियों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर अज्ञात ई-मेल मिलने की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई। कोतवाली थाना पुलिस और बम डिस्पोजल स्क्वॉड की टीम वहां पहुंची। टीम ने करीब एक घंटे तक बैंक परिसर की गहन तलाशी ली, हालांकि कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। कोतवाली पुलिस और BDS की टीम ने बैंक परिसर के अंदर और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया। हालांकि, तलाशी के दौरान कोई विस्फोटक सामग्री या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। फिलहाल पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुटी है। प्रारंभिक तौर पर यह ईमेल फर्जी प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच क्राइम ब्रांच और सेंट्रल कोतवाली पुलिस संयुक्त रूप से कर रही है।

# इंदौर में 9 महीने का बच्चा घर से किडनैप : भाई तुतलाते हुए बोला-मां, कोई भय्यू को ले गई

### सीसीटीवी फुटेज से महिला की पहचान, गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर में 9 माह के बच्चे का अपहरण हो गया। बच्चा जब घर में नहीं दिखा तो परिजन ने तलाश शुरू की। बच्चे के पिता संतोष सेन ने फौरन पुलिस को बच्चे के गुम होने की सूचना दी। घटना हीरानगर थाना क्षेत्र के गौरी नगर में गुरुवार सुबह की है। पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले तो एक अज्ञात महिला 9 माह के नकुल को उठाकर ले जाती हुए नजर आई। घटना के समय बच्चा कमरे में था। मां घर के काम में लगी थी और बड़ा भाई मोबाइल चला रहा था।

#### महिला चुपचाप बच्चे को लेकर निकल गई

ताक लगाए आरोपी महिला ने घर में झांका। उसे केवल बच्चे दिखाई दिए। मौका पाकर वह चुपचाप बच्चे को लेकर निकल गई। कुछ देर बाद बच्चे के बड़े भाई ने मां से कहा- मां...भय्यू को ले गई। ये सुनकर मां बाहर आई तो बच्चा गायब था। घबराए परिजन ने फौरन पुलिस को सूचना दी। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया, चार टीमें गठित की



गई थी। महिला बच्चे को लेकर पीसी सेठी अस्पताल तक पहुंच गई थी। यहां से बच्चे को सकुशल बरामद कर बबीता उर्फ भूरी चौरसिया नाम की महिला को हिरासत में लिया। नकुल के माता-पिता ने बबीता को कड़ी सजा देने की मांग की है।

#### कपड़े बदलकर पहचान छिपाने की कोशिश

सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद आसपास के लोगों ने महिला को पहचान लिया। आरोपी बबीता भी गौरी नगर की रहने वाली है। पूछताछ के लिए उसे थाने ले जाया गया है। पूछताछ के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि उसने बच्चे का अपहरण क्यों किया। बच्चे के घर के चार गली बाद उसका मकान है। आरोपी बबीता बच्चे को चुराने के बाद खुद के और उसके कपड़े बदलकर पहचान छिपाने की कोशिश कर रही थी। उसके पति दीपक का फ्रूट्स से जुड़ा काम है। दोनों के तीन बच्चे हैं।

#### महिला बोली- खिलाने के लिए बच्चे को ले गई

आरोपी बबीता चौरसिया ने पुलिस के सामने कबूला है कि वह बच्चे को अकेला देखकर उसे खिलाने के लिए ले गई थी। जब वह बच्चे को बाहर लेकर आई, तो सामने एक भाभी से कहा भी कि वह उसे लेकर जा रही है। उसने बताया कि बच्चे के लिए दूध की बोतल खरीदी। नकुल ने कपड़े खराब कर दिए तो एक दुकान से 200 रुपए अपने पति से ऑनलाइन डलवाकर नए कपड़े भी दिलाए। मैं पीसी सेठी अस्पताल में अपनी दवा लेने जा रही थी। मैं खुद पांच माह से गर्भवती हूं।

#### अगवा करना होता तो अपना चेहरा छिपा लेती

पूछताछ में बबीता ने कहा- अगर मुझे बच्चे का अपहरण करना होता, तो मैं अपना चेहरा छिपा लेती, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। हालांकि, आरोपी बबीता बार-बार अपना बयान बदल रही है। टीआई के अनुसार, वह कम पढ़ी-लिखी है। उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं लगती। बबीता पहले भी चोरी के एक मामले में पकड़ी जा चुकी है। वह करीब 10 साल पहले गौरी नगर इलाके में आकर रहने लगी थी। इससे पहले वह खातीपुरा इलाके में रहती थी। बबीता ने बताया कि उसका भाई जेल में है और वह अपने पति दीपक और तीन बच्चों के साथ रहती है।

#### पति को भी नहीं पता था कि बच्चा चुराया है

पुलिस के मुताबिक पहचान होने के बाद टीम जब महिला के घर पहुंची, तब पति दीपक घर पर ही था। पूछताछ में उसने बताया कि उसे इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इधर, बबीता की सास चमको ने बताया कि वह अस्पताल जाने की बात कहकर निकली थी। इसके बाद पुलिस की टीम एमवाय और पीसी सेठी अस्पताल की ओर रवाना हुई। अस्पताल से लगभग 100 मीटर पहले ही वह मिल गई। पुलिस ने फौरन उसे हिरासत में लिया और थाने लेकर आई।

#### स्थानीय लोगों ने कहा- घर खाली करो

बबीता के बच्चा चुराने की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोग उसके घर पहुंच गए। उन्होंने उसके पति दीपक और सास चमको से घर खाली करने को कहा। लोगों का कहना था कि वह आगे भी कोई वारदात कर सकती है। हालांकि, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाइश दी।

#### बच्चे की मां बोली- बेटा चार घंटे दूर रहा

बच्चे की मां रश्मि ने कहा कि मैं बेटे को मच्छरदानी के अंदर सुलाकर कपड़े सुखाने छत पर चली गई थी। नीचे का गेट लगा था। बड़े बेटे ने चाय बनाकर देने को कहा। मैं चाय बनाकर लौटी तो सो रहे बेटे पर ध्यान गया। वो मुझे नजर नहीं आया। मैंने बेटे को पहले घर में ढूंढा नहीं मिला तो उसे ढूंढते हुए मकान मालिक के यहां पहली मंजिल पर गई। वहां भी नहीं मिला तो मैं दौड़ती हुई नीचे आई। तब पड़ोसी महिला किरण ने बताया कि आपके बेटे को थोड़ी देर पहले एक महिला को ले जाती दिखी थी। मैं समझी कि आपकी कोई रिश्तेदार होगी। मैंने कहा- मेरी कोई रिश्तेदार नहीं आई।

## सीमेंट कारोबारी की मौत पर परिवार को मिलेगा 1 करोड़ रु. मुआवजा

### जिला कोर्ट ने दिए इंश्योरेंस कंपनी को आदेश

सत्ता सुधार ■ इंदौर

तीन साल पहले एक सीमेंट कारोबारी की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में जिला कोर्ट ने इंश्योरेंस कंपनी को आदेश दिया है कि वह परिवार को 97 लाख रुपए दे। यह राशि ब्याज सहित कुल 1.11 करोड़ रुपए बनती है, जिसे एक माह के भीतर अदा करना होगा। इस केस में कारोबारी द्वारा बीते चार सालों में नियमित रूप से भरा गया इनकम टैक्स रिटर्न, मुआवजे के लिए एक मजबूत आधार बना। सीमेंट कारोबारी का नाम पंकज चावला (36), निवासी हिम्मतनगर था। दुर्घटना 1 अगस्त 2022 को इंदौर-उज्जैन रोड पर नरवर के पास हुई थी। चावला अपने दोस्त धर्मेंद्र और कन्हैया के साथ स्कूटी से उज्जैन जा रहे थे,



तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इंदौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां 22 अगस्त 2022 को उनकी मृत्यु हो गई। उनके परिवार में पत्नी, चार बच्चे और बुजुर्ग माता-पिता शामिल हैं, जो पूरी तरह से उन पर आश्रित थे। हादसे के बाद, परिवार ने 15 अक्टूबर 2022 को जिला न्यायालय में पांच करोड़ रुपए की क्लेम राशि के लिए याचिका दायर की। इसमें ट्रक चालक, ट्रक मालिक और 'दि न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी' से मुआवजा दिलाने की मांग की गई थी। यह केस करीब तीन साल तक चला।

### फर्जी मूवी देखकर आया नकली नोट छापने का आइडिया: द्वारका से एक और आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** नकली नोट छापने के मामले में क्राइम ब्रांच ने द्वारका, गुजरात से मयूर चम्पा (25) को गिरफ्तार किया। मयूर को फर्जी मूवी देखकर नकली नोट छापने का आइडिया आया। उसने फेसबुक पर अन्य आरोपियों से संपर्क किया, जिसके बाद नकली नोट छापने की शुरुआत हुई। मयूर ने बी.कॉम की पढ़ाई की है और टूरिस्ट को होटल दिलाने संबंधित एजेंट का काम करता है। उसके पास से लैपटॉप भी जब्त किया जाना है। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पिछले दिनों होटल इटरनिटी के 301 नंबर कमरे से नकली नोट छापने की सूचना पर दबिश देकर यहां से तीन और भोपाल से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उसने पूछताछ में सामने आया था कि उनका एक साथी शाम को ही द्वारका चला गया है।

### इंदौर महापौर ने लिखा कलेक्टर को लेटर



इंदौर। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कलेक्टर आशीष सिंह को एक लेटर लिखा। जिसमें उन्होंने गर्मी को देखते हुए स्कूलों का टाइम बदलने की बात कही है। लेटर में लिखा है कि इंदौर शहर में भीषण गर्मी हो रही है साथ ही लू भी चल रही है। स्कूल के स्टूडेंट्स को इस भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण उनका स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है। भीषण गर्मी को देखते हुए सभी शासकीय और निजी स्कूलों के समय में परिवर्तन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया जाना उचित होगा।

# इंदौर में कांग्रेस नेता सोनिया-राहुल गांधी का पुतला फूंका

### नेशनल हेराल्ड मामले में बीजेपी युवा मोर्चा का प्रदर्शन, चोर मचाए शोर के लगाए पोस्टर

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर के राजवाड़ा पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर दोनों नेताओं के खिलाफ नारेबाजी की और उनका पुतला फूंका। युवा मोर्चा ने पुतला दहन से पहले राजवाड़ा पर उस पुतले की परिक्रमा करवाई।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी मुर्दाबाद और राहुल गांधी चोर है के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी देश को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं। वहीं, पुतले पर चोर मचाए शोर और नेशनल हेराल्ड से जुड़े पोस्टर भी चिपकाए गए।

#### भाजयुमो अध्यक्ष बोले- कांग्रेस सरकार में ही केस दर्ज हुए

इंदौर भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष सौगात मिश्रा ने कहा कि ईडी देश की एक सर्वोच्च संस्था है, जो बड़े घोटालों को उजागर कर रही है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर घोटाले के आरोप उनकी ही सरकार के समय दर्ज किए गए थे। अब जब ईडी सही दिशा में जांच कर रही है, तब ये दोनों ईडी कार्यालय जाकर अधिकारियों को धमकाने और जांच को भटकाने का प्रयास कर रहे हैं। सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने देश को लूटने का काम किया है। आज इंदौर में युवा मोर्चा ने प्रदर्शन किया। आलाकमान के निर्देश पर प्रदेशभर में अलग-अलग स्थानों पर सोनिया गांधी और राहुल गांधी



के खिलाफ पुतला दहन का आयोजन किया जा रहा है।

#### इंदौर में कांग्रेस ने आज भी किया प्रदर्शन

इधर, कांग्रेस ने आज फिर इंदौर में ईडी कार्यालय के बाहर जाकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में आज ईडी कार्यालय के बाहर पिंजरे में प्रतीकात्मक तोते लटकाएं। प्रदर्शन करने पहुंचे कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल ने बताया कि मोदी सरकार के कहने पर जिस तरह ईडी द्वारा दुर्भावना पूर्ण कार्यवाही नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्ज शीट पेश की गई है, वो निश्चित ही यह दर्शाती है कि ईडी मोदी सरकार का तोता हो गई है। जिस तरह तोते को सिखाया जाता है, वैसे ही तोता बोलता है। ठीक इसी प्रकार ईडी मोदी सरकार के कहने पर कार्यवाही कर रही है।

#### पिंजरे में तोता लेकर भोपाल ईडी दफ्तर पहुंचे थे कांग्रेसी

कांग्रेस के अखबार नेशनल हेराल्ड और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (छ्रु) से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में सोनिया और राहुल गांधी के खिलाफ चार्ज शीट पेश किए जाने के विरोध में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी पिंजरे में प्रतीकात्मक तोता लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर पहुंचे। कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने मेन गेट बंद कर दिया।

## ब्रीफ न्यूज

### प्रभारी मंत्री वर्मा आज मुरैना आयेंगे

**मुरैना।** प्रदेश के राजस्व मंत्री एवं मुरैना जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा दो दिवसीय प्रवास पर 18 अप्रैल को मुरैना आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा 18 अप्रैल को सायं 5:40 बजे मालवा एक्सप्रेस से प्रस्थान कर रात्रि 11:25 बजे मुरैना आयेंगे और रात्रि विश्राम सर्किट हाउस मुरैना पर करेंगे। मंत्री श्री वर्मा 19 अप्रैल को दोपहर 1:30 बजे मुरैना से प्रस्थान कर बड़ागांव-नावली में सांसद शिवमंगल सिंह तोमर के पारिवारिक कार्यक्रम में 2 बजे सम्मिलित होंगे। प्रभारी मंत्री श्री वर्मा नावली बड़ागांव से अपरान्ह 3 बजे प्रस्थान कर 3:30 बजे सर्किट हाउस मुरैना आयेंगे। मंत्री श्री वर्मा 4:40 बजे मुरैना से ट्रेन द्वारा प्रस्थान कर 10:40 बजे भोपाल पहुंचेगे।

### ग्राम पंचायत खरिका में साफ सफाई अभियान चलाया

**मुरैना।** प्रदेश सरकार द्वारा 30 मई तक ''जल गंगा संवर्धन अभियान 2025'' चलाया जा रहा है। अभियान के तहतकार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग मुरैना पीएस जाटव के मार्गदर्शन में अम्बाह शाखा नहर की वितरिका एबीसी की आरडी 1500 मी. पर जंगल सफाई एवं मिट्टी हटाने का कार्य किया। यह कार्य अनुविभागीय अधिकारी जीपीएस भदौरिया, उपयंत्री सुरेन्द्र चंद्र शर्मा, देवेन्द्र गौड़ के द्वारा 16 अप्रैल को ग्राम पंचायत खरिका के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में सभी लोगों ने श्रमदान भी किया।

### आज विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी

**मुरैना।** विद्युत मंडल के प्रबंधक ने बताया है कि 33/11 केव्ही फीडरों से संबंधित समस्त उपभोक्ताओं की आज 18 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 से सायं 05 बजे तक सिद्धनगर एरिया और 12 फुटा हनुमान मंदिर आदि क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी।

### प्रसाद के तीन अक्षरों का अर्थ होता है प्रभु के साक्षात दर्शनः पं. मुदगल

**जौरा।** पुराना बस स्टैंड के पास स्थित शिवहरे धर्मशाला में चल रही श्रीमद भागवत कथा बुधवार को संपन्न हुई। कथा के समापन पर हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। 9 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ शुरू कराई गई श्रीमद भागवत कथा के दौरान भागवताचार्य भगवती मुदागल जौनरा वाले ने कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताते हुए कहा कि लोगों को भक्ति मार्ग से जुड़कर सत्कर्म करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान को लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। भगवताचार्य ने प्रसाद का अर्थ बताते हुए कहा कि प्र माने प्रभु सा यानि साक्षात द से दर्शन इस प्रकार प्रसाद का अर्थ प्रभु के साक्षात दर्शन होता है। भंडारा आरंभ होने से पूर्व परिक्षित श्रीमती लीलादेवी डॉ. हाकिम सिंह ने परिजनों के साथ हवन यज्ञ करवाकर हवन कुंड में पूर्णाहुति दी और भोग लगाकर कन्या व ब्राह्मण भोज के साथ श्रद्धालुओं को भंडारे की प्रसादी ग्रहण कराई।

# ईडी की दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ मुरैना



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आरोप पत्र दाखिल किया गया है। जिसके विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में पुरानी कलेक्ट्रेट पर समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप नेता प्रतिपक्ष मध्य प्रदेश विधानसभा हेमन्त कटारे उपस्थित रहे।

जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा, विधायक दिनेश गुर्जर, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस परिवार ने इस देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर किया, जिनके अपने बलिदान हुए, उस गांधी-नेहरू परिवार को केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा सरकार बार-बार अपमानित करने का असफल प्रयास कर रही है। 2014 से लगातार यह देखा जा रहा है कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी, सीबीआई, आईटी जैसी एजेंसियों का मनमाना उपयोग किया जा रहा है। इससे यह स्पष्ट है कि यह एक राजनीतिक हथियार के रूप में एजेंसियों को प्रयोग करने की रणनीति है। देश के भीतर एक खतरनाक प्रवृत्ति लगातार गहराती जा रही है, केंद्र सरकार द्वारा सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग की। विशेष रूप से विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर बदले की भावना से की जा रही कार्रवाई, लोकतंत्र की आत्मा को निरंतर घायल कर रही है। हाल ही में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आरोप पत्र दाखिल किया गया है यह न केवल अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि स्पष्ट रूप से यह केंद्र सरकार की राजनीतिक प्रतिशोध की संकीर्ण मानसिकता का भी प्रतीक है। ब्लॉक कांग्रेस पश्चिम अध्यक्ष रिंकू पचौरी द्वारा धरना प्रदर्शन राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है।

# पेट माफिया ने रेत के ट्रैक्टर ट्रॉली से नाबालिक को कुचलकर मौत के घाट उतारा

## बाबरी ग्राम से बाबा के साथ बागचीनी खरीदारी करने जा रहा था मृतक बालक, पुलिस ने दो ट्रैक्टर ट्रॉली सहित चालक पकड़े

सत्ता सुधार ■ मुरैना





प्रदेश के कृषि मंत्री रेत माफिया को पेट माफिया बोल रहे थे, लेकिन अब पेट माफिया लगातार लोगों की जान लेने पर तुला हुआ है। गुरुवार की सुबह बाबा के साथ साइकिल से जा रहे 14 वर्षीय नाबालिक को पेट माफिया के ट्रैक्टर ट्रॉली ने क्वॉरी नदी रपटा नील हनुमान मंदिर के नीचे कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने उक्त मार्ग पर 6 घंटे तक जाम लगा दिया, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन आक्रोशित भीड़ आरोपियों को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त करने एवं रेत माफिया पर कार्रवाई करने की मांग पर अड़े हुए थे। भीड़ के आक्रोश के सामने पुलिस बेबस नजर आई और फिर कुछ घंटे की मेहनत के बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो ट्रैक्टर ट्रॉली को चालक सहित पकड़ लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटनास्थल से थोड़ी ही दूरी पर रहने वाला 14 वर्षीय नाबालिक छोटू पुत्र धर्मेंद्र सिंह सिकरवार निवासी ग्राम बाबरी गुरुवार की सुबह 7:30 बजे अपने बाबा के साथ साइकिल से बागचीनी खरीदारी करने के लिए जा रहे था। बाबा पैदल चल रहे थे और छोटू साइकिल से जा रहा था, जैसे ही सुबह 7:45 बजे छोटू की साइकिल क्वॉरी नदी रपटा नील हनुमान मंदिर के नीचे पहुंची तभी रेत माफिया के ट्रैक्टर ट्रॉली तेज गति से आए और बालक को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद रेत माफिया मौके से भाग निकला। हादसा देख ग्रामीण एकत्रित हो गए और उक्त मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। जानकारी मिलते ही कांग्रेस, बसपा आदि दलों के नेता मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों के समर्थन में आवाज बुलंद करने लगे। कांग्रेस की ओर से मानवेंद्र सिंह सिकरवार गांधी, उदयवीर सिंह सिकरवार, बसपा से कुलदीप सिंह सिकरवार सहित तमाम लोग मौके पर पहुंच गए और घटना को अंजाम देने वाले आरोपी और ट्रैक्टर को पकड़ने की मांग करने लगे। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन काफी मशक्कत के बाद भी जाम नहीं खुल पाया, इसके पश्चात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह मौके पर पहुंचे। 6 घंटे तक जाम चलता रहा और इस दौरान दबाव के चलते पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक कर दो ट्रैक्टर ट्रॉली को चालक सहित पकड़ लिया तथा अब उनकी जांच पड़ताल की जा रही है। इधर एक बार फिर पेट माफिया वाला बयान निकल कर सामने आ गया है। विदित हो कि हाल ही में प्रदेश के कृषि मंत्री द्वारा रेत माफिया को पेट माफिया बताया गया था। अब सोशल मीडिया पर फिर से पेट माफिया वाला डायलॉग छाने लगा है और लोग इस घटना के बाद तमाम प्रकार की चर्चाएं कर रहे हैं।

### घटनास्थल पर ही जुटाई तीन लाख से अधिक की सहायता राशि

उक्त घटना के बाद वहां एकत्रित राजनीतिक दलों के लोग एवं समाजसेवियों ने मृतक बालक के परिवार के लिए खुले मन से आर्थिक सहयोग किया, जिसमें सत्यपाल सिंह सिकरवार पूर्व विधायक, कुलदीप सिंह सिकरवार, बृजेश सिंह परमार द्वारा 51 -51 हजार रुपए की नगद सहायता राशि दी गई तो वहीं सोनू नहरावली द्वारा 21000 रुपए, कृष्ण पाल नंदपुरा द्वारा 21000 रूपए, सती महंत बाबा द्वारा 21 हजार रुपए, बनिया सरपंच द्वारा 11000 रुपए, श्याम सुंदर पंचमपुर द्वारा 11000 रुपए, प्रेम सिंह सरपंच बागचीनी द्वारा 21000 रुपए, के अलावा महेंद्र सिंह सिकरवार, जितेंद्र सिंह सिकरवार, सुरेश सिंह सिकरवार पार्षद, जनपद सदस्य कुलदीप द्वारा 5000 रूपए एवं अतर सिंह द्वारा 5100 रूपए की सहायता राशि मौके पर मृतक के परिवार को दी गई।

### दोनों थानों की पुलिस रेत माफिया से कर रही अवैध वसूली

घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्का जाम स्थल पर पुलिस अधिकारियों के समक्ष चिल्लाकर कहा कि देवगढ़ एवं बागचीनी थाना पुलिस के सामने से 24 घंटे रेत की ट्रैक्टर ट्रॉली एवं डंपर, ट्रक आदि निकल रहे हैं और उनसे हर महीने 5 एवं 10 हजार रूपए लिए जा रहे हैं। पुलिस का खुला संरक्षण होने के कारण रेत माफिया बुलंद हौसलों के साथ अपने काम को अंजाम दे रहा है। उल्लेखनीय कि इससे पूर्व एक जागरुक व्यक्ति द्वारा जिले के चिन्नौनी थाना के सामने वीडियो बनाया गया, जिसमें थाने के सामने से लगातार रेत के ट्रैक्टर ट्रॉली गुजर रहे थे। बताया तो यह भी जाता है कि जब भी एक साथ रेत के ट्रैक्टर ट्रॉली वहां से गुजरते हैं तो पुलिस थाने से गायब हो जाती है।

# अस्पताल, स्कूल, कमर्शियल बिल्डिंग में फायर व्यवस्था पर गंभीर नहीं है नगर निगमः विनीत कंसाना

सत्ता सुधार ■ मुरैना



नगर पालिक निगम मुरैना में प्रतिपक्ष नेता विनीत कंसाना ने जिला अस्पताल में बुधवार की शाम हुई आगजनी की घटना के बाद कहा है कि उनके द्वारा अस्पताल, स्कूल, कमर्शियल बिल्डिंग, निजी नर्सिंग होम आदि में फायर व्यवस्था को लेकर निरीक्षण कर कार्रवाई करने के लिए पत्र दिया था, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों द्वारा इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई, परिणामस्वरुप जिला अस्पताल में घटना घटित हो गई। श्री कंसाना ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के चलते आगजनी की घटना हुई और एक व्यक्ति जिसे ऑक्सीजन लगा था, उसे निकालने के चक्कर में ऑक्सीजन हट गया और कुछ देर पश्चात उसकी मृत्यु हो गई। अब अस्पताल प्रबंधन कह रहा है कि आगजनी की घटना से मृतक का कोई संबंध नहीं है, जबकि घटना के दौरान तमाम मरीज अपनी जान बचाने के लिए खुद ही वहां से प्रयास कर निकल पाए। उन्होंने कहा कि शहर में बड़ी संख्या में निजी नर्सिंग होम, तमाम बिल्डिंग में संचालित स्कूल, कमर्शियल बिल्डिंग आदि में भी फायर सेफ्टी के कोई इंतजाम नहीं है, लेकिन नगर निगम के अधिकारी कभी निरीक्षण नहीं करते हैं, जिससे हर वक्त दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। इस संबंध में नगर निगम आयुक्त को उनके द्वारा पत्र भी लिखा गया, जिसे दिए हुए दो माह बीत चुके हैं, लेकिन पत्र के बाद क्या कार्रवाई की गई, अभी तक उन्हें अवगत नहीं कराया गया है। उन्होंने जिला कलेक्टर से मांग की है कि वह उक्त सभी बिल्डिंगों में फायर सेफ्टी सिस्टम के लिए नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित करें, जिससे बड़ी दुर्घटनाओं को टाला जा सके।

# किशोरगढ़ में किसान गेंहू की फसल जलकर हुई राख, मौके पर नहीं पहुची फायर बिग्रेड

**सबलगढ़** किशोरगढ़ ग्राम में किसान की खेत में रखी गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। इस दौरान किसान द्वारा सबलगढ़ नगर पालिका में फोन पर सूचना दी गई तो सबलगढ़ नगर पालिका की फायर बिग्रेड खराब बताई गई। उसके बाद किसान ने झुण्डपुरा नगर परिषद में फायर ब्रिगेड से संपर्क किया। जानकारी के अनुसार किशोरगढ़ ग्राम में रामदयाल सिंह जादौन की खेत में रखी गेहुं की फसल में अज्ञात कारणों के चलते आग गई, जिसमें किसान रामदयाल की पूरी फसल जल गई।

# भतीजी के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर चाचा को लाठी सरिया से पीटकर किया घायल

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के दिमनी थाना क्षेत्र के उमरिया पुरा गांव में दीपावली के बाद घर में घुसकर 18 वर्षीय बालिका के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया और फिर जनवरी में बलात्कार का प्रयास किया, यह मामला थाने में दर्ज हुआ था। अब बलात्कार के आरोपी द्वारा अपने साथियों के साथ पीड़ित लड़की के चाचा के घर में घुसकर पति-पत्नी को लाठी सरिया से पीटकर घायल कर दिया।

घायल चाचा की हड्डी पसली आरोपियों ने तोड़ दी है और पुलिस द्वारा इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। घायल श्रीकृष्ण कुशवाह पुत्र भोलाराम कुशवाह निवासी उमरिया पुरा ने बताया कि आरोपी विनोद, दीपक एवं उसके परिवार के लोगों के द्वारा 9 अप्रैल 2025 को उसकी भतीजी की मारपीट कर रहे थे, तो वह बचाने पहुंचा और उसकी भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद दिमनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके पश्चात आरोपियों ने 15 अप्रैल की शाम जब श्रीकृष्ण अपनी पत्नी के साथ घर पर था, तभी विनोद, दीपक तथा अन्य लोग आए और लाठी सरिया से दोनों की बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने फायरिंग भी की। मारपीट के कारण श्रीकृष्ण बेहोश हो गया और आरोपी उसे मरा समझ कर भाग निकले। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे थाने ले आई तथा जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। फरियादी ने बताया कि आरोपियों द्वारा की गई मारपीट में उसकी हड्डी पसली टूट गई है। दिमनी थाना पुलिस द्वारा आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही और वह खुलेआम घूमकर उनके परिवार पर हमला कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आरोपी विनोद कुशवाह पूर्व में उसकी 18 वर्षीय भतीजी के साथ बंदूक की नोक पर दुष्कर्म कर चुका है तथा जनवरी में फिर से बंदूक दिखाकर बलात्कार का प्रयास किया था।

### पुलिस को देखकर भागने लगा रेत माफिया, मशक्कत के बाद दो ट्रैक्टर ट्रॉली आरोपी सहित पकड़े

**मुरैना।** सिविल लाइन थाना पुलिस मुखबिर की सूचना पर अंबाह बाईपास पर खड़े रेत माफिया को पकड़ने पहुंची तो वह तेज गति से ट्रैक्टर ट्रॉली को भगाने लगे, पुलिस ने पीछा कर दो ट्रैक्टर ट्रॉली चालक सहित पकड़ लिए और थाने ले आए। अब ट्रैक्टर ट्राली राजसात की कार्रवाई वन विभाग द्वारा की जा रही है, वहीं पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी दर्शन लाल शुक्ल ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार की सुबह सूचना मिली कि अंबाह बायपास मार्ग पर बड़ी संख्या में रेत माफिया के ट्रैक्टर ट्रॉली खड़े हुए हैं। उक्त सूचना पर पुलिस वहां पहुंची तो पुलिस को देखकर रेत माफिया भागने लगे। पुलिस ने काफी मशक्कत कर पीछा किया और दो ट्रैक्टर ट्रॉली को आरोपियों सहित पकड़ लिया। जो दो आरोपी पकड़े गए हैं, उनमें किलेदार सिंह गुर्जर एवं राहुल गुर्जर निवासी गडोरा का पुरा शामिल है। पुलिस द्वारा दोनों ट्रैक्टर ट्रॉली को थाना कैंपस में जप्त कर रख दिया गया है ।

# नुक्कड़ नाटक द्वारा विद्यार्थियों को तनाव से मुक्ति का मार्ग दिखा रहें हैं युवा रंगकर्मी

सत्ता सुधार ■ अम्बाह




विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत संगत संस्था नवयुवकों को नुक्कड़ नाटक रंग कर्म से जोड़कर जागरूकता कार्यक्रम चल रही है। गुरुवार को इसी क्रम में अत्यंत भावपूर्ण प्रस्तुतियां ब्राइट कैरियर एकेडमी में हुई। जिसमें संगत संस्था के जिला समन्वयक मनोज कुलश्रेष्ठ, मनोवैज्ञानिक पुष्पराज सिंह राजावत, मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ हिमांशी त्रिपाठी, रंगमंच विशेषज्ञ विकास सिंह गोयल, कोरियोग्राफर दीपक मित्तल, शिक्षाविद् सुरजीत सिंह तोमर, मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक डॉ सुधीर आचार्य मास्टर ट्रेनर मध्यप्रदेश राज्य आनन्द संस्थान ने परिचयात्मक उद्बोधन देते हुए बताया कि संगत संस्था विद्यार्थियों के शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ-साथ उनकी बौद्धिक और तार्किक क्षमताओं को विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को विभिन्न गतिविधियों और खेलों के माध्यम से परखने के साथ, उसकी स्वस्थ मानसिकता विकसित करने की दिशा में गतिशील है।

इस अवसर पर संगत के जिला समन्वयक मनोज कुलश्रेष्ठ ने बताया कि संस्था द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जीवन का महत्वपूर्ण अंग मानते हुए इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक को जागरूकता का माध्यम बनाया है। इसके लिए विद्यार्थियों को नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति की कला सिखाई जा रही है और यही युवा विद्यार्थी अपने सीनियर और जूनियर साथियों को नाटक के माध्यम से स्वस्थ रहने का संदेश दे रहे हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम के शुभारंभ में ब्राइट कैरियर अकादमी के विद्यार्थियों द्वारा एवं मानसिक स्वास्थ्य पर संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने अत्यंत प्रभावी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

**प्रदर्शन** अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन एवं उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी

# अपनी मांगों को लेकर निजी विद्यालयों के खिलाफ अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ सबलगढ़



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् नगर इकाई सबलगढ़ ने निजी विद्यालयों में चल रही अनियमितताओं को लेकर चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। साथ ही अभाविप ने इन 4 सूत्रीय मांगों को पूरी करने के लिए 7 दिवस का समय दिया है और चेतावनी भी दी है कि कार्यवाही पूरी न होने की स्थिति में अभाविप अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन एवं उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।

अभाविप ने ज्ञापन के माध्यम से निजी विद्यालयों में चल रही प्रायवेट पब्लिकेशन की पुस्तक को बंद कराकर शासन द्वारा निर्धारित पुस्तक चलाने, सबलगढ़ विकासखंड के अंतर्गत नियमों को ताख पर रखते हुऐ विद्यालयों का नवीनीकरण एवं कई नवीन विद्यालयों को मान्यता दी गई है जिसमें ना तो खेल मैदान, पर्याप्त शिक्षक, उचित भवन आदि सम्मिलित हैं ऐसे स्कूलों की पुनः जाँच कर कार्यवाही करने, निजी विद्यालयों में अध्यापन करा रहे शिक्षक व शिक्षिकाओं के पास व्यवसायिक शिक्षा की डिग्री नहीं है, जो कि नई शिक्षा नीति में अनिवार्य है की जांच कर कार्यवाही करने एवं प्रायवेट विद्यालयों के संचालक व विक्रेताओं के साथ साठ-गांठ कर उनके द्वारा पुस्तक, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म एवं अन्य सामग्री का क्रय हेतु एक ही स्थान से बाध्य किया जा रहा है, जहां पर कमीशनखोरी का कार्य हो रहा है उनकी जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में नगर मंत्री विश्वप्रताप भदौरिया, नगर सह मंत्री पंकज प्रजापती, रवि राठौर, कृष्ण पंडित, प्रशांत राय, देव गर्ग, हेमंत मरैया, महेंद्र रावत सहित आधा दर्जन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्व-सहायता समूह की महिलाएं शहर के वार्ड में पानी की गुणवत्ता की करेगी जांच

सत्ता सुधार ■ मुरैना



गुरुवार भारत सरकार द्वारा संचालित अमृत 2.0 योजना के तहत दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत गठित स्व-सहायता समूह की महिलाएं नगर निगम के सभी 47 वार्ड में पानी की गुणवत्ता की जांच करेगी। इस दौरान समूह की महिलाएं पानी में पीएच लेवल टीडीएस मिनरल्स पानी की अम्लीयता, क्षारीयता आदि की भी जांच कर रिपोर्ट लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में प्रस्तुत करेंगी, जिससे कि पता चल सकेगा कि वार्ड में जो पानी मिल रहा है वह पीने योग्य है या नहीं है। नगर निगम के शहरी परियोजना प्रबंधक रहीम चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि अमृत 2.0 योजना के तहत समूह की महिलाएं शहर के सभी 47 वार्ड में वॉटर क्वालिटी टेस्ट का कार्य कर रही हैं। श्री चौहान ने बताया कि महिलाओं को इस संबंध में ट्रेनिंग भी दी गई है और समझाया गया है कि वह वॉटर क्वालिटी टेस्ट किस प्रकार से करें नगर निगम द्वारा 6 समूह का चयन किया गया है जो शहर के प्रत्येक वार्ड में 15 वॉटर क्वालिटी टेस्टिंग करेगी।

## ब्रीफ न्यूज

### बीमा कंपनी के अधिकारी व अधिवक्ताओं के साथ बैठक

**हरदा।** आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती तृप्ति शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को ए.डी.आर. सेंटर में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती शर्मा द्वारा आनलाईन माध्यम से जुड़े बीमा कंपनियों के अधिकारियों के साथ विगत दो नेशनल लोक अदालत में निराकृत हुए प्रकरणों तथा आगामी लोक अदालत में रैफर्ड किए गए प्रकरणों में प्रगति की समीक्षा की। साथ ही मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों के निराकरण में बीमा कंपनियों द्वारा सहयोग प्रदान किये जाने की अपील की गई। पूर्व लोक अदालत की अपेक्षा अधिक प्रकरणों के निराकरण की अपेक्षा की गई। बीमा कंपनी के अधिकारियों को नवीन प्रकरणों में जल्द से जल्द अधिवक्ताओं की नियुक्ति करते हुए उन्हें संबंधित न्यायालय में उपस्थित होने के लिए निर्देशित करने के संबंध में निर्देश दिए गए। उपस्थित अधिकारियों तथा अधिवक्ताओं से आगामी लोक अदालत में अधिक से अधिक क्लेम प्रकरणों के निराकरण का प्रयास किये जाने बाबत भी चर्चा की गई। बैठक में बीमा कंपनी के प्रतिनिधी व्ही.सी. के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में जयदीप सिंह नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत एवं विशेष न्यायाधीश, निमिष राजा द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, चंद्रशेखर राठौर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बीमा कंपनी के अधिवक्ता एम.एस. चैहान, ऋषि पारे एवं अन्य अधिवक्तागण भी उपस्थित रहे।

### दीवार लेखन के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश

**हरदा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में प्रदेश सरकार ने जल संरक्षण एवं संवर्धन को ध्यान में रखते हुए ह्यजल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया है। इसी क्रम में बुधवार को जल गंगा सम्वर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की गठित नवांकुर संस्था टिमरन नगर विकास प्रस्फुटन समिति टिमरनी ने टिमरनी विकासखंड के ग्रामो में दीवार लेखन के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया।

### राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करें और राजस्व वसूली बढ़ाएं : कलेक्टर

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सीमांकन, नामांतरण, बटवारा और बटांकन के मामलों का त्वरित निराकरण करें तथा राजस्व वसूली बढ़ाएं। बैठक में संयुक्त कलेक्टर सतीश राय के साथ-साथ हरदा एसडीएम कुमार शानू देवड़िया, टिमरनी एसडीएम महेश बडोले तथा खिरकिया एसडीएम अशोक डेहरिया सहित अन्य तहसीलदार व नायब तहसीलदार भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री जैन ने बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लिए हितग्राहियों के ई-केवाईसी की कार्यवाही शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने न्यायालयों का निरीक्षण तो करें ही, साथ ही अपने अधीनस्थ न्यायालयों का भी आकस्मिक निरीक्षण करें।

# सांसद राहुल सिंह लोधी ने सभी माते मुखिया के साथ समरसता भोज किया

## सांसद राहुल सिंह लोधी ने सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण पेश करते हुए सभी की पत्तले उठाई

### सांसद राहुल सिंह लोधी ने जिले की समस्त माते मुखियों का किया सम्मान

### दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी के मुख्य आथित्य में राजगढ़ी हिंडोरिया में हुआ सामाजिक समरसता का द्वितीय समागम

सत्ता सुधार ■ दमोह

बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की 134वीं जन्म जयंती पर राजगढ़ी परिसर, हिंडोरिया में सामाजिक समरसता का द्वितीय भव्य समागम आयोजित किया गया जिसमें दमोह जिले के समस्त माते मुखियों द्वारा मंच की शोभा बढ़ाई गई। सांसद राहुल सिंह लोधी कहते हैं कि यह माते मुखिया समाज को दिशा और दशा दिखाने का काम करते हैं। यह माते मुखिया समाज में चल रही कुरीतियों एवं हो रहे अत्याचारों को रोकने हेतु, अपनी समाज का नेतृत्व करते हैं। यह सामाजिक समरसता का द्वितीय भव्य समागम आज राजगढ़ हिंडोरिया में सांसद राहुल सिंह लोधी के मुख्य अथित्य में



किया गया जिसमें सांसद राहुल सिंह लोधी ने समस्त माते मुखियों के साथ बैठकर, समरसता भोज किया एवं भोजन उपरांत उनकी पत्तले उठाई।

सांसद राहुल सिंह लोधी का कहना है, यह जो सामाजिक समागम है, यह हमारे परिवार में कई बरसों से चला रहा है। इस सामाजिक समागम में हम माते मुखिया एवं सामाजिक बांधों के साथ बैठकर भोजन करते हैं एवं उनके पत्तलो को उठाकर समाज में समता का, समान अधिकार का संदेश देते हैं। सांसद जी कहते हैं कि हमारे परिवार पर समाज का सदैव आशीर्वाद रहा है। जिसके फल स्वरुप आज मैं दमोह संसदीय क्षेत्र से सांसद बनकर आया हूं। सांसद कहते हैं कि बाबा अंबेडकर जी के आदर्शों पर चलना हमें बचपन से ही माता-पिता द्वारा सिखाया गया है जिनका अनुसरण हम सब कर रहे हैं। सांसद राहुल सिंह लोधी ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि हम सभी बाबासाहेब के सर्वकालिक और सर्वस्पर्शी विचार आधुनिक भारत एवं समरस समाज के निर्माण के संकल्प को पूर्ण करेंगे। इस कार्यक्रम में दमोह जिले के समस्त माते मुखिया गण, पूर्व विधायक प्रद्युमन सिंह, वैभव सिंह एवं बड़ी संख्या में जिले से पधारे सभी सजातीय बंधुओ की उपस्थिति रही।

## खंडवा में युवा मोर्चा ने किया पुतला दहन

### सोनिया-राहुल गांधी पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप



सत्ता सुधार ■ खंडवा

कांग्रेस के खिलाफ भारतीय जनता युवा मोर्चा का आक्रोश एक बार फिर सड़कों पर नजर आया। मनी लॉन्ड्रिंग और पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों पर लगाए गए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों को लेकर युवा मोर्चा ने आज सोनिया गांधी और राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनूप पटेल ने किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर विशेष रूप से मौजूद रहे। पुतला दहन के दौरान मौके पर मौजूद अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं में हरीश कोटवाले, अमर यादव, धीरज शर्मा, पुनीत चौरसिया, अंकित पांजरे, अजय सिंह राठौड़, कपिल अंजाने, हिमांशु राज, प्रांजल मोरे, सार्थक वर्मा, लाला जाट, पलाश पवार, अंकित यादव, उमेश मराठा, अंकित श्रीवास्तव, शुभम वास्ले, प्रथमेश यादव और अविनाश यादव शामिल रहे। युवा मोर्चा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नीतियों और भ्रष्टाचार के चलते देश को भारी नुकसान हुआ है और अब जनता सबकुछ जान चुकी है।

## पार्षद सिल्लू के प्रयास से मिली राजकुमार को वैशाखी

सत्ता सुधार ■ शहडोल

ज़िंदगी में जब उम्मीद की किरणें धुंधलाने लगती हैं, तब कोई एक संवेदनशील हाथ आगे बढ़कर रोशनी बन जाता है। शहडोल नगर पालिका परिषद के हनुमान वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद सुशील कुमार रजक उर्फ %सिल्लू% ने बुधवार को अपने सद्?प्रयासों से कुछ ऐसा ही कर दिखाया। उन्होंने ग्राम निपनिया निवासी एक विकलांग युवक को न सिर्फ स्टील की बैसाखी उपलब्ध करवाई, बल्कि उसके विकलांग प्रमाण पत्र की प्रक्रिया भी पूरी करवाकर एक नई राह दिखाई। 23 वर्षीय राजकुमार कोल, जो ग्राम निपनिया में अपने परिवार के साथ रहता है, ने बताया कि करीब पांच साल पहले वह एक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हुआ था, जिसमें उसने अपना एक पैर हमेशा के लिए खो दिया। उस हादसे के बाद से ही वह लकड़ी की पुरानी बैसाखियों के सहारे जीवन यापन कर रहा था। आर्थिक तंगी और संसाधनों की कमी के चलते वह कोई बेहतर साधन जुटा नहीं पाया। राजकुमार कोल की ज़िंदगी में नया मोड़ उस वक्त आया जब बीते शुक्रवार को किसी काम से वह कलेक्ट्रेट पहुंचा। वहीं पर उसकी मुलाकात पार्षद सिल्लू रजक से हुई। बातचीत के दौरान जब पार्षद ने उसकी स्थिति देखी और बैसाखियों की जर्जर हालत जानी, तो उन्होंने तुरंत उसे बेहतर सुविधा दिलाने का वादा किया। इस मुलाकात के दौरान न कोई आवेदन लिखा गया, न कोई लंबी प्रक्रिया शुरू हुई सिर्फ एक संवेदना भरी नज़र और सच्चा इरादा था। राजकुमार ने पार्षद सिल्लू से किए गए वादे के मुताबिक बुधवार को उनसे संपर्क किया। फोन पर बातचीत के कुछ ही देर बाद पार्षद स्वयं उससे मिले और सामाजिक न्याय विभाग से स्टील की मजबूत बैसाखी की व्यवस्था करवाई। स्टील की यह बैसाखी अब न केवल राजकुमार को सहारा दे रही है, बल्कि उसे आत्मविश्वास भी दे रही है कि वह समाज की मुख्यधारा में लौट सकता है। पार्षद सिल्लू रजक ने राजकुमार का विकलांग प्रमाण पत्र भी बनवाने की पूरी प्रक्रिया में सहयोग किया, जिससे वह अब सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेगा। चाहे वह पेंशन हो, रोजगार योजना हो या सहायक उपकरणों की सरकारी सहायता अब राजकुमार का नाम इन सबके लिए दर्ज हो चुका है। यह घटना दिखाती है कि यदि जनप्रतिनिधि संवेदनशील और सक्रिय हों, तो समाज के सबसे पिछड़े और पीड़ित वर्ग को भी राहत पहुंचाई जा सकती है। राजकुमार कोल और उसके परिजनों ने इस मदद के लिए दिल से आभार व्यक्त किया और कहा कि यह केवल एक बैसाखी नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है।

# कार्बाइड से फल पकाना अपराध किन्तु नहीं हो रही कार्यवाही

## बाजार में केमिकल से पके फलों की बढ़ी बिक्री, नहीं हो रही जांच

सत्ता सुधार ■ हरदा

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग में जांच के लिए विगत एक वर्ष से फलों के लीगल सैंपल नहीं लिये गये हैं, जबकि हर वर्ष देखने में मिलता है कि जिले में कई जगह केला, आम, पपीता समेत अनके फलों को कैमिकल व लिक्विड गैस के माध्यम से पकाकर मार्केट में बेचा जाता है। मार्केट में गर्मी के समय फल जल्दी खराब फलों को लंबे समय तक टिकाने के लिए कार्बाइड गैस एवं कैमिकल का इस्तमाल किया जाता है। इसके बावजूद अब तक मार्केट में फलों का लीगल सैंपल जांच करने नहीं लिया गया है। जिले के कई फल विक्रेताओं से बात की गई तो कुछ लोगों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि बिना कैमिकल फल नहीं पक सकता। पहले आम, केला व अन्य फल कार्बाइड से पकाया जाता था, उसके बाद लिक्विड में एथिनील गैस व एसिटिलीन से पानी में डुबोकर पकाते हैं।



**फल पकाने के लिए है चाइना पैकेट** – केला पकाने के लिए एक गैस आती है, उसके डालने से पकता है। आम व अन्य फल पकाने के लिए चाइना का एक पैकेट आता है, उसको पानी में डीप करके आम व अन्य फलों को पकाया जाता है। पकाने के लिए एक कैरेट में चार पैकेट को डीप करके डालते हैं। इससे कच्चे फल को पकने में करीब तीन-चार दिन का समय लगता है, वहीं पका हुआ फल एक हफ्ते तक चल जाता है। वहीं स्टोर में डालकर रखने पर 5 से 6 माह तक चल जाता है, पर अभी भी आशंका है कि फलों को पकाने में कैल्शियम कार्बाइड का इस्तेमाल करके मार्केट में फल बेचा जा रहा है। दुकानदार ने बताया कि दो साल पूर्व जाँच अधिकारी आते थे, तो दुकानदार के पास रखे लिक्विड व गैस को छुपा दिया जाता था। औचक निरीक्षण जब तक नहीं किया जायेगा, तब तक आरोपी पकड़ में नहीं आयेंगे।

### कार्बाइड से फल पकाना अपराध

बाजारों में फलों को लंबे समय तक चलाने व बाहर से सुंदर व आकर्षक दिखाने के लिए फलों के अंदर कार्बाइड डाला जाता है। इससे फल समय से पहले पक जाते है, साथ ही बाहर से काफी अच्छे भी दिखते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फलों में कार्बाइड गैस मिलाना काफी खतरनाक भी हो सकता है, फल मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। साथ ही कार्बाइड से पके फल प्राकृतिक तरीके पकने वाले फलों की तरह ही दिखते है। कार्बाइड से फल पकाना अपराध की श्रेणी में आता है। प्राप्त जानकारी अनुसार केमिकल फल का सेवन करने से व्यक्ति कई बीमारियों से ग्रासित हो सकता है। कैमिकल फल बाहर से सुंदर दिखता है, वहीं कच्चे फलों में अधिक कार्बाइड का प्रयोग करने से फल बेस्वाद व कभी कभी विषाक्त भी बन सकते है। इसका सेवन करने से लोगों को अपच, उल्टी, नींद नहीं आना किडनी में इफेक्ट एवं कैंसर भी पैदा करने का कारण बन सकता है।

**क्या कहते जवाबदार -**

आपके द्वारा जानकारी संज्ञान में लाई गई है, जानकारी हासिल कर कार्यवाही करेंगे।

**श्रीमती ज्योति अमृता बंसल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, हरदा।**

## कलेक्टर श्री जैन ने गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया



**हरदा।** गुरुवार सुबह रिद्धि सिद्धि वेयर हाउस पिड़गांव तथा श्रीनिधि वेयर हाउस पिड़गांव में बनाए गए उपार्जन केंद्रो का कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी वासुदेव भदोरिया और उप संचालक कृषि जवाहर लाल कास्दे सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री जैन ने मौके पर उपस्थित किसानों से चर्चा की और उपार्जन केंद्र पर आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उपार्जन केंद्र के संचालक को निर्देश दिए कि गेहूं उपार्जन के लिए आने वाले किसानों को कोई परेशानी ना आए। उन्होंने कहा कि केंद्र पर आने वाले किसानों के लिए पेयजल, और बैठने के लिए शेड की व्यवस्था करें। कलेक्टर श्री जैन ने इस अवसर पर कहा कि किसानों को केंद्र पर कम से कम इंतजार करना पड़े यह व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री जैन ने इस अवसर पर खरीदे गए गेहूं की गुणवत्ता भी देखी। उन्होंने उपार्जन केंद्र में पर्याप्त संख्या में बारदाने, तौलकांटे और नमी मापक यंत्र की उपलब्धता के संबंध में भी निर्देश दिए।

## मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो वाल्मीकी समाज के कार्यक्रम में हुए शामिल



### नगर पालिका के सफाई कामगारों का किया सम्मान

सत्ता सुधार ■ दमोह

मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो आज दमोह पहुंचे और स्थानीय मानस भवन में वाल्मीकी समाज के कार्यक्रम में शामिल हुये। उन्होंने नगरपालिका के सफाई कामगारों का सम्मान किया। इस अवसर पर मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने कहा हम सभी बाबा साहब अंबेडकर की जन्म जयंती मनाने के लिए एकत्रित हुए थे, मुझे बहुत तीव्र पीड़ा और वेदना है, इस बात कि आज जिस वाल्मीकि समाज के भाई बहनों से कम वेतन में बरसों से काम करवाया गया, उनको उनके अंतर की शेष राशि का भुगतान भी करवाया जाएगा। उन्होंने कहा भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने हमारे दलित सफाईकर्मी भाई बहनों के पैर धुलाकर के ये संदेश दिया है, कि दलित सफाईकर्मी भाई बहनों का सम्मान सर्वोपरि ही है और एक-एक सरकारी कर्मचारी के दिमाग में ये बात तय कर लें इनके वेतन के साथ खिलवाड़ नहीं होगा, इनका वेतन नहीं रोका जाएगा। मेरा काम है, अगर इनके मानवाधिकारों का हनन हो रहा है, तो मैं आयोग की प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत कार्रवाई करूँ।

## विधानसभा क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए विधायकों ने कथा में भाग लेकर पूर्णाहुति दी



**खंडवा।** खंडवा क्षेत्र की सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए खंडवा नेता कंचन तनवे धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर कामना करते हैं, नगर के मित्र ग्रामीण क्षेत्र में भी चैत के क्षेत्र की सुख समृद्धि और विकास के लिए कार्यक्रम में शामिल होते हैं, दिग्गज नेता सुनील जैन ने कहा कि सहायक मित्र कंचन तनवे, मुकेश भाई तनवे रविवार को ग्राम अलीखुर्द में चल रहे मां पीतांबरा बगलामुखी एकादश कुंड माता और श्रीमद भागवत कथा के धार्मिक अनुष्ठान हुए।

**अभियान** | कलेक्टर बोले- कोई भी बच्चों शिक्षा से न रहे वंचित, करे प्रयास

# जल अमूल्य है, इसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारीः कलेक्टर

सत्ता सुधार ■ शहडोल

जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाया जा रहा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर डॉ. केदार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियो एवं अधिकारियों की उपस्थिति में शहडोल जिले के जनपद पंचायत पड़मनिया खुर्द में लोगों को पानी की एक-एक बूंद सहजेने एवं जल का महत्व बताने के लिए जन चौपाल लगाई गई। जन चौपाल को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जल के बीना जीवन संभव नही है, जल अमूल्य है, इसे बचाने के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करना होगा, जल को बचाने के लिए केवल एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नही बल्कि हम सभी कि जिम्मेदारी है कि आने वाले पीढ़ियों के लिए




पानी का संचयन करें। उन्होंने कहा कि ग्राम पड़मनिया खुर्द जो कि एक आदर्श ग्राम के रूप में चयनित है ग्रामवासियों का यह प्रयास होना चहिए कि यह ग्राम के आस-पास के गांवों के लिए यह ग्राम रोल मॉडल बने, आपसी भाईचारा इतना हो कि इस ग्राम में न तो विवाद हो और न ही कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित रहें। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेते हुए शत-प्रतिशत शिक्षित ग्राम बने ऐसा ग्रामवासियों को प्रयास करना चाहिए तथा जिला प्रषासन द्वारा ग्राम के विकास के लिए निरंतर सहयोग प्रदान किया जाएगा। जन चौपाल को प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नरेंद्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पाण्डेय ने भी सम्बोंधित कर वर्षा के जल को संचयन करने एवं जल का महत्व बताया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती कमलेशिया बैगा, उपसरपंच अनिल साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेष मिश्रा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री आनंद राय सिंहा, उपसंचालक कृषि श्री आर पी झारिया, नायब तहसीलदार श्री राजकुमार कोल, जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक प्रिया सिंह, ममता सोनी, राहुल द्विवेदी उपयंत्री सुभाष भारती,पटवारी श्रीमती पुष्पा पटेल, श्रीमती राजकुमारी सिंह,सचिव हेमराज बैगा, ग्राम रोजगार सहायक शशिकांत द्विवेदी, रामभजन गुप्ता, धनीराम चौरसिया,मुरलीप्रसाद साहू,गिरधारी लाल नापित,बाबूलाल गुप्ता, अनिरुद्ध शर्मा,संजय नापित, विक्रेता अजय गुप्ता,सुब्रत द्विवेदी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों के साथ एमएसडब्लू,बीएसडब्लू के छात्र एवं काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थें।

## दो मित्रों के बीच खौफनाक खूनी संघर्ष, गुस्से में दांत से काटकर अलग कर दिया हाथ का अंगूठा

सत्ता सुधार ■ शहडोल

जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के चितरांव गांव में एक गंभीर घटना सामने आई है। दो पूर्व मित्रों के बीच मामूली बात ने खूनी संघर्ष को जन्म दिया, जिसमें एक व्यक्ति ने दूसरे का अंगूठा दांतों से काटकर अलग कर दिया। दोनों युवक पहले गुजरात में साथ काम कर चुके थे और किसी लेन-देन या पुराने विवाद को लेकर विवाद हुआ।

पुलिस ने बताया कि दोनों घायल हैं और अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज किया गया है और जांच जारी है।पुलिस ने बताया कि विकास गुप्ता और अंबर गुप्ता, जो कभी घनिष्ठ मित्र रहे हैं। दोनों के बीच किसी रंजिश के चलते विवाद की शुरुआत हुई। दोनों ने एक समय गुजरात में एक साथ काम किया था। स्थानीय लोगों के अनुसार, विवाद की शुरुआत काम से जुड़ी किसी पुरानी बात को लेकर हुई। पहले तीखी बहस और फिर हाथापाई तक मामला पहुंच गया। इस घटना में एक युवक ने दोस्त के हाथ पर हमला करते हुए दांत से काटकर हाथ का अंगूठा अलग कर दिया। पुलिस के अनुसार घटना के समय अंबर गुप्ता ने गुस्से में आकर विकास गुप्ता के हाथ पर हमला किया, जिससे उसका अंगूठा पूरी तरह से अलग हो गया। उपचार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हिंसक वारदात ने गांव में सनसनी फैला दी।

## प्रभावी प्रबंधन, तकनीकि उन्नयन से मिली सफलता

# ताप विद्युत गृहों की ऊर्जा कुशलता से आयी ट्रिपिंग में कमी और घटी विद्युत उत्पादन लागत

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के चार ताप विद्युत गृहों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में ऑपरेशन (संचालन) क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूर्व की तुलना में अधिक उत्पादन किया है। इसके साथ ही विद्युत गृहों की ट्रिपिंग दर भी पूर्व की तुलना में कम हुई है। कंपनी की इस उपलब्धि पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि प्रभावी प्रबंधन नीति, तकनीकी उन्नयन व कड़ाई से ऑपरेशन नियमों का पालन करने से यह लक्ष्य हासिल किया गया। उन्होंने कहा कि विद्युत गृहों के ऑपरेशन में ट्रिपिंग, व?श?ष्ट तेल की खपत में कमी, ऑक्जलरी कंजम्पशन महत्वपूर्ण मापदंड हैं। पावर जनरेटिंग कंपनी के चारों ताप विद्युत गृहों की 12 विद्युत यूनिट ने इन मापदंडों में



महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में विद्युत गृहों में मात्र 85 ट्रिपिंग दर्ज की गई। इससे पूर्व वर्ष 2019-20 में 150 ट्रिपिंग दर्ज होती रही हैं। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ताप विद्युत गृहों की इस उपलब्धि पर कंपनी के इंजीनियरों, तकनीशियनों और संचालन टीम को बधाई देते हुए कहड्डा कि यहां तक पहुंचने के लिए विद्युत गृहों की ट्रिपिंग में निरंतर कमी पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों की यूनिट में किए गए सुधार कार्य व बेहतर मेंटेनेंस के कारण ट्रिपिंग में उल्लेखनीय कार्य किया गया तब कहीं हम इस मुकाम पर पहुंचे है।

### ऑक्जलरी कंजम्पशन में कमी

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों ने वर्ष 2024-25 में अब तक का सबसे कम ऑक्जलरी कंजम्पशन (सहायक संयंत्र खपत) 6.91 प्रतिशत हासिल किया। विद्युत गृहों के संचालन के दौरान खपत हो रही ऊर्जा जितनी कम होगी उतनी ही अधिक विक्रय बिजली (नेट जनरेशन) होगी और इसका सीधा प्रभाव उत्पादन लागत पर पड़ता है।

### विशिष्ट तेल खपत कम करके परिचालन लागत में आई कमी

पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा विद्युत उत्पादन लागत में कमी लाने के लगातार प्रयास किए गए। इससे ताप विद्युत यूनिट की विशिष्ट तेल खपत वर्ष 2024-25 में 0.51 मिलीलीटर प्रति यूनिट रही। यह अब तक की न्यूनतम विशिष्ट तेल खपत है। न्यूनतम विशिष्ट तेल खपत से परिचालन लागत में जहां कमी आई वहीं यह पर्यावरण संरक्षण में सहायक हुई।

### कैसे कम हुई ट्रिपिंग और घटी विद्युत उत्पादन लागत

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के चार ताप विद्युत गृहों में विभिन्न क्षमताओं की कुल 12 ताप विद्युत इकाइयों का समन्वित प्रबंधन अत्यंत प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। इन विद्युत इकाइयों में सुधारात्मक प्रयास कर यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक इकाई से क्षमता अनुसार अधिकतम उपयोग किया जा सके। तकनीकी उन्नयन, सख्त संधारण नियम व प्रभावी प्रबंधन नीतियों के द्वारा ट्रिपिंग की संख्या में कमी आई और उत्पादन कुशलता में वृद्धि संभव हो पाई है।

# भाजयुमो ने कांग्रेस नेताओं का पुतला फूंका

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया के नेतृत्व में गुरुवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर दोनों नेताओं के खिलाफ नारेबाजी की और उनका पुतला फूंका। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि नेशनल हेराल्ड अखबार की 5000 करोड़ से अधिक की संपत्ति को गांधी परिवार ने अपने नाम कर लिया और उसमें हुआ घोटाला अपने घर ले गए। देश की जनता अब उनसे हिसाब और जवाब मांग रही है। अब जब ईडी सही दिशा में जांच कर रही है, तब ये दोनों ईडी कार्यालय जाकर अधिकारियों को धमकाने और जांच को भटकाने का प्रयास कर रहे हैं सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने देश को लूटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज राहुल गांधी, सोनिया गांधी के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन,आंदोलन और पुतला दहन किया जा रहा है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रतीक तिवारी ने कहा कि देश के चर्चित नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी का चार्जशीट में नाम आना और उसके बाद उनका यह कहना की जांच एजेंसियां पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रही है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी, जिला महामंत्री विनोद शर्मा, राजू पलैया, बृजेंद्र सिंह जादौन, राकेश माहौर, जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी उपस्थित थे।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्कशॉप कल से




**ग्वालियर।** गुरुकुल ड्रीम फाउंडेशन द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्कशॉप का आयोजन 19 अप्रैल को शाम 4 बजे सिटी स्थित ग्रैब स्पेस कोवर्किंग में किया जा रहा है। जिसका विषय राइज ऑफ द एआई एजेंट्स रखा गया है। इस निशुल्क वर्कशॉप का उद्देश्य बदलते हुए समय में जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की वजह से नौकरियों में बदलाव विभिन्न तरीके से बदलाव हो रहे हैं। बदलाव के लिए छात्र तैयार रहें और एआई के विषय में तैयार रहें।इसमें ट्रेनर के रूप में बैंगलोर से ललित रावत एवं पुणे से अनंत उपाध्याय मौजूद रहेंगे। वर्कशॉप में छात्रों को प्रमाण पत्र भी दिये जायेंगे।

## स्व. राजकुमार बंसल के चतुर्थ पुण्य स्मरण पर निः शुल्क हृदय रोग जांच शिविर कल

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर




स्व. राजकुमार बंसल का चतुर्थ पुण्य स्मरण आगामी 19 अप्रैल को है। इस अवसर पर स्व. राजकुमार बंसल की स्मृति में निशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया है। यह जानकारी स्व. राजकुमार बंसल के सुपुत्र धीरज बंसल एवं पंकज बंसल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी है। धीरज बंसल ने बताया कि निशुल्क हृदय रोग जांच शिविर किडिज कार्नर स्कूल गणेश कालोनी नया बाजार लश्कर पर प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया गया है। इससे पहले शिविर का उद्घाटन गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं नेताओं के द्वारा स्व. बंसल को प्रातः 10 बजे श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित कर होगा। शिविर में जीबी पंत अस्पताल दिल्ली के प्रसिद्ध हृदय रोग स्पेशलिस्ट एवं ग्वालियर के गौरव डॉ. जमाल युसुफ पंजीकृत मरीजों को निशुल्क परामर्श देंगे। शिविर में पंजीकृत मरीजों को दिखाने के समय आधार कार्ड लाना जरूरी है।

# यूथ हॉस्टल की ग्रीष्मकालीन फैमिली ट्रेकिंग आयोजित

■ बटेश्वर, इटावा पहुंचे 55 सदस्य

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



यूथ हॉस्टल एसोसिएशन द्वारा अपने प्रतिवर्ष किए जाने वाले नियमित कार्यक्रमों की श्रृंखला में ग्रीष्मकालीन बटेश्वर, इटावा के पास फैमिली ट्रैकिंग का आयोजन किया। संस्था द्वारा प्रतिवर्ष तीन फैमिली ट्रैकिंग का आयोजन किया जाता है। सचिव रामनारायण मिश्रा ने बताया कि ग्वालियर से लगभग 150 किलोमीटर दूर यमुना नदी के तट पर लगभग 101 प्राचीन शिवलिंग मंदिरों का समूह स्थित है। इस स्थान की मुख्य विशेषता भगवान शिव और पार्वती के सेठ सेठानी रूप में लगभग 4 फीट ऊंचे स्थित विग्रह है। कार्यक्रम में 55 महिला पुरुष सदस्यों ने भाग लिया, जो प्रातः 8:15 बजे बस से रवाना होकर 1:15 बजे बटेश्वर पहुंचे। संस्था अध्यक्ष विजय गर्ग, चेयरमैन शैलेंद्र माहौर एवं संस्था सचिव रामनारायण मिश्रा ने हरीझंडी दिखाकर बस को रवाना किया। बस में नाश्ता करने के बाद अंताक्षरी का दौर चला। बस में ही भूपेंद्र शर्मा, प्रदीप सगरिया, शशांक शुक्ला, मीना आर्या, सीमा गुप्ता, गौरव सिंहल आदि सदस्यों ने अपनी सुरमई आवाज में गीत गाए और माहौल को संगीतमय में बना दिया। बटेश्वर पहुंचकर सभी सदस्यों ने चार किलोमीटर तक उल्टी दिशा में बह रही यमुना नदी के तट पर ट्रेकिंग कर वोटिंग की और स्नान किया। इसके पश्चात लगभग 1 किलोमीटर क्षेत्र में फैले मंदिरों के समूह के दर्शन किए। वहां से लौटकर हलवाई द्वारा बनाए हुए सुस्वादु भोजन का आनंद दिया। सभी सदस्यों ने अपना अपना परिचय प्रदान किया और हाउजी का आनंद लिया। शाम 5:45 बजे वहां से बस द्वारा रवाना होकर रात्रि 10:15 बजे ग्वालियर पहुंच गए। कार्यक्रम में तीन नए सदस्यों ने संस्था की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में सुनील राय, सतीश अग्रवाल, निर्मल दास, जयदेव गुप्ता, राकेश गुप्ता, रविन्द्र राजपूत, विशाल जैन, राकेश गुप्ता, मंजू माहौर, अर्चना मिश्रा, अल्पना सिंघल, अंजू अग्रवाल, श्रीमती रिया आदि सदस्यों ने भाग लिया।

## पूर्व गृहमंत्री के जन्मदिन पर 51 पौधे रोपने के साथ बहनों को सिलाई मशीन की वितरित

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



भोपाल आगमन पर केसरिया जागृत वाहिनी परिवार ने हर वर्ष की तरह पूर्व गृहमंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 51 पौधे लगाकर एवं हमारी बहनों को ओर भी ज्यादा मजबूत और स्वयं रोजगार की शुरुआत करने के लिए पीको, फॉल और सिलाई मशीन भेंट की गई जिससे उस बहन को उसके परिवार के पालन पोषण में आर्थिक मजबूती मिल सके। उसके पश्चात सभी ने पूर्ण सम्मान के साथ दादा का जन्मदिन मनाया।

### आशाराम बापू आश्रम ने निकाली हरिनाम प्रभात फेरी

**ग्वालियर।** संत आशाराम बापू आश्रम के तत्वाधान में अवतरण दिवस के निमित राम मंदिर से भव्य हरिनाम प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण शामिल रहे। मीडिया प्रभारी बलवीर सिंह परमार ने बताया कि प्रभात फेरी राम मंदिर फालका बाजार से शुरू होकर शिंदे की छावनी, गुरुद्वारा, महलगेट, जयेंद्रगंज, अचलेश्वर मंदिर, ओल्ड हाईकोर्ट होते हुए वापिस राम मंदिर पर समाप्त हुई। नाचते गाते पुष्प वर्षा करते हुए हरिनाम प्रभात फेरी में साधक भक्तों ने गुरदेव की जय-जयकार की। जगह जगह जल, फल, मिष्ठान का प्रसाद वितरण और व्यास पीठ पर विराजे संत आशाराम बापू के विग्रह फोटो को पुष्पमालाएं अर्पित कर पुनीत पर्व पर एक दूसरे को बधाईयां बांटते हुए भ्रमण कर हजारों ऋषि प्रसाद सत्साहित्य उपहार स्वरूप जन साधारण को वितरित किया।



# पोषण पखवाड़ा अंतर्गत कृषक महिलाओं का प्रशिक्षण



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत गुरुवार को ग्राम जौरासी, विकासखण्ड डबरा, ग्वालियर में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में 44 कृषक महिलायें तथा किशोरी बालिकायें उपस्थित रहीं। यह प्रशिक्षण केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. शैलेन्द्र सिंह कुशवाह के मार्गदर्शन में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रीता मिश्रा द्वारा आयोजित किया गया जिसमें केन्द्र के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डॉ. एस.सी.श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। डॉ. रीता मिश्रा द्वारा इस प्रशिक्षण में पोषण वाटिका द्वारा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के साथ-साथ खाद्य विविधता लाने हेतु महिलाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों को शामिल करने पर जोर दिया गया। फलों, सब्जियों तथा अनाजों के प्रसंस्करण एवं मूल्यसंवर्धन द्वारा पोषण सुरक्षा प्राप्त करने के लिए भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षणार्थियों को पोषण सुरक्षा हेतु जागरूक करने के लिए डॉ. मिश्रा के मार्गदर्शन में पोषण रंगोली बनवाई गई तथा सभी उपलब्ध खाद्य सामग्रियों को विभिन्न पौष्टिक तत्वों के अनुसार दर्शाया गया। डॉ. श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित महिलाओं को पोषण वाटिका में प्राकृतिक खेती से संबंधित उत्पादों जैसे जीवामृत, नीमास्त्र, अग्निास्त्र के निर्माण एवं उपयोग से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में ब्रिटेनिया न्यूट्रीशन फाउण्डेशन के श्री योगेश कुशवाहा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती शांति यादव तथा आंगनबाड़ी सहायका श्रीमती सुमन विश्वकर्मा की भागीदारी सराहनीय रही।

## सभापति तोमर ने शा. मा. वि. दाना ओली को फर्नीचर एवं पंखे दिए



**ग्वालियर।** सभापति मनोज सिंह तोमर द्वारा आमखो शासकीय माध्यमिक विद्यालय ब्रांच दाना ओली पर बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर एवं पंखे की व्यवस्था वार्ड समिति क्रमांक 10 की निधि से की गई। सभापति श्री मनोज सिंह तोमर ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय ब्रांच दाना ओली विद्यालय की मांग पर छात्रों के बैठने के लिए फर्नीचर एवं पंखों की व्यवस्था अपनी निधि से की गई। इस अवसर पर सभापति श्री तोमर ने कहा कि शासकीय विद्यालयों में छात्रों को वातानुकूलित वातावरण में अच्छी शिक्षा मिले।



## नारायण वृद्ध आश्रम में लगा विधिक साक्षरता शिविर

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 17 अप्रैल को नारायण वृद्ध आश्रम लक्ष्मीगंज में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में मुख्य रूप से प्रियंक भारद्वाज सचिव जिला सेवा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित वृद्धजन को नालसा की वरिष्ठ जन हेतु विधिक सेवा योजना, वरिष्ठ जन हेतु भरण पोषण अधिनियम आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर नारायण वृद्ध आश्रम की अध्यक्ष श्रीमती साधना गर्ग एवं अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहे।

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पति क्षेत्र क्रमांक 10 वार्ड क्रमांक 21 भवन क्रमांक ... स्थान बैंक कॉलोनी में स्थित है जो कि धर्मेन्द्र तिवारी/हरीशंकर, अजीत/रमेश चन्द्र के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक ... पर दर्ज है / नहीं है जिसका क्षेत्रफल 3282 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी142592024ए1651390 दिनांक 28/05/2024 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र सैनिक पेट्रोल पम्प पर दिनांक 17/04/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 67/2010/63683/63722 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

**विज्ञप्ति जारी दिनांक 17-04-2025**
**आवेदक का नाम/पता**
**विजय कुमार जैन/स्व श्री चिम्मनलाल**
**पता : बैंक कॉलोनी, ग्वालियर, मध्यप्रदेश**

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पति क्षेत्र क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 07 भवन क्रमांक ... स्थान मेवाती मौहल्ला में स्थित है जो कि हकीमन खां/स्व. मामूर खां के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000229416 पर दर्ज है / नहीं है जिसका क्षेत्रफल 816 वर्गफुट है. उक्त सम्पति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी142602025Y1240445 दिनांक 31/03/2025 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पतिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र लूटपुरा पर दिनांक 16/04/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 75/2011/53951/53891 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पतिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

**विज्ञप्ति जारी दिनांक 17-04-2025**
**आवेदक का नाम/पता**
**नोरूददीन कुरैशी/भाईजान कुरैशी**
**पता : मेवाती मौहल्ला, ग्वालियर, मध्यप्रदेश**
**मों नं : 6267615240**

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पति क्षेत्र क्रमांक 10 वार्ड क्रमांक 23 भवन क्रमांक ... स्थान गल्ला कोठार में स्थित है जो कि कैलाशचन्द बंसल/मोहनलाल बंसल के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1002859172 पर दर्ज है / नहीं है जिसका क्षेत्रफल 707 वर्गफुट है. उक्त सम्पति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 1866 दिनांक 21/04/72 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पतिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र लूटपुरा पर दिनांक 16/04/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 67/2010/63678/63717 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पतिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

**विज्ञप्ति जारी दिनांक 17-04-2025**
**आवेदक का नाम/पता**
**अशोक कुमार, प्रहलाद सिंह,**
**भजन लाल पुत्रगण बलधारी**
**पता : गल्ला कोठार, ग्वालियर, मध्यप्रदेश**
**मों नं : 7748043822**

## जल ही जीवन विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

# जल की बचत ही जल का संरक्षण: सुशील बरुआ

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



म.प्र. जन अभियान परिषद के सहयोग से विकासखंड मुरार की नगर विकास प्रस्फुटन समिति डीडी नगर द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत क्रिएटिव वर्ल्ड स्कूल राधापुरम में जल संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक सुशील बरुआ उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में क्षेत्रीय पार्षद रेखा त्रिपाठी, जिला समन्वयक धर्मेन्द्र दीक्षित, जिला मंत्री भाजपा कुलदीप चतुर्वेदी, वरिष्ठ समाजसेवी हरिओम गौतम, सुजीत शर्मा एवं प्रीति वाजपेयी उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन व माल्यार्पण कर किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुशील बरुआ ने कहा कि जल को बनाया नहीं जा सकता, केवल जल का संरक्षण किया जा सकता है। इसलिए हम सभी को जल संरक्षण का महत्व समझना चाहिए। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में 50 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने रंगों के माध्यम से जल की बचत व जल संवर्धन को रंगो के माध्यम से शीट पर उकेरा। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नैतिक कुशवाह रहे तथा द्वितीय स्थान हिमांशु भदौरिया व तृतीय स्थान मैथिली सिंह ने प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल व पुरस्कार प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन नगर विकास प्रस्फुटन समिति के सचिव हेमराज शर्मा ने किया तथा उपस्थित अतिथियों का आभार श्रीमती दीप्ति शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को स्वल्पाहार प्रदान किया गया। इस अवसर पर अरुण कुमार पाण्डेय, रमन पाराशर, पंकज श्रीवास्तव, शशी भदौरिया, पूजा शर्मा, राधा राजावत, मृदला सिंह, अर्चना बिरथरिया, पायल कुशवाह सहित समस्त विद्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।

### तीन दिनों तक विशेष मुहिम चलाकर सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों का करें निराकरण

**ग्वालियर।** सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर आई शिकायतों को गंभीरता से लें। अगले तीन दिनों तक विशेष मुहिम चलाकर 50 दिन से अधिक पुरानी शिकायतों का निराकरण करें। इस आशय के निर्देश अपर जिला दण्डाधिकारी टी एन सिंह ने भितरवार व चीनौर में आयोजित हुई राजस्व अधिकारियों एवं आरआई व पटवारियों की संयुक्त बैठक में दिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा भी बैठक में की। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों एवं राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के उद्देश्य से अपर जिला दण्डाधिकारी सिंह ने गुरुवार को भितरवार व चीनौर पहुँचकर अधिकारियों की बैठक ली।

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रमांक 17 वार्ड क्रमांक 38 भवन क्रमांक स्थान गोकुलधाम बेलदारपुरा में स्थित है जो कि श्री गणेश सिंह बिलोनिया/पिता श्री रतन सिंह बिलोनिया के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक ......पर दर्ज है जिसका क्षेत्रफल 600 वर्गफुट है उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर विक्रय पत्र क्रमांक MP142602025A1001418 दिनांक 01/01/2025 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ढोलीबुआ का पुल के पास क्षेत्र क्रमांक 17 आवेदन दिनांक 17/04/2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 71/2010/57662/57857 प्रकरण क्रमांक 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर में स्थित संपत्ति कर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियम अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 17.04.2025

**आवेदक का नाम**
**श्रीमती विद्या कुशवाह**
**पति श्री दिनेश कुशवाह**
**गोकुलधाम बेलदारपुरा वार्ड-38**

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रमांक 23 वार्ड क्रमांक 64 भवन क्रमांक स्थान ई-18,19 वैभव रेसीडेन्सी पुरानी छावनी में स्थित है जो कि श्री चन्दन सिंह यादव /पिता श्री पन्नालाल यादव के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 2000402674 पर दर्ज है जिसका क्षेत्रफल 1320 वर्गफुट है उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर विक्रय पत्र क्रमांक A1366172 दिनांक 31/03/2022 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र पुरानी छावनी के पास क्षेत्र क्रमांक 23 आवेदन दिनांक 28/03/2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 86/2015/23395/23479 प्रकरण क्रमांक 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर में स्थित संपत्ति कर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियम अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 17.04.2025

**आवेदक का नाम**
**श्रीमती अर्चना**
**पति श्री देवेन्द्र हरदेनिया**
**ई-18,19 वैभव रेसीडेन्सी पुरानी छावनी वार्ड-64**
**मो. 93298-37488**

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रमांक 23 वार्ड क्रमांक 64 भवन क्रमांक स्थान ई-18 वैभव रेसीडेन्सी पुरानी छावनी में स्थित है जो कि श्री चन्दन सिंह/पिता श्री पन्नालाल के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 2000340156 पर दर्ज है जिसका क्षेत्रफल 1080 वर्गफुट है उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर विक्रय पत्र क्रमांक MP142602022A1807377 दिनांक 02/08/2022 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र पुरानी छावनी के पास क्षेत्र क्रमांक 23 आवेदन दिनांक 28/03/2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 86/2015/23394/23478 प्रकरण क्रमांक 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर में स्थित संपत्ति कर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियम अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 17.04.2025

**आवेदक का नाम**
**श्रीमती सिंधु शर्मा**
**पति श्री शिवकुमार शर्मा**
**ई-18 वैभव रेसीडेन्सी पुरानी छावनी वार्ड-64**
**मो. 62685-39958**

## ब्रीफ न्यूज

### यूरोपीय क्रिकेट लीग में नकवी ने 26 गेंदों में ही शतक लगा दिया

**बोलोगना।** इटली के बोलोगना में जारी यूरोपीय क्रिकेट लीग टी10 टूर्नामेंट में जैन नकवी ने 26 गेंदों में ही शतक लगाकर तहलका मचा दिया। नकवी ने इस मैच में 6 गेंदों पर छह छक्के लगाये। नकवी मार्खोर मिलानो के विकेटकीपर और कप्तान हैं और उन्होंने सिविडेट के खिलाफ मैच में से आक्रामक पारी खेली। मिलानो की टीम ने नकवी के नाबाद 160 रनों की पारी से 10 ओवर में केवल दो विकेट पर 210 रन बना दिये। वहीं इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए सिविडेट की टीम 9 ओवर में 106 रन ही बना पायी। इससे मिलानो को 104 रनों से जीत मिल गयी। नकवी ने अपने पारी में रिकॉर्ड 24 छक्के लगाए। यही नहीं, उन्होंने 6 गेंदों पर 6 छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने अंतिम ओवर में गुरप्रीत सिंह की गेंदों पर ये उपलब्धि हासिल की। नकवी ने अपनी पारी के दौरान सिविडेट के गुरप्रीत सिंह की गेंदों को जमकर पीटा। गुरप्रीत पारी का अंतिम ओवर लेकर आए थे। इसमें नकवी ने उनकी 6 गेंदों पर लगातार 6 छक्के लगाये।

### इस सत्र में अबतक फ्लाप रहे हैं दिल्ली कैपिटल्स के फ्रेजर

**नई दिल्ली।** आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की टीम को भले ही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सुपर ओवर में जीत मिली है पर इस दौरान उसकी कमजोरी सामने आ गयी। दिल्ली की टीम एक बार फिर इस मैच में अच्छी शुरुआत करने में विफल रही। इस मैच में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर दिल्ली को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। दिल्ली की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। उसके सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैकगर्क रन बनाने में विफल रहे। फ्रेजर अब तक इस सत्र में 6 मैचों में केवल 55 रन बना पाये हैं। दो मैच में वह शून्य पर ही आउट हुए। वहीं पिछले सत्र में उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए काफी रन बनाये थे। दिल्ली ने फ्रेजर को 9 करोड़ रुपये में बरकरार रखा था पर वह अभी तक अपनी कीमत के अनुसार एक भी मैच में प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। वह पहले मैच में एक रन जबकि दूसरे में 38 रन ही बना पाये। तीसर मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाये। वहीं चौथे मैच में इस बल्लेबाज ने 7 रन बनाये पांचवे मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाये। वहीं छठे मैच में उनके नाम केवल 9 रन रहे।

### गेंद पर लार लगाने का लाभ नहीं मिला : स्टार्क

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने उन दावों को गलत बताया है जिनमें कहा गया है कि गेंद पर लार लगाने का लाभ उन्हें मिला। स्टार्क ने इस मैच में कसी हुई गेंदबाजी करते हुए रॉयल्स के बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। स्टार्क ने 20वें ओवर में राजस्थान को लक्ष्य तक पहुंचने से रोक दिया। उसके बाद सुपर ओवर में भी उसे केवल 12 रनों पर ही समेट दिया। इससे दिल्ली की टीम को जीत दर्ज करने में आसानी हुई। मैच के बाद जब स्टार्क से गेंद पर लार के असर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक धारणा है। मुझे नहीं लगता कि इससे सफेद गेंद में कोई बड़ा अंतर पड़ता है। हां, लाल गेंद में जरुर प्रभाव पड़ता है।

# नीरज ने वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर में जीत हासिल की

एजेंसी ■ पोटचेफस्ट्रूम

भारत के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने दक्षिण अफ्रीका में हुई पॉट इनविटेशनल ट्रैक प्रतियोगिता में जीत हासिल कर सत्र की शानदार शुरुआत की है। चोपड़ा ने इस वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर प्रतियोगिता में 84.52 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर शीर्ष स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में छह खिलाड़ियों ने भाग लिया था। नीरज ने यहां मेजबान देश के डौव स्मिट को भी पीछे छोड़ा जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82.44 मीटर था।

चोपड़ा का प्रदर्शन हालांकि उनके पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर से कम था, जबकि स्मिट अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 83.29 मीटर के करीब पहुंचे। नीरज और स्मिट ही प्रतियोगिता में 80 मीटर से अधिक भाला फेंक सके। मेजबान देश के ही एक अन्य खिलाड़ी डंकन रॉबर्टसन ने 71.22 मीटर भाला फेंका ओर वह तीसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा आजकल दक्षिण अफ्रीक में अपने नए कोच चेक गणराज्य के जान जेलेजनी की निगरानी में अभ्यास कर रहे हैं। नीरज अब अगले माह 16 मई को दोहा डायमंड लीग में एलीट प्रतियोगिताओं में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। नीरज ने अब तक दो ओलंपिक पदक स्वर्ण और रजत हासिल किये है। इसके अलावा वह विश्व चैम्पियनशिप में भी विजेता रहे हैं।





मकोओ में आईटीटीएफ पुरुष और महिला विश्वकप में रिटर्न शॉट लगाती हुई शेन जियोना।

# आईपीएल में आरसीबी और पंजाब के बीच आज होगा मुकाबला

## शाम 7.30 बजे से होगा मैच

एजेंसी ■ बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में पंजाब किंग्स से खेलेगी। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी पर आरसीबी को इसमें घरेलू हालातों का लाभ मिल सकता है। अभी तक दोनो ही टीमों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। दोनो ही टीमों ने अब तक चार-चार मैच जीतकर 8 अंक हासिल किये हैं पर रेट रन रेट के आधार पर आरसीब तीसरे जबकि पंजाब चौथे स्थान पर है। दोनो ही टीमों के पास अच्छे बज्लेबाज और गेंदबाज हैं , ऐसे में प्रशंसकों को एक रोमांचक मैच देखने को मिलेगा। इस मैच में आरसीबी के बल्लेबाज विराट कोहली ओर पंजाब के स्पिनर युजवेंद्र चहल के बीच कड़ी टक्कर होगी। चहल ने पिछले मैच में जबरदस्त गेंदबाजी कर अपनी टीम की ओर से 112 रनों के लक्ष्य का बचाव करने में सफलता हासिल की थी। आरसीबी के बल्लेबाजों को यहां की धीमी पिच पर पिछले मैचों में स्पिनरों के सामने संघर्ष करना पड़ा था। जिसको लाभ पंजाब के स्पिनर उठाना चाहेंगे। पंजाब के पास चहल के अलावा स्पिनर के तौर पर ग्लैन मैक्सवेल भी हैं। मैक्सवेल लंबे समय तक आरसीबी में रहे हैं और वह मैदान के हालातों को भी समझते हैं।

वहीं आरसीबी के पास भी क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा जैसे अच्छे स्पिनर हैं जो पंजाब के कप्तान श्रेयस श्रेयस अय्यर और प्रियांश आर्य पर अंकुश लगाने का प्रयास करेंगे। श्रेयस के अलावा इस सत्र में प्रियांश ने भी काफी अच्छी बल्लेबाजी की है। पंजाब टीम के पास अर्शदीप सिंह और मार्को यानसन जैसे अच्छे तेज गेंदबाज भी हैं। वहीं आरसीबी के पास तेज गेंदाजाज के तौर पर अनुभवी जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार हैं जिनका लाभ उसे मिलेगा। आरसीबी के लिए सकारात्मक बात ये है कि उसके कप्तान रजत पाटीदार ने अब तक टीम को अच्छी सफलता दिलायी है। रजत पहली बार कप्तानी कर रहे हैं जबकि श्रेयस ने अपनी कप्तानी में पिछली कार कोलकाता नाइटराइडर्स को जीत दिलायी थी। इन दोनों खिलाड़ियों को स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अच्छा बल्लेबाज माना जाता है और इसलिए बल्लेबाजी में उनकी अहम भूमिका रहेगी। कुल मिलाकर देखा जाये तो दोनो ही टीमों किसी भी मामले में कम नहीं है ऐसे में बराबरी की टक्कर है। आरसीबी की बल्लेबाजी में काफी गहरायी है।




### दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, यश दयाल, जोश हेजलवुड, फिल साल्ट, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), लियाम लिविंगस्टोन, रसिख सलाम, सुयश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक छिकारा, लुंगी एनगिडी। अभिनंदन सिंह, मोहित राठी।

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), नेहल वढेरा, शशांक सिंह, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, मार्को यानसन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, यश ठाकुर, सूर्यांश शेडगे, प्रवीण दुबे, विजयकुमार विशक, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, जोश इंग्लिस, जेवियर बार्टलेट, विष्णु विनोद, आरोन हार्डी, कुलदीप सेन। हरनूर सिंह, मुशीर खान, पला अविनाश।

### श्रेयस ने अपने प्रदर्शन से केकेआर प्रबंधन को दिया करारा जवाब

**मुम्बई।** आईपीएल के इस सत्र में अब तक कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में टीम मालिक शाहरुख खान व सीईओ वेंकी मैसूर और प्रबंधन कप्तान के तौर पर श्रेयस अय्यर को रिटेन नहीं करने के लिए पछता रहे होंगे। श्रेयस की कप्तानी में पिछली बार केकेआर ने खिताब जीता था। वहीं श्रेयस ने अपनी पुरानी फ्रैंचाइजी केकेआर को इस सत्र में हराकर अपनी उपेक्षा के लिए करारा जवाब दिया है। इस मैच के बाद श्रेयस केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर से भी मिले। तब अय्यर के साथ सुनील नरेन भी मौजूद थे। केकेआर से अलग होने के बाद श्रेयस अय्यर का अपनी पुरानी टीम के खिलाफ ये पहला मैच था। इसमें अय्यर ने अपनी शानदार कप्तानी से अपीन टीम को सिर्फ 111 रन बनाने के बाद भी जीत दिला दी। श्रेयस ने गेंदबाजों का सही इस्तेमाल करने के साथ ही आक्रामक फील्ड लगाकर केकेआर पर दबाव बना दिया था। श्रेयस को 2022 की मेगा ऑक्शन में केकेआर ने कप्तान बनाया था। साल 2022 में टीम सातवें स्थान पर रही थी। 2023 में चोट के चलते वह पूरे सीजन से बाहर हो गए थे। 2024 में जब उनकी वापसी हुई तो उन्हें फ्रैंचाइजी ने दोबारा कप्तानी सौंपी और उन्होंने अपनी टीम को एक दशक से भी ज्यादा समय बाद आईपीएल ट्रॉफी जिताई। इतनी बड़ी सफलता के बाद भी केकेआर ने ने पिछले अक्टूबर में मेगा नीलामी से पहले उन्हें रिटेन नहीं किया जिससे सभी हैरान हो गये थे।

# आईपीएल से पहले नेट में इस कारण गेंदबाजी नहीं करते हैं नरेन : बिस्ला

एजेंसी ■ चंडीगढ़



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के गेंदबाज सुनील नरेन ने आईपीएल मैच से पहले नेट में गेंदबाजी नहीं करते हैं। वहीं आमतौर पर सभी गेंदबाज मैच से पहले लय हासिल करने नेट अभ्यास करते हैं। नरेन बिना नेट अभ्यास के ही मैच में अच्छी गेंदबाजी करते है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में नरेन ने 3 ओवर में केवल 14 रन देकर ही 2 खिलाड़ियों को आउट कर दिया। केकेआर के पूर्व खिलाड़ी मनविंदर बिस्ला ने कहा है कि नरेन को नेट्स में गेंदबाजी करने में कोई रुचि नहीं है। इसका एक कारण ये ही है कि वे नहीं चाहते है कि बल्लेबाज उनकी गेंदबाजी को पहले ही पढ़ लें क्योंकि आज टीम में शामिल बल्लेबाज ही कुछ साल बाद दूसरी टीम के लिए भी खेल सकते हैं। बिस्ला के मुताबिक नरेन की सफलता का राज भी नेट में गेंदबाजी नहीं करना है। बिस्ला केकेआर में विकेटकीपर के तौर पर खेला करते थे। उन्हें नरेन से कहना पड़ता था कि वो उन्हें 12 से 13 गेंद फेंक दे, जिससे वो उनकी गेंदबाजी में पड़ने वाली विविधता को समझ सकें क्योंकि उन्हें विकेटकीपिंग कीपिंग के दौरान कैच और स्टंपिंग करना होता था। इसके बाद नरेन ने बिस्ला को कुछ गेंदे फेंकी थी जिससे उन्हें नरेन की गेंदबाजी की विविधता समझ आई।

केकेआर ने आईपीएल में तीन ट्रॉफी जीती है। इस दौरान नरेन ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। नरेन आईपीएल में तीन बार मोस्ट वैलुएबल प्लेयर ऑफ द सीजन भी रहे हैं। केकेआर ने पिछले सत्र में खिताब जीता था। तब भी नरेन ने अच्छा प्रदर्शन किया था। उस समय नरेन ने 180 के ऊपर के स्ट्राइक रेट से 488 रन बनाए थे। साथ ही में 6.69 की इकॉनमी रेट से 17 विकेट लिए थे। वहीं इस सत्र में भी उन्होंने 190 की स्ट्राइक रेट से 130 रनों के साथ ही 6 मैचों में 7 विकेट भी लिए हैं।

# आईपीएल के सामने पीएसएल कहीं नहीं टिकता : बिलिंग्स

एजेंसी ■ लाहौर

आजकल जहां भारत में (आईपीएल) की धूम है वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान में सुपर लीग (पीएसएल) खेल जा रहा है। वैसे तो आईपीएल और पीएसएल में कोई मुकाबला नहीं है पर फिर भी दोनो की तुलना की जाती रही है। इसी को लेकर एक वीडियो आया है। इसमें पाकिस्तान सुपर लीग में भाग ले रहे इंग्लैंड के सैम बिलिंग्स कहते हैं कि आईपीएल के सामने पीएसल कहीं नहीं टिकता।

लाहौर कलंदर्स की ओर से खेल रहे बिलिंग्स ने कहा कि उनसे आईपीएल की तुलना पीएसएल से नहीं की जा सकती। साथ ही कहा कि आईपीएल के ग्लैमर के आगे पीएसएल कहीं नहीं है। केवल सिर्फ पीएसएल ही क्यों? दुनिया की कोई भी टी-20 लीग आईपीएल की श्रेणी में नहीं आती। बिलिंग्स ने कहा कि वह चाहते हैं कि वह कुछ बेवकूफी की बात कहे, हालांकि, वह अपने रुख पर बने रहे और आईपीएल को दुनिया की किसी भी दूसरी टी-20 लीग से बेहतर बताया। बिलिंग्स ने रिपोर्टर से कहा, 'आप चाहते हैं कि मैं कुछ मूर्खतापूर्ण बात कहूं? दुनिया की सबसे बेहतरीन प्रतियोगिता के तौर पर आईपीएल को नजरअंदाज करना मुश्किल है, यह बहुत स्पष्ट है, हर दूसरी प्रतियोगिता उससे पीछे है।'



वैसे ये कोई पहला मौका नहीं है जब किसी पाक रिपोर्टर ने आईपीएल पर पूछा है। हाल ही में एक पाकिस्तानी रिपोर्टर ने कराची किंग्स के कप्तान डेविड वॉर्नर से आईपीएल में नहीं बिकने के बाद पीएसएल खेलने पर भारतीय प्रशंसकों से मिली नफरत के बारे में पूछा था। जिसके जवाब में वॉर्नर ने कहा था, 'मैंने पहली बार ऐसा सुना है, इस प्रकार की कोई बात नहीं है। मैं केवल क्रिकेट खेलना चाहता हूं।'

## निचले क्रम पर 30 से 40 रन भी अर्धशतक जैसे : जितेश

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के विकेटकीप बल्लेबाज जितेश शर्मा ने कहा कि निचले क्रम पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है। जितेश के अनुसार फिनिशर का काम काफी महत्वपूर्ण है। इसमें टीम को जीत दिलाना अहम होता है। इसलिए फिनिशर के तौर पर खेली गयी 30 से 40 रनों की पारी भी टीम को जीत मिलती है तो अर्धशतक और शतक के समान ही हैहैं। जितेश आईपीएल 2025 में अक्सर छठे नंबर पर उतर रहे हैं। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ कुछ दिन पहले मिली जीत में 19 गेंद में 40 रन बनाकर अहम भूमिका निभाई। उन्होंने आरसीबी बोल्ड डायरीज के ताजा एपिसोड में कहा, 'अब हर कोई फिनिशर ही है। लेकिन छठे सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है क्योंकि जब से फिनिशर की भूमिका निभा रहा हूं, मैने अर्धशतक नहीं लगाया है। पहले मैं अर्धशतक और शतक लगाता था। उन्होंने कहा, 'कोई भी उपलब्धि हासिल करने पर बल्ला उठाना अच्छा लगता था पर जब से फिनिशर बना हूं, अर्धशतक भी नहीं लगाया। 30 रन, 20 गेंद, 40 रन ही अहम होते हैं। उन्होंने कहा, 'अब ये स्कोर ही पचास के जैसे हैं।

# बीसीसीआई ने भारतीय टीम के सहयोगी स्टाफ के तीन सदस्यों को बाहर किया

एजेंसी ■ मुम्बई

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के सहयोगी स्टाफ के तीन सदस्यों को बाहर कर दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद से ही इन सदस्यों को बाहर किये जाने की चर्चाएं थीं। इसका कारण ऑस्ट्रेलिया दौरे में टीम के खराब प्रदर्शन के साथ ही ड्रेसिंग रुम की बातें बाहर आना बताया जा रहा है। बोर्ड इस बात से सबसे अधिक नाराज था कि टीम की गोपनीय बातें कैसे बाहर आ रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीसीसीआई ने सहायक कोच अभिषेक नायर को हटा दिया है। नायर 8 महीने पहले ही भारतीय टीम से जुड़े थे।



इसके अलावा फील्डिंग कोच टी दिलीप और ट्रेनर सोहम देसाई को भी बाहर कर दिया गया है। ये दोनों ही गत तीन साल से भारतीय टीम से जुड़े हुए थे। इनकी जगह पर शीघ्र ही नया सहायक स्टाफ रखा जाएगा।

एक साल से भी कम समय में सहयोगी स्टाफ को बाहर किये जाने का कारण टीम के खराब प्रदर्शन और ड्रेसिंग रुम की बातें बाहर आने को बताया गया है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम का प्रदर्शन बहुत ही निराशाजनक रहा था और उसे 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था। बीसीसीआई इस कारण भी नाराज थी कि ड्रेसिंग रूम की बातें बाहर आने से टीम की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ रह था और खिलाड़ियों के बीच मतभेद की आशंका बढ़ गयी थी।

### रॉयल्स को करारा झटका, हार के बाद सैमसन को मिली फटकार

**मुम्बई।** राजस्थान रॉयल्स की टीम को आईपीएल मुकाबले में करारा झटका लगा है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में हार के साथ ही उसके कप्तान संजू सैमसन को आचारसंहिता उल्लंघन के लिए अंपायरों ने कड़ी चेतावनी दी है। रॉयल्स की टीम ये मैच सुपर ओवर में हारी। सुपर ओवर जोफ्रा आर्चर फेंक रहे थे। वहीं आशुतोष शर्मा बल्लेबाजी कर रहे थे। आर्चर ने अंतिम गेंद धीमी बाउंसर डाली। अंपायर ने इसे तत्काल वाइड करार दिया। इसके बाद अंपायर रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के पास पहुंचे और उन्हें तीस गज की सर्किल की सीमा पर खड़े होने के लिए फटकार लगायी।

दैनिक सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075

**निराशा** बल्लेबाजों के लक्ष्य हासिल करने की थी उम्मीद

# हार से निराश हैं राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन

एजेंसी ■ नई दिल्ली

आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सुपर ओवर में मिली हार पर राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने निराशा जतायी है। सैमसन के अनुसार उन्हें लगा था कि बल्लेबाज लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। इस मैच के दौरान राजस्थान रॉयल्स की टीम को अंतिम ओवर में 1 गेंद पर जीत के लिए 2 रन चाहिए थे पर वह एक ही रन बना पायी। इससे स्कोर बराबर होने के कारण मैच सुपर ओवर में पहुंच गया। इसमें रॉयल्स की टीम पहले बल्लेबाजी करनी उतरी और उसने 11 रन बनाए। इस लक्ष्य को दिल्ली ने आसानी से हासिल कर लिया। सुपर ओवर में रॉयल्स ने शिमरोन हेटमायर और रियान पराग को बल्लेबाजी के लिए भेजा था पर ये दोनो इस ओवर में 11 रन ही बना पाये। पराग के आउट होने के बाद यशस्वी जायसवाल बल्लेबाजी करने के लिए आए पर वह एक भी गेंद नहीं खेल पाए। वहीं केएल राहुल की शानदार बल्लेबाजी से कैपिटल्स 4 गेंदों में ही जीत हासिल करने में सफल रही। ट्रिस्टन स्टब्स ने छक्का लगाकर दिल्ली को जीत दिलायी।



इस मैच में सुपर ओवर में रॉयल्स ने शिमरोन हेटमायर और रियान पराग को भेजा। रियान ने 1 चौका लगाया पर सभी उनको उतारे जाने स हैरान नजर आये। पराग ने 3 गेंदे खेलकर 4 रन बनाए जबकि हेटमायर भी 3 गेंदे पर 5 रन बनाने में सफल रहे। राजस्थान की टीम सुपर ओवर में अधिक रन नहीं बना पायी। सैमसन ने हार के बाद कहा, ÷मैं सुपर ओवर में बल्लेबाजी करने के लिए तैयार नहीं था। हमने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की। मैं अपने गेंदबाजों और फील्डर्स को इसका श्रेय देना चाहूंगा। मुझे लगा कि हमारे पास जो बल्लेबाजी लाइनअप वह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है पर ऐसा हो नहीं पाया।

### सुपर ओवर में पांच गेंदें ही खेल पायी रॉयल्स

राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुकाबला सुपर ओवर तक खिंचा। सुपर ओवर में राजस्थान रॉयल्स विफल रही और पांच गेंदों में ही आउट हो गयी। सुपर ओवर के लिए दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने गेंद मिचेल स्टार्क को दी। ओवर की पहली गेंद पर शिमरोन हेटमायर कोई रन नहीं बना पाये। वहीं अगली गेंद पर चौका लगा पर फिर तीसरी गेंद पर केवल एक रन बना। वहीं चौथी गेंद पर रियान पराग ने चौका लगाया पर वह बॉल हुई और फ्री हिट मिला। इसके बाद रियान रन आउट हो गये। वहीं अगली गेंद पर यशस्वी जायसवाल भी रन आउट हुए। इस प्रकार राजस्थान की टीम 5 गेंद ही खेल पायी। वहीं इससे पहले कैपिटल्स ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 188 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की टीम ने भी 4 विकेट पर 188 रन ही बनाये।



यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती अब अलग मोड में नजर आ रही हैं। उन्होंने पिछले दिनों भतीजे आकाश आनंद को उत्तराधिकार और नेशनल कॉर्डिनेटर पद से हटाकर मायावती ने कार्यकर्ताओं को अहम संदेश दे दिया था। अब पार्टी के लिए जमीन पर काम करने वाले नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है। राजाराम को नेशनल कॉर्डिनेटर के पद पर आसीन किया गया है।

# नवाचार! मेरठ में अब हर घर की छत होगी एक जैसी

## मेडा ने जारी किया आदेश, कहा- जनता को ही फायदा, जल्द होगा समाधान

**एजेंसी ■ मेरठ**

जनहित को देखते हुए मेडा की बोर्ड बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। भवनों का तापमान घटाने और बिजली बचत के लिए अब वाइट रूफ टाप भवन बनाना अनिवार्य कर दिया गया है। अब 300 वर्ग मीटर क्षेत्रफल से अधिक के भवन का मानचित्र स्वीकृत कराते समय शपथ पत्र और एफडीआर देना होगा। कार्य होने के बाद एफडीआर वापस कर दिया जाएगा। वर्तमान में इसी तरह से रेन वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट का भी नियम है। प्राधिकरण की आवासीय योजना में जिन लोगों का अनुरक्षण शुल्क लंबे समय से बकाया है उनको ब्याज की छूट देते हुए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) जल्द ही लागू किया जाएगा।



### मुआवजा और समिति का गठन

लोहियानगर, वेदव्यासपुरी व गंगानगर के किसानों को अतिरिक्त प्रतिकर के बदले में कुछ किसानों को प्लाट और कुछ किसानों को धनराशि देने का निर्णय मेडा की 2015 की बोर्ड बैठक में हुआ था। उसके आधार पर 2018 में 2.83 करोड़ किसानों को दिए गए, लेकिन बाद में यह प्रक्रिया रोक दी गई। किसान इस मांग के लिए हाईकोर्ट चले गए। अब बकाया धनराशि 5.62 अरब का भुगतान होना है। किसानों के रकबे का मूल्यांकन, विरासत पत्रों की जांच आदि के लिए एडीएम भूमि अध्यप्ति की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है।

### वाइट रूफिंग तकनीक

सूर्य के ताप से बचाने व गर्मी की खपत को कम करने के लिए इस तकनीक का उपयोग शुरू किया गया है। इसमें छत की सतह को सफेद या हल्के रंग की सामग्री से ढका जाता है या फिर छत पर सफेद पेंट किया जाता है। इसलिए इसे वाइट रूफिंग यानी सफेद छत कहते हैं। इससे भवन की उम्र बढ़ती है। भवन को वातानुकूलित बनाने की प्रक्रिया में आने वाले खर्च में कमी आती है।

# पति मारपीट कर लगाता था आरोप इसलिए दामाद के साथ भागी

## पुलिस पूछताछ में सास सपना ने कहा- प्रेमी राहुल के साथ ही रहूंगी

**एजेंसी ■ अलीगढ़**



यूपी के अलीगढ़ में अपने होने वाले दामाद से साथ भागी सास और दामाद को बिहार में नेपाल बार्डर से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया है यह गिरफ्तारी भी उसी दिन हुई जिस दिन उनकी बेटी की शादी होनी थी। बता दें 6 अप्रैल को सास सपना अपने दामाद राहुल के साथ फरार हो गई। ठीक शादी की तारीख यानी 16 अप्रैल को राहुल अपनी सास सपना के साथ पुलिस स्टेशन पहुंचा। पुलिस ने उनसे पूछताछ की। यहां सास ने बेखौफ होकर कहा कि वह राहुल के साथ ही रहना चाहती है उसने अपने पति पर मारपीट करने के गंभीर भी आरोप लगाए हैं।

सास सपना ने पुलिस को बताया कि उसका पति 1500 रुपये भी देता था, तो उसका भी एक-एक रुपये का हिसाब मांगता था। शराब पीकर मारता-पीटता था। इसके आलावा आज तक उसने एक मकान तक बनाकर नहीं दिया। सपना ने रोते हुए अपने दामाद के साथ ही रहने की इच्छा जताई है। साथ ही उसने कहा उसका पति उसके ऊपर गंदे आरोप लगता था, जिससे परेशान होकर उसने घर छोड़ दिया। पूछताछ में पता चला कि सपना अपने पति के बुरे बर्ताव से परेशान थी, इसलिए वह राहुल के साथ भाग गई। वहीं पुलिस पूछताछ में राहुल ने बताया कि वे दोनों पहले कासगंज, फिर बरेली और फिर बिहार गए। बाद में दोनों नेपाल बॉर्डर भी गए।

## ब्रीफ न्यूज

### राधारानी मंदिर में महिला श्रद्धालु को धक्का के देकर गिराया

**बरसाना।** उत्तर प्रदेश के बरसाना स्थित राधारानी मंदिर एक बार फिर विवादों में आ गया है। शनिवार 12 अप्रैल को दर्शन के लिए आई एक महिला श्रद्धालु के साथ मंदिर में तैनात सुरक्षा गार्डों ने धक्का-मुक्की की। यह घटना दोपहर के समय की बताई जा रही है, जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे थे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पुरुष और महिला सुरक्षा गार्ड महिला श्रद्धालु को धक्का देकर गिरा रहे हैं। इस दौरान वहां मौजूद मंदिर सेवायत और अन्य लोग सिर्फ तमाशा देखते नजर आ रहे हैं, किसी ने भी बीच-बचाव नहीं किया। इस घटना के बाद लोगों ने मंदिर कमेटी की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। कई लोगों ने सुरक्षागार्डों और सेवायतों पर तानाशाही का आरोप लगाया है।

### विदेशी महिला पर्यटक से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**आगरा।** ऐतिहासिक आगरा किले में एक लिथुआनियाई महिला पर्यटक के साथ कथित छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने मेवात निवासी मिजान नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह घटना तब हुई जब पीड़िता किले का भ्रमण कर रही थी। महिला द्वारा पर्यटन थाना पुलिस में शिकायत दर्ज की गई, जिसके बाद ताज सुरक्षा के सहायक पुलिस आयुक्त सैयद अरीब अहमद के निर्देशन में सीसीटीवी फुटेज देखकर मिजान की पहचान कर गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी मिजान भी आगरा किला देखने आया था और तभी आरोपी ने महिला पर्यटक को अनुचित तरीके से छुआ। पुलिस ने कहा कि यह एक गंभीर अपराध है और इस पर तत्काल संज्ञान लिया गया।

### बीएससी छात्र की डूबने से मौत एनसीसी कोच पर लगे आरोप

**प्रयागराज।** प्रयागराज में एक इंस्पेक्टर बेटे की यमुना में डूबने से मौत हो गई। आरोप है कि एनसीसी छात्र बिना लाइफ जैकेट के नदी में उतर गया था, लेकिन कोच ने उसे नहीं रोका। छात्र तैरते-तैरते गहराई में चला गया और वह डूब चुका था। वह इंस्पेक्टर का इकलौता बेटा था। गोताखोरों ने उसे बाहर निकाला। छात्र को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक 20 साल का अमन बायोलॉजी से बीएससी कर रहा था। इसके साथ ही एनसीसी भी कर रहा था। छात्र की डूबने से हुई मौत के अगले दिन गुरुवार सुबह छात्र प्रदर्शन पर उतर आए। कॉलेज में सैकड़ों छात्रों ने नारेबाजी की।

# प्रदेश में 750 से ज्यादा वक्फ संपत्तियों का हो रहा गलत उपयोग

## राज्य में जारी किया वक्फ संपत्तियों का आंकड़ा, संपत्तियों का दूसरे कार्यों में उपयोग करने का मामला

- रामपुर में गलत उपयोग वाली सर्वाधिक 204 संपत्तियां
- वक्फ की कई संपत्तियों पर किए जा रहे व्यवसायिक काम

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में 750 से अधिक वक्फ संपत्तियों का गलत उपयोग किया जा रहा है। वक्फ बोर्ड की तरफ से यह संपत्तियां लोगों को रहने के लिए, धार्मिक कार्यों व शैक्षणिक कार्यों तथा कबिस्तान के लिए दी गई थीं, लेकिन मौके पर उनका उपयोग किन्हीं और कारणों के लिए किया जा रहा है। विभिन्न जिलों से इस संदर्भ में शासन को भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में दूसरे कार्यों में उपयोग की जा रही सर्वाधिक वक्फ 204 संपत्तियां रामपुर में हैं। इनमें से कई संपत्तियों का उपयोग व्यवसायिक कार्यों में भी किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2022 में सभी जिलाधिकारियों को अपने-अपने जिलों में स्थित वक्फ संपत्तियों की रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए थे। इसके बाद प्रदेश भर में वक्फ संपत्तियों की रिपोर्ट शासन को भेजी गई थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर शासन ने इन संपत्तियों की दोबारा जांच कराने के निर्देश दिए थे। अभी तक शासन को करीब 2,528 वक्फ संपत्तियों की रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। इनमें 761 संपत्तियां ऐसी हैं जिनका उपयोग किन्हीं और कार्यों में किया जा रहा है। कई संपत्तियों का उपयोग व्यवसायिक कार्यों में भी किया जा रहा है, जबकि 25 संपत्तियों को वक्फ संपत्तियां घोषित करने के मामले को अदालत में चुनौती दी गई है। इनमें चंदौली की सबसे अधिक 15 और मुजफ्फर नगर की चार संपत्तियां हैं। इसके अलावा बाराबंकी, हमीरपुर, झांसी, कासगंज, लखीमपुर खीरी व सिद्धार्थनगर की एक-एक संपत्ति के मामले अदालत में लंबित हैं।



### वक्फ संपत्ति बता सरकारी जमीन को कब्जाया, जांच में हुआ खुलासा, 11 लोगों पर केस

इधर, वक्फ कानून का नोटिफिकेशन जारी होने से पहले ही माफिया निशाने पर आ गए हैं। बरेली में सीबीगंज के एक मामले में शिकायत पर एसएसपी अनुराग आर्य ने एसपी सिटी मानुष पारीक से जांच कराई तो पता लगा कि अभिलेखों में कब्रिस्तान के नाम दर्ज सरकारी भूमि को शातिर ने फर्जी ट्रस्ट बनाकर वक्फ में पंजीकृत कर कब्जा लिया है। यहां दुकानें बनाकर कमाई की जा रही है। इस बारे में कोर्ट के आदेश को भी माफिया दबाए बैठा है। एसएसपी के हस्तक्षेप से पीड़ित ने 11 लोगों पर धोखाधड़ी, फर्जी कागजात बनाने व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला पुराना होने की वजह से अभी आईपीसी की धाराओं में कार्रवाई की गई है। इसे बाद में नए वक्फ कानून की धाराओं में बदला जा सकता है। गांव सरनिया निवासी पुत्तन शाह ने एसएसपी अनुराग आर्य को बताया कि उनके गांव में ही एक बेशकीमती जमीन खतौनी में कब्रिस्तान के नाम दर्ज है, यह सरकारी जमीन है। गांव के ही सब्जे अली ने सैयद हामिद हसन नाम के एक व्यक्ति को फकीर बनाकर कब्रिस्तान के कुछ हिस्से की जमीन पर बैठा दिया।

### 15 का उपयोग दूसरे कार्यों में

अभी तक की जांच रिपोर्ट के अनुसार अंबेडकर नगर में 15 संपत्तियों का सही और 15 का उपयोग दूसरे कार्यों में हो रहा है। अमेठी में छह का उपयोग सही और छह का उपयोग दूसरे कार्यों में, इटावा में 11 का सही और 11 का गलत उपयोग हो रहा है। गौतमबुद्ध नगर में एक-एक, हमीरपुर में चार का सही और एक का गलत उपयोग हो रहा है।

### झांसी में 20 संपत्तियां

अमरोहा में पांच का सही एक का गलत उपयोग हो रहा है। बागपत में 44 का सही चार का गलत उपयोग, बाराबंकी में 21 में से तीन संपत्तियों का उपयोग दूसरे कार्यों में किया जा रहा है। इसी प्रकार झांसी में 20 में से एक संपत्ति का उपयोग दूसरे कार्य में किया जा रहा है।

### इन जिलों में सबसे ज्यादा दुरुपयोग

मुजफ्फर नगर में 1,498 का सही और 178 संपत्तियों का उपयोग दूसरे कार्यों में किया जा रहा है। इसी प्रकार सहारनपुर में 108 का सही 112 का दूसरे कार्यों में उपयोग हो रहा है। आगरा में एक वक्फ संपत्ति का सही मायने में उपयोग किया जा रहा है, जबकि 98 का उपयोग अन्य कार्यों में किया जा रहा है।

# ग्वालियर में मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए छात्रों की पहली पसंद वरदानी क्लासेस

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**



**डॉ. करण वर्धानी**
निर्देशक, वर्धानी बायोलॉजी क्लासेज

ग्वालियर के शैक्षणिक परिदृश्य में वर्धानी क्लासेस एक भरोसेमंद और लोकप्रिय नाम बन चुका है। संस्थापक एवं सीईओ डॉ. करण वर्धानी के मार्गदर्शन में यह संस्थान NEET और IIT-JEE जैसी कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रभावशाली तैयारी करवाता है। संस्थान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां सिर्फ पढ़ाई नहीं, बल्कि छात्रों की सोच, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को भी मज़बूत किया जाता है। 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए यह संस्थान फाउंडेशन कोर्स के साथ-साथ बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक समग्र तैयारी कराता है।






# एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने ग्रामीण विकास पहल के तहत 298 सीमावर्ती गांवों को किया कवर

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपनी सीएसआर शाखा परिवर्तन के तहत देश भर में 298 सीमावर्ती गांवों को अपने ग्रामीण विकास पहल के तहत कवर किया है। गांवों के ये समूह असम, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, राजस्थान, सिक्किम, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित हैं। बैंक की योजना आने वाले वर्षों में 150 अतिरिक्त सीमावर्ती गांवों तक अपनी पहुंच बढ़ाने की है। ये पहल केंद्र के बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम में उल्लिखित राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित हैं। उत्तरी और पूर्वोत्तर हिमालयी क्षेत्रों और पश्चिमी रेगिस्तानी इलाकों के साथ सीमावर्ती क्षेत्र के गाँव अक्सर



कठिन भूभाग, आवश्यक सेवाओं तक सीमित पहुंच और अपने दूरस्थ स्थानों के कारण आर्थिक कमज़ोरियों सहित अनूठी चुनौतियों से जूझते हैं। परिवर्तन ने लक्षित आवश्यकता-आधारित हस्तक्षेपों के माध्यम से इन क्षेत्रों में लगभग पांच लाख व्यक्तियों के जीवन को प्रभावित किया है। एचडीएफसी बैंक के कैजाद भरूचा ने कहा, हम प्रौद्योगिकी-सक्षम शिक्षा, बेहतर कृषि उत्पादकता, नवीकरणीय ऊर्जा और आजीविका के अवसरों तक पहुंच प्रदान करके भारत के सीमावर्ती गाँवों में सार्थक प्रभाव पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के साथ तालमेल बिठाकर, हम स्थानीय समुदायों, गैर सरकारी संगठनों और सरकारी निकायों के साथ मिलकर मजबूत, आत्मनिर्भर और जीवंत समुदाय बनाने के लिए सहयोग करते हैं जो भारत के आर्थिक और सामाजिक ताने-बाने में योगदान करते हैं। एचडीएफसी बैंक के नुसरत पठान ने कहा, ग्रामीण विकास के लिए एक समग्र दृष्टिकोण न केवल वांछनीय है, बल्कि खासकर सीमावर्ती क्षेत्रों में अति आवश्यक है। हम सुनिश्चित करते हैं कि एक क्षेत्र में प्रगति दूसरों में सकारात्मक परिणामों को सुदृढ़ और बढ़ाए, जिससे हमारे हस्तक्षेपों का प्रभाव अधिकतम हो।

### फीस जमा नहीं करने पर परीक्षा देने से रोका

**कानपुर।** कानपुर के चौबेपुर से शर्मनाक मामला सामने आया है, जहां एक छात्रा को फीस न जमा करने पर परीक्षा देने से रोक दिया गया। मामला चौबेपुर साईं नर्सिंग कॉलेज का है, जहां प्रबंधन द्वारा अतिरिक्त फीस न जमा करने पर छात्रा को परीक्षा देने से रोका दिया।






**निर्णय** अब जिले में बनेगा इंटेलिजेंस ब्यूरो का केंद्र, चार बीघा भूमि आवंटित

# आतंकियों की सुरक्षित पनाहगाह रहा सहारनपुर

**एजेंसी ■ सहारनपुर**

पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड से सीमाएं सटी होने के कारण गाहे-बगाहे जनपद का आतंकी कनेक्शन उजागर होता रहा है। यूपीएटीएस समेत तमाम सुरक्षा एजेंसियों के बाद इंटेलिजेंस ब्यूरो ने भी सहारनपुर में स्थाई ठिकाने का निर्णय लिया है। यहां खुफिया विभाग का केंद्र बनाने के लिए आवास विकास की शाकंभरी विहार योजना में ब्यूरो ने करीब साढ़े चार बीघा जमीन ली है। नेटवर्क को विस्तार और मजबूती देकर आईबी अब सहारनपुर की सरजमीं से आतंकी गतिविधियों




कमर तोड़ने के लिए काम करेगी। गृह मंत्रालय के अधीन देश की आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदार इंटेलिजेंस ब्यूरो का पश्चिम उत्तर प्रदेश का मुख्य केंद्र मेरठ में स्थापित है। वहीं आइबी जोन के सबसे वरिष्ठतम अधिकारी बैठकर पूरे पश्चिम उत्तर प्रदेश पर नजर रखते हैं। जिलों से मिलने वाले इनपुट के आधार पर लखनऊ-दिल्ली के मशविरे के बाद आगे का एक्शन लिया जाता रहा है।

### आईबी की टॉप लिस्ट में सहारनपुर

पश्चिम में आतंकी कनेक्शन के सहारनपुर सबसे ज्यादा संवेदनशील व आईबी की टॉप लिस्ट में है। इसी के चलते आइबी ने सेंटर बनाने के लिए सहारनपुर में जमीन आरक्षित की है। पंजाब, हरियाणा व उत्तराखंड की सीमा से सटे होने के चलते यह निर्णय बेहद अहम माना जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि यहां आतंकी नेटवर्क तलाशकर ध्वस्त करने के अलावा प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जा सकती है।

**इनका कहना है**

आवास विकास की शाकंभरी विहार योजना में कार्यालय के लिए आईबी को भूमि हस्तांतरित की जा चुकी है। नक्शा स्वीकृति की कार्यवाही कराई जा रही है।

**-सूरजपाल सिंह,** अधिशासी अभियंता यूपी आवास विकास परिषद


**स्वात्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव** के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं गुब्बारा फाटक, जिंसी नाला नं.2 ग्वालियर से प्रकाशित। संपादक गोपाल श्रीवास्तव। **मोबाईल न. 9893126900, 7869966100** स्थानीय संपादक **विनय कुमार अग्रवाल* मोबाईल न. 9425112345** आर.एन.आई. नं. 71276/99 डाक पंजीयन क्रमांक-552 विधिक सलाहकार, श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, सभी विवादों के लिए न्यायालयीन क्षेत्र ग्वालियर मान्य होगा, **शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।** फोन- 0751-4925449, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910